नई दिल्ली
सोमवार 16 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 331
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 27.0
न्यून. 17.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




11 प्रभु ने लगाई 17.05 मीटर की छलांग, जीता सिल्वर


### प्रधानमंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में संसदीय गरिमा के महत्व पर दिया जोर

# प्रधानमंत्री मोदी ने अविश्वास प्रस्ताव के दौरान लोकसभा अध्यक्ष द्वारा दिखाए गए 'धैर्य, संयम और निष्पक्षता' की खूब सराहना की

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पत्र मिलने पर प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त जताया
- बिरला ने लोकसभा में दलों के नेताओं को पत्र लिखा, सदस्यों द्वारा तख्तियों के प्रयोग और अमर्यादित व्यवहार की निंदा की
- लोकसभा अध्यक्ष ने आशा व्यक्त की कि सभी नेता संसद की गौरवशाली परंपराओं को बनाए रखने में पूर्ण सहयोग देंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने संबंधी अविश्वास प्रस्ताव पर पिछले हफ्ते लोक सभा में हुई विस्तृत चर्चा और उसके खारिज होने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को रविवार को पत्र लिखा है। अपने पत्र में प्रधानमंत्री ने अविश्वास प्रस्ताव के दौरान लोक सभा अध्यक्ष द्वारा दिखाए गए 'धैर्य, संयम और निष्पक्षता' की सराहना की। उन्होंने कहा कि सदन ने एक नई राजनीतिक संस्कृति को जन्म दिया है। मोदी ने पत्र में इस बात पर दुख जताया



कि कुछ लोग 'परिवारवादी और सामंती' सोच के कारण लोकतांत्रिक संस्थाओं को अपने सीमित दायरे में रखना चाहते हैं और नए नेतृत्व को स्वीकार नहीं कर पाते। इन्होंने जोर देकर कहा कि कि संसद 'संवाद, तर्क और विचार-विमर्श' का केंद्र है, जहाँ हर क्षेत्र की आवाज को स्थान मिलना चाहिए। बिरला ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के संसदीय लोकतंत्र के नियमों, प्रक्रियाओं और परंपराओं के प्रति उनका हमेशा अटूट विश्वास रहा है। उनका पत्र लोक सेवा के उन उच्चतम नैतिक मूल्यों को व्यक्त करता है, जिन्हें उन्होंने अपने दीर्घ सार्वजनिक जीवन में जिया है; वर्तमान में भारत के प्रधानमंत्री के रूप में तथा इससे पूर्व गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में।

इसके बाद लोक सभा में सभी दलों के नेताओं को भेजे एक पत्र में बिरला ने कहा कि 'पिछले कुछ समय से हमारे कुछ माननीय सदस्यों द्वारा संसद परिसर मे सभागृह के अंदर और सभागृह के बाहर हमारे संसदीय लोकतंत्र की गरिमा और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई जा रही है। सभागृह और संसद भवन परिसर के अंदर जिस प्रकार के बैनर, प्लेकार्ड और तख्तियों को प्रदर्शित किया जा रहा है, जिस प्रकार के शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है, जिस तरह का आचरण और व्यवहार किया जा रहा है, यह हम सभी के लिए गहरी चिन्ता का विषय है। इस स्थिति पर हम सभी को व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से गंभीर चिंतन और विश्लेषण करने की आवश्यकता है।' बिरला ने जोर देकर कहा कि 'हमारे सदन में सदैव मर्यादित चर्चा संवाद की गौरवशाली परंपरा रही है। पूर्व मे भी जब-जब सदन के अंदर आचरण व्यवहार के स्तर मे ह्रास का अनुभव किया गया तब समय-समय पर सभी राजनीतिक दलों तथा अन्य हितधारकों द्वारा सम्मेलन आयोजित किए गए जिनमे हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा और प्रतिष्ठा के संरक्षण और संवर्धन के विषय पर चर्चा संवाद हुआ। पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन मे भी इस विषय पर चर्चा की गई और संकल्प भी पारित किए गए। मैने भी कई बार आपसे कार्य-मंत्रणा समिति एवं राजनीतिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल-सिसोदिया सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

**नई दिल्ली।** दिल्ली एक्साइज पॉलिसी केस में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद



केजरीवाल और मनीष सिसोदिया ने अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 27 फरवरी को केजरीवाल, सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को रिहा किया था। सीबीआई ने हाईकोर्ट में इस फैसले को चुनौती दी। अब 16 मार्च को सुनवाई है।

### दिवंगत अजित पवार की सीट पर 23 अप्रैल को मतदान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उपचुनाव का ऐलान कर दिया है। गोवा, कर्नाटक, नगालैंड और



त्रिपुरा की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए वोटिंग 9 अप्रैल को होगी। गुजरात और महाराष्ट्र की तीन विधानसभा सीटों पर 23 अप्रैल को उपचुनाव होंगे। महाराष्ट्र की बारामती सीट भी शामिल हैं।

### एक अप्रैल से फास्ट टैग एनुअल पास होगा महंगा

**नई दिल्ली।** पिछले साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शुरू किए गए 3000 रुपए के फास्टैग




एनुअल पास जारी हुआ था। अब फास्टैग का एनुअल पास खरीदने के लिए आपको थोड़ी ज्यादा कीमत चुकानी पड़ेगी। एनएचएआई ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए फास्टैग की एनुअल फीस में बदलाव किया है। अब 3000 की जगह 3075 रु.देने होंगे।

### पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुदुचेरी में चुनावी तारीखों का ऐलान

# 4 मई...को पता चल जाएगा कि किसकी सरकार बची, किसकी आई, किसकी गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने रविवार को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव का ऐलान कर दिया। बंगाल में दो फेज 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में सिंगल फेज में चुनाव होंगे। तमिलनाडु में 23 अप्रैल, केरल, असम और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को मतदान होगा।

पांचों राज्यों का रिजल्ट 4 मई को आएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पांच राज्यों-यूटी में 17.4 करोड़ मतदाता हैं। यहां 824 सीटों पर चुनाव होने हैं। इन राज्यों में रविवार से ही आचार संहिता लागू हो गई है। 2021 में इन सभी पांच राज्यों के चुनाव का ऐलान 26 फरवरी को किया गया था। पिछली बार बंगाल में 8 चरणों में चुनाव हुए थे। असम में 3 और तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में सिंगल फेज में वोटिंग हुई थी। पांचों विधानसभाओं का कार्यकाल मई-जून में ▶▶ शेष पेज 5 पर




| राज्य | चरण | मतदान की तारीख | नतीजे |
| --- | --- | --- | --- |
| पश्चिम बंगाल | दो चरण | 23 अप्रैल, 29 अप्रैल | 4 मई 2026 |
| असम | एक चरण | 9 अप्रैल | 4 मई 2026 |
| केरल | एक चरण | 9 अप्रैल | 4 मई 2026 |
| पुदुचेरी | एक चरण | 9 अप्रैल | 4 मई 2026 |
| तमिलनाडु | एक चरण | 23 अप्रैल | 4 मई 2026 |

*मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि आचार संहिता लागू होने के बाद अब कोई राज्य नई घोषणाओं का ऐलान नहीं कर सकता*


1. पांच राज्यों-यूटी में 17.4 करोड़ मतदाता हैं। यहां 824 सीटों पर चुनाव
2. इन राज्यों में रविवार से ही आचार संहिता लागू हो गई
3. पांचों विधानसभाओं का कार्यकाल मई-जून में खत्म हो रहा
4. पिछली बार बंगाल में 8 व असम में 3 चरणों में हुए थे चुनाव

- बंगाल में 23-29 अप्रैल, तमिलनाडु में 23 अप्रैल को मतदान
- बाकी राज्यों में 9 अप्रैल को वोटिंग, सभी के नतीजे 4 मई को




### 4 राज्यों में एसआईआर, तमिलनाडु में सबसे ज्यादा नाम कटे

जिन पांच राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें एसआईआर के बाद तमिलनाडु से सबसे ज्यादा वोटर्स के नाम कटे हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि 27 अक्टूबर 2025 को एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के दौरान राज्य में कुल 6,41,14,587 वोटर थे। करीब चार महीने चली एसआईआर में 74,07,207 लोगों के नाम हटाए गए हैं। राज्य में अब 5,67,07,380 मतदाता पंजीकृत हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल दूसरे नंबर पर है जहां करीब 58 लाख लोगों के नाम कटे हैं। फिर केरल में 8 लाख, असम में 2 लाख और पुडुचेरी में सबसे कम 77 हजार लोगों के नाम एसआईआर प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची से हटाए गए। असम में स्पेशल रिवीजन (एसआर) कराया गया था।




भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार अपने साथियों के साथ

### विश्वकप विजेताओं को बीसीसीआई का सम्मान

# गिल-मंधाना सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, सूर्यकुमार व टीम भी सम्मानित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीसीसीआई के 'नमन' अवॉर्ड 2026 का ओयजन नई दिल्ली में हुआ। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और स्मृति मंधाना को क्रिकेटर ऑफ ईयर का अवॉर्ड दिया गया है। वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम का सम्मान हुआ। इससे पहले चैंपियंस ट्रॉफी की विजेता टीम को सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत में सबसे पहले जूनियर क्रिकेटर आहिरा जाधव और महिला क्रिकेटर शेफाली वर्मा को जगमोहन डालमिया ट्रॉफी दी गई। फिर अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीमें (मेंस, विमेंस) सम्मानित ▶▶ शेष पेज 5 पर

- द्रविड़-मिताली को लाइफटाइम अचीवमेंट
- आयुष म्हात्रे को लाला अमरनाथ अवॉर्ड

#### इनका सम्मान

1. **शुभमन गिलः** सभी फॉर्मेट में 49 की औसत से 1764 रन बनाए, जिसमें सात शतक और तीन अर्धशतक शामिल रहे।
2. **स्मृति मंधाना :** पिछले साल 36 मैचों में 1800 रन बनाए। इनमें 7 शतक शामिल रहे।
3. **राहुल द्रविड़ः** भारतीय क्रिकेट के भविष्य को तैयार करने में अहम भूमिका निभाई।

### सरकार राज्य ने विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा होने से पहले लिया फैसला

## पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार ने पुजारियों और मुअज्जिनों के भत्ते में की 500 रुपये की बढ़ोतरी

> मुझे अपने पुरोहितों और मुअज्जिनों को दिए जाने वाले मासिक मानदेय में 500 रुपये की बढ़ोतरी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही हैः ममता बनर्जी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा होने से पहले रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्ववाली राज्य सरकार ने



पुजारियों (पुरोहितों) और मुअज़्ज़िनों के मासिक मानदेय में 500 रुपये की वृद्धि करने का निर्णय लिया है। यह फैसला राजनीतिक रूप से इसलिए भी अहम है क्योंकि यह चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस से कुछ ही समय पहले आया ▶▶ शेष पेज 5 पर

### असम में बिना किसी गठबंधन के अकेले चुनाव मैदान में उतर रही केजरीवाल की पार्टी

## असम में आम आदमी पार्टी ने जारी की पहली लिस्ट, 14 उम्मीदवारों का दिया टिकट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

असम विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने रविवार को 14 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। आप इस बार असम में बिना किसी गठबंधन के अकेले चुनाव मैदान में उतर रही है। नाओबोइचा विधानसभा से अच्युत दास और डेरगांव से पुलिन गोगोई को आम आदमी पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है, वहीं गोहपुर से जरबोम कुटुम और सेंट्रल गुवाहाटी से अनुरूपा डेकराजा को तो खुमटाई विधानसभा से पार्टी ने आशीष हजारिका पर दांव लगाया है। इसके अलावा सिबसागर से तपन गोगोई और रोंगापाड़ी से टिकेंद्र थापा को आम आदमी पार्टी ने चुनावी मैदान में उतारा है। आम आदमी पार्टी ने चेंगा विधानसभा से जाहिदुल इस्लाम खान ▶▶ शेष पेज 5 पर

### देश में पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं, इसलिए घबराकर खरीदारी न करें

## केंद्र ने कहा-ऑनलाइन बुकिंग 87 फीसदी हुई 30 राज्यों में कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई

- रिफाइनरियां पूरी क्षमता से कार्यरत
- कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार
- हर पेट्रोल पंप पर पर्याप्त तेल
- गैर एजेंसी पर सिलेंडरों की कमी नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने देश में ईंधन की स्थिति को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। सरकार ने कहा है कि पेट्रोल, डीजल, गैस और एलपीजी की आपूर्ति सामान्य है और देश में इनकी पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। देश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार भी रखा गया है। भारत पेट्रोल और डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है और घरेलू मांग को पूरा करने के लिए इन दोनों ईंधनों का आयात करने की जरूरत नहीं है। अब तक किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन खत्म होने की कोई घटना सामने नहीं आई है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे घबराकर पेट्रोल या डीजल की ज्यादा खरीदारी न करें, क्योंकि देशभर में इनकी पर्याप्त उपलब्धता है। सरकार के अनुसार पहले सिलेंडर की ▶▶ शेष पेज 5 पर

### चुनावी मौसम में राहुल गांधी को आई कांशीराम की याद, भारत रत्न देने की मांग

## कांशीराम को भारत रत्न देने की मांगः राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बहुजन आंदोलन के प्रमुख



नेता और बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम को मरणोपरांत भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कांशीराम के योगदान को देखते हुए उन्हें यह सम्मान देने का आग्रह किया है। यह बात अलग है की वर्ष 2006 में कांशीराम के इंतकाल तक उन्हें तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने पद्मश्री लायक भी नहीं समझा। अचानक राहुल गांधी ने भारत रत्न देने की मांग की जाहिर है इसके पीछे चुनावी मौसम में वोटों का गणित है। राहुल गांधी ने 15 मार्च को लिखे अपने पत्र में कहा कि आज कांशीराम की जयंती के अवसर पर उनके जीवन, विचारों और योगदान को याद करते हुए यह मांग करना उचित होगा कि उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने भारतीय राजनीति की दिशा और स्वरूप को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

राहुल गांधी ने अपने पत्र में लिखा कि कांशीराम ने अपने आंदोलनों के माध्यम से बहुजन समाज और गरीब वर्गों में राजनीतिक जागरूकता पैदा की। उन्होंने लोगों को यह अहसास कराया कि उनका वोट, उनकी आवाज ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एनडीए सभी पांचों सीटों पर जीत दर्ज करने की स्थिति में

बिहार विस में 243 सदस्य हैं मौजूदा स्थिति में एनडीए के पास 202 विधायकों का समर्थन है

## बिहार राज्यसभा चुनावः ओवैसी ने गुगली फेंकी तो विनर होंगे एनडीए के पांचों प्रत्याशी, फैसला आज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में आगामी राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। विपक्ष जहां पांचवीं सीट के लिए पूरी ताकत लगा रहा है, वहीं सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन सभी पांचों सीटों पर जीत दर्ज करने की स्थिति में दिखाई दे रहा है। विपक्षी खेमे की रणनीति में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमएमएएम) की भूमिका अहम मानी जा रही है, जिससे राजनीतिक समीकरण और जटिल हो गए हैं। राजद ने पांचवीं सीट के लिए अपने



उम्मीदवार उद्योगपति ए. डी. सिंह को मैदान में उतारा है और विपक्षी दलों को एकजुट करने की कोशिश में जुटी है। लेकिन एनडीए ने अपनी रणनीति के तहत अपने सहयोगी दल राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा को चौथे उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतार दिया है, जिससे मुकाबला और रोचक हो ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### जीत के लिए जरूरी आंकड़

राज्यसभा चुनाव में एक उम्मीदवार को जीतने के लिए 41 विधायकों के वोट की आवश्यकता होती है। बिहार विधानसभा में कुल 243 सदस्य हैं। मौजूदा स्थिति में एनडीए के पास 202 विधायकों का समर्थन है, जिससे उसके चार उम्मीदवारों की जीत लगभग तय मानी जा रही है। हालांकि पांचवीं सीट के लिए भी एनडीए की स्थिति मजबूत बताई जा रही है।

#### महागठबंधन की चुनौती

महागठबंधन के पास फिलहाल 35 विधायक हैं और उसे अपना दूसरा उम्मीदवार जिताने के लिए कम से कम छह अतिरिक्त विधायकों के समर्थन की जरूरत होगी। इस कारण विपक्ष विभिन्न छोटे दलों और निर्दलीय विधायकों से समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहा है।

#### प्रतिष्ठा की लड़ाई

राज्यसभा की ये सीटें उन सांसदों के सेवानिवृत्त होने के कारण खाली हो रही हैं, जिनमें प्रेम चंद गुप्ता, ए. डी. सिंह, हरिवंश नारायण सिंह, रामनाथ ठाकुर और उपेन्द्र कुशवाहा शामिल हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह चुनाव दोनों खेमों के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है। एनडीए जहां सभी पांच सीटें जीतकर राज्यसभा में अपनी ताकत बढ़ाना चाहता है, वहीं महागठबंधन के लिए कम से कम एक सीट जीतना राजनीतिक संदेश देने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## बिहार में डिलीवरी एजेंट की हत्या का आरोपी अरेस्ट

**नई दिल्ली।** बिहार के गत वर्ष के एक हत्या मामले में वांछित आरोपी को पांच महीने के बाद दिल्ली पुलिस की एजीएस, क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के लिये टिप बिहार पुलिस से मिली थी। आरोपी बाबुल कुमार तीन जघन्य मामलों में शामिल रहा है। पुलिस के अनुसार बिहार के महिंदवारा पुलिस स्टेशन में 29 अगस्त 2025 को हत्या का केस दर्ज किया गया था। मृतक राहुल कुमार एक डिलीवरी एजेंट था और अपने काम से घर लौट रहा था। आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके साथ लूटपाट की थी। जब राहुल ने विरोध किया तो उसे मौके पर ही गोली मार दी गई थी। आरोपी का नाम बाबुल कुमार बताया गया है।

इसे दिल्ली के किराड़ी, सुलेमान नगर के घनी आबादी वाले इलाके से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को बिहार पुलिस के हवाले कर दिया गया है। बाबुल कुमार ने साल 2023 में पहला अपराध किया था। इसके लिए उसे जेल भेजा गया था। जेल से बाहर आने के बाद भी उसने अपने साथियों के साथ मिलकर आपराधिक गतिविधियां जारी रखी। दिल्ली में आरोपी वेल्डर के तौर पर काम कर रहा था।

## दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची

# नेचर बाजार में आग से 50 दुकानें जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण दिल्ली के अंधेरिया मोड़ इलाके में स्थित नेचर बाजार, दिल्ली हाट छतरपुर में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। इस घटना में करीब 50 दुकानें जलकर खाक हो गई। आग बुझाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया गया। आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार आग लगने की सूचना सुबह 7:37 बजे मिली। सूचना मिलते ही आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर भेजी गई। घटना में किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लाडो सराय क्षेत्र में अंधेरिया मोड़ के पास स्थित नेचर बाजार में लगी थी, जहां हस्तशिल्प और अन्य सामान बेचने वाली कई अस्थायी और अर्ध-स्थायी दुकानें स्थित थी। घटना के बाद आग तेजी से कई दुकानों में फैल गई, जिससे बाजार परिसर से धुएं के गुबार उठते देखे गए। उधर पुलिस ने बताया कि पीसीआर के माध्यम से आग की सूचना सात बजकर 33 मिनट पर मिली थी। महरौली थाने की पुलिस तुरंत अंबेडकर कॉलोनी, छतरपुर मौके पर पहुंची। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने के कारणों की पड़ताल पुलिस कर रही है।

## होटल में डकैती केस में वांछित आरोपी पकड़ा

**नई दिल्ली।** पालम इलाके में गत वर्ष एक होटल में डकैती और तोड़फोड़ के मामले में वांछित 26 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शख्स का नाम महेश उर्फ गंजा है। इसे पालम गांव थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 28 सितंबर 2025 को पांच से छह नकाबपोश लोग लोहे की छड़ों के साथ पालम गांव स्थित एक होटल में दाखिल हुये थे। होटल संचालक की शिकायत के अनुसार आरोपियों ने होटल में तोड़फोड़ की और वहां मौजूद कर्मचारियों के साथ मारपीट की। शिकायत काउंटर से करीब दो लाख रुपये लूटने और सबूत मिटाने के इरादे से सीसीटीवी कैमरे का डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) उठा ले जाने की भी थी। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान रितिक, मोहम्मद लड़ाका, प्रकाश उर्फ चीनू, राकेश और मोहम्मद इबरार को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन महेश फरार था। आरोपी आठवीं तक पढ़ा है और एयरपोर्ट के पास एक निजी कंपनी में काम करता था। बाद में वह ऐप संचालित कैब सेवा के लिए बाइक चलाने लगा और इसी दौरान स्थानीय अपराधियों के संपर्क में आया था।

## आसान लोन का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाली महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मध्य जिले की साइबर पुलिस ने सोशल मीडिया मंच के माध्यम से आसान लोन का प्रलोभन देकर ठगी करने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। 40 वर्षीय तिलक नगर निवासी सतविंदर कौर नामक इस महिला ने एक व्यक्ति से कथित तौर पर 20 हजार रुपये की ठगी की थी।

पुलिस के अनुसार पीड़ित ने फर्जी लोन का प्रलोभन देकर ठगी की शिकायत 13 मार्च को दर्ज कराई थी। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने शिकायतकर्ता से एक फोन नंबर पर संपर्क किया और खुद को लोन दिलाने में मदद करने वाले के तौर पर पेश किया। महिला ने सबसे पहले 25 अप्रैल, 2025 को शिकायतकर्ता से इसी तरह के प्रस्ताव के साथ कथित तौर पर संपर्क किया था, जिसे पीड़ित ने उस समय अस्वीकार कर दिया था। हालांकि आरोपी ने 16 जनवरी 2026 को फिर से संपर्क करने के बाद उसे लोन सुविधा का लाभ उठाने के लिए राजी कर लिया। उसने शिकायतकर्ता को कथित तौर पर बताया कि लोन राशि का पांच प्रतिशत धन प्रक्रिया शुल्क अग्रिम रूप से देना होगा। सौदेबाजी के बाद आरोपी तीन प्रतिशत शुल्क स्वीकार करने के लिए सहमत हो गई और शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये ट्रांसफर करने को कहा। पैसा मिलने के तुरंत बाद आरोपी ने शिकायतकर्ता के फोन और संदेशों का जवाब देना बंद कर दिया। महिला को तिलक नगर से गिरफ्तार किया गया।

## बवाना हत्याकांड में वांछित एक और आरोपी दबोचा

**नई दिल्ली।** बवाना इलाके में हत्या के एक मामले में वांछित 24 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पूठ खुर्द गांव निवासी योगी उर्फ देवराज डबास ने अपने साथियों के साथ मिलकर आठ मार्च को भूपेंद्र उर्फ भोलू (24) की राज वाटिका के पास गोली मारकर हत्या कर दी थी। यह हत्या पुरानी रंजिश के चलते की गई थी।

पीसीआर को सूचना मिली थी कि पूठ खुर्द इलाके में राज वाटिका के पास एक व्यक्ति को गोली मार दी गई है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को एक स्कूटर के पास गोली लगने से घायल व्यक्ति बेहोश अवस्था में पड़ा मिला। घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान शनिवार को नजफगढ़ क्षेत्र के छावला बस अड्डे से इसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथियों निखिल, सुमित और एक नाबालिग के साथ मिलकर राज वाटिका के पास भूपेंद्र को मारा था। पुलिस के अनुसार संपत्ति विवाद से जुड़ी पुरानी रंजिश के चलते भूपेंद्र की हत्या की थी। मामले में शामिल नाबालिग और निखिल को पहले ही पकड़ा जा चुका है। सुमित अब भी फरार है।

## एएनटीएफ टीम द्वारा विशेष संयुक्त प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पुलिस मुख्यालय के आदर्श ऑडिटोरियम में दिल्ली पुलिस के जांच अधिकारियों (आईओ) के लिए एक महत्वपूर्ण संयुक्त प्रशिक्षण सत्र का आयोजन हाइब्रिड मोड में किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में कुल 611 अधिकारियों (209 भौतिक एवं 402 वर्चुअल माध्यम से) ने भाग लिया। इनमें उप निरीक्षक से लेकर सहायक आयुक्त पुलिस स्तर तक के अधिकारी, ड्यूटी अधिकारी और एमएचसी शामिल थे।

क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत प्रभावी कार्रवाई कर रही है। इसके साथ साथ जागरूकता, आवेशपूर्ण एवं साइकोलॉजिकल स्केल जैसे विभिन्न आयामों पर भी एक समग्र एवं बहुउद्देश्यीय रणनीति के तहत काम किया जा रहा है। सभी अधिकारियों से यह तय किया गया है कि वे इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करें और यह सुनिश्चित करें कि एनडीपीएस अधिनियम के प्रत्येक प्रकरण के अंतर्गत दस्तावेज और ठोस साक्ष्य



सत्र को संबोधित करते हुये एसीपी अनिल शर्मा।

आधारित हों। विशेष रूप से वाणिज्यिक मात्रा से संबंधित एनडीपीएस मामलों में वित्तीय जांच बल की आवश्यकता पर जोर दिया गया, ताकि मादक पदार्थ तस्करों को कानूनी रूप से आर्थिक क्षति पहुंचाई जा सके और वे इस अपराध से दूर रहें। इसके अतिरिक्त, पीआईटीएनडीपीएस अधिनियम के तहत नशा तस्करों के खिलाफ अधिक से अधिक प्रस्ताव तैयार कर डिटेंशन ऑर्डर जारी करने पर भी बल दिया गया।

## अंतरर्राज्यीय नशीली दवाओं की सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़, चार अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ भारी मात्रा में नशीली दवाएं बरामद

क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंज-1 टीम ने नशीली दवाओं की अवैध सप्लाई में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं बरामद की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार एजीएस टीम को संगठित अपराधों के बारे में खुफिया जानकारी जुटाने के लिए तैनात किया गया था। शास्त्री पार्क स्थित बाबा श्यामगिरी मंदिर के पास एक मुखबिर से सूचना मिली कि सोनिया विहार का रहने वाला विपिन कुमार पाल अल्प्राजोलम और ट्रामाडोल जैसी नशीली दवाओं की अवैध सप्लाई के धंधे में लिप्त है। मुखबिर ने यह भी बताया कि विपिन पंजाब के पटियाला के रहने वाले सलमान को शाम 7:30 बजे से 8:30 बजे के बीच युधिष्ठिर सेतु (यमुना पुल) के पास कश्मीर गेट की तरफ दवाओं की एक खेप सौंपने वाला है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए जाल बिछाया गया। रात लगभग 8:25 बजे विपिन कुमार पाल (31) एक प्लास्टिक के बोरे के साथ फुटपाथ पर खड़ा दिखाई दिया। कुछ ही देर बाद सलमान (35) एक ऑटो-रिक्शा में वहां पहुंचा। जब विपिन ने वह बोरा सलमान को सौंपा तो पुलिस टीम ने तुरंत दोनों को दबोच लिया। बोरे की तलाशी लेने पर उसमें से अल्प्राजोलम टैबलेट (0.5एमजी) के 100 डिब्बों वाला एक कार्टन बरामद किया गया। गिनती करने पर 59,925 गोलियां मिली। आरोपी नशीली दवाओं के लिए कोई वैध बिल या पर्चा पेश नहीं कर सके। रोहिणी से एफएसएल टीम और ड्रग इंस्पेक्टरों को मौके पर बुलाया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि यह खेप मुजफ्फरनगर के रहने वाले अब्दुल रहमान उर्फ रेहान नाम के एक व्यक्ति के माध्यम से मंगवाई गई थी और इसे बरनाला, पंजाब में एक अन्य साथी 'मनी' तक पहुंचाया जाना था। आगे की जांच के दौरान आरोपी अब्दुल रहमान और रवि गर्ग को भी गिरफ्तार किया गया। वे वर्तमान में चार दिनों की पुलिस हिरासत या रिमांड पर हैं। उनकी निशानदेही पर **Rexogesic** (**Buprenorphine**) इंजेक्शन बरामद हुए, जो एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत आते हैं। कुल 2000 इंजेक्शन (80 बॉक्स) लगभग 4000 एमएल जब्त किए गए।


## सार्वजनिक सूचना

M/s MRG Ecoworld LLP ने डायरेक्टोरेट टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, चंडीगढ़, हरियाणा के समक्ष सेक्टर 90, गुरुग्राम में "MRG Primark" नाम से किफायती समूह आवास सोसायटी (Affordable Group Housing Society) के लिए भवन योजना (Building Plan) के संशोधन हेतु आवेदन किया था, जो कि लाइसेंस संख्या 38 of 2021 दिनांक 19.07.2021 के अंतर्गत, गांव बढा, सेक्टर 90, गुरुग्राम की राजस्व सीमा में स्थित भूमि पर किफायती आवास कॉलोनी स्थापित करने के लिए है।

जहां तक कि, DTCP, चंडीगढ़, हरियाणा द्वारा मेमो संख्या ZP-1483/SD(RD)/2026/ 8269 दिनांक 10.03.2026 के माध्यम से संशोधित भवन योजना को सिद्धांततः (in-principal) स्वीकृति प्रदान की गई है तथा भवन योजना में किए गए विचलन/परिवर्तनों के संबंध में सभी वर्तमान आवंटियों (existing allottees) से आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। तदनुसार, इस विज्ञापन के माध्यम से उक्त कॉलोनी की भवन योजना में किए गए विचलन/परिवर्तनों के संबंध में सभी वर्तमान आवंटियों से आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित किए जाते हैं। पूर्व में स्वीकृत भवन योजना तथा संशोधित भवन योजना में किए गए विचलन/परिवर्तनों की प्रति हमारी वेबसाइट www.mrggroupindia.com पर उपलब्ध है। उक्त योजनाओं का अवलोकन डेवलपर के कॉर्पोरेट कार्यालय, अर्थात 9th Floor, IREO Grand View Tower, Golf Course Extension Road, Sector 58, Gurugram, Haryana – 122102, STP कार्यालय, गुरुग्राम, तथा डेवलपर के साइट कार्यालय में भी किया जा सकता है। यदि किसी आवंटी को परियोजना की भवन योजना में किए गए विचलन/परिवर्तनों के संबंध में कोई आपत्ति/सुझाव हो, तो वह इस सार्वजनिक सूचना के जारी होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर STP कार्यालय, HUDA Complex, Sector 14, Gurugram में अपनी आपत्ति/सुझाव प्रस्तुत कर सकता/सकती है। अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि परियोजना की भवन योजना में किए गए विचलन/परिवर्तनों के संबंध में किसी भी आवंटी को कोई आपत्ति नहीं है।

यह सूचना दिनांक 16 मार्च 2026 को जारी की गई।

हस्ताक्षरित /-
मैसर्स एमआरजी इकोवर्ल्ड एलएलपी
गुरुग्राम


## रसोई गैस की कमी से अटल कैंटीन, रैन बसेरों के लाखों आश्रित मर रहे भूखे, सब ठीक कैसे: यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाए है कि भाजपा के राज में रोजगार नहीं, महंगाई पर नियंत्रण नहीं और अब सिलेंडर नहीं मिलने से लोगों को खाना तक भी नहीं मिल रहा है। यादव ने कहा कि एलपीजी सिलेंडर की कमी से अटल कैंटीन और रैन बसेरों के गरीब आश्रितों को खाना मिलना लगभग बंद हो रहा है। जबकि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता लोगों को झूठा दिलासा दे रहे है कि पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी नहीं है। जबकि सरकारी योजना के तहत 5 रुपये में मिलने वाली थाली के लिए अटल कैंटीन पर लोगों की भीड़ चार गुणा हो चुकी है। जबकि सिलेंडर की कमी के कारण दिल्ली सरकार की 71 अटल कैंटीन एक दिन में सुबह और शाम 1000 लोगों को मुश्किल से खाना मुहैया करा पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यही हाल दिल्ली सरकार के रैन बसेरों का है। यहां गैस सिलेंडर की सप्लाई ठप्प होने के कारण आधे से अधिक आश्रितों को प्रशासन पर्याप्त खाना नही दे पा रहा है। यादव का आरोप है कि दिल्ली सरकार के अधिकतर रैन बसैरों में लगभग 2 हफ्ते से सिर्फ 40 प्रतिशत लोगों को ही खाना दिया जा रहा है। यही नही रैन बसैरों में लोगों को रात में भूखे ही सोने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नरेला, मंगोलपुरी, हैदरपुर, बुध विहार, इंद्रपुरी, गीता कॉलोनी, झिलमिल, आर.के. पुरम सहित अधिकतम संख्या में अटल कैंटीन गरीब और जरूरतमंद लोगों को खाना नहीं मिल पा रहा है। अटल कैंटीन चलाने वाले भाजपा के लोग सिलेंडर न मिलने के कारण अपने को असहाय बता रहे है।

## आम आदमी पार्टी ने 'गैस सिलेंडर शोभा यात्रा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने दिल्ली के हर वार्ड में 'गैस सिलेंडर शोभा यात्रा' निकाल कर भाजपा सरकार पर जबरदस्त हल्ला बोला। रविवार को गैस सिलेंडर शोभा यात्रा को लेकर सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में 250 जगहों पर गैस सिलेंडर शोभायात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि अब गैस सिलेंडर के दुर्लभ दर्शन के लिए लोगों में काफी उत्साह है। भाजपा सरकार की फेल विदेश नीति ने आज देश के ये हालात कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि घोड़ा गाड़ी पर सजे सिलेंडर, 'जब-जब भाजपा आई है, लोगों की लाइन लगवाई है' के पम्पलेंट्स हाथों में लिए, ढोल नगाड़ों के साथ कार्यकर्ताओं ने शोभा यात्रा निकाली। वहीं, पूर्वी दिल्ली के त्रिलोकपुरी में शोभा यात्रा निकालने के दौरान विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार ने अमेरिका के आगे नतमस्तक होकर सरेंडर कर दिया है। उनकी इन्हीं गलत विदेश नीतियों की वजह से आज देश को गैस की भारी किल्लत झेलनी पड़ रही है। एक तरफ भाजपा सरकार कह रही है कि देश में गैस की कोई कमी नहीं है और दूसरी तरफ सड़कों पर लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं।


### एलपीजी काला बाजारियों के लिए उपयुक्त वातावरण बना रहे आप नेता : सचदेवा

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली में आम आदमी पार्टी द्वारा निकाली गई सिलेंडर यात्रा को लेकर दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि "आप" नेताओं की ओछी राजनीति का प्रमाण है और ऐसी यात्रा निकाल कर "आप" नेता एलपीजी कालाबाजारियों के लिए उपयुक्त वातावरण निर्मित कर रहे हैं। सचदेवा ने त्रिलोकपुरी क्षेत्र में गैस सिलेंडर की कमी को लेकर निकाली गई प्रदर्शन यात्रा की कड़ी आलोचना की। सचदेवा ने कहा कि भारत के कुछ राजनीतिक दलों के दुष्प्रचार से कुछ लोगों के दिल दिमाग में कुकिंग गैस की कमी का भ्रम घर कर गया है और वह पैनिक बुकिंग करवा रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि नोटबंदी एवं कोविडकाल की तरह आज भी देश का सामान्य नागरिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विश्वास कर उनके साथ खड़ा है "आप" नेता उन्हे भ्रमित नहीं कर पायेंगे।

# दिल्ली मेट्रो: 2025 में रिकॉर्ड 235.8 करोड़ यात्रियों ने किया सफर, पर्यावरण बचाने में अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ दिल्ली- एनसीआर में 343 ट्रेन रोज 416 किलोमीटर लंबी पटरियों पर करती है 4,508 ट्रेन यात्राएं



दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) की मेट्रो रेल ने गत वर्ष 2025 में 235.8 करोड़ लोगों को यात्रा कराने का नया रिकॉर्ड बनाया है। यह आंकड़ा इस बात का भी सूचक है कि मेट्रो, पर्यावरण बचाने में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। दिल्ली मेट्रो कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर की नई जीवन रेखा बन चुकी मेट्रो रेल ने यात्रियों का नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने बताया कि मेट्रो रेल ने गत वर्ष 2025 में 235.8 करोड़ लोगों को यात्रा कराई। यह आंकड़ा साबित करता है कि मेट्रो रेल अब दिल्ली-एनसीआर की नई जीवनरेखा बन गई है। इसलिए भारत के शहरी मास ट्रांजिट नेटवर्क की रीढ़ के रूप में अब मेट्रो सेवा को माना जा रहा है। दयाल ने बताया कि गत रविवार 8 मार्च 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली मेट्रो की पिंक और मैजेंटा लाइन के दो नए सेक्शनों के उद्घाटन के साथ ही डीएमआरसी भारत के सबसे बड़े परिचालनिक मेट्रो नेटवर्क के रूप में अपनी स्थिति स्थापित कर चुका है। इस विस्तार के साथ, भारत अब विश्व का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बन चुका है, जिसमें 26 शहरों में 1,143 किलोमीटर से अधिक हैं और प्रतिदिन लगभग 1.15 करोड़ यात्री इनका उपयोग करते हैं। अकेले दिल्ली मेट्रो ही देश भर में मेट्रो सिस्टम द्वारा होने वाली दैनिक यात्राओं का 55 प्रतिशत से अधिक हिस्सा संभालती है। उन्होंने कहा कि देश में 1,143 किमी परिचालन मेट्रो नेटवर्क में से, अकेले दिल्ली-एनसीआर में लगभग 416 किलोमीटर लंबा है, जिसमें 303 स्टेशन शामिल हैं। इसमें लगभग 29 किलोमीटर की नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो 21 स्टेशन और 13 किलोमीटर की रैपिड मेट्रो गुरुग्राम 12 स्टेशन भी शामिल हैं। यह दिल्ली को नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम जैसे प्रमुख एनसीआर शहरों से जोड़ती हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली मेट्रो 343 ट्रेनों यानी कुल 2368 कोच का संचालन करती है और इनकी प्रतिदिन लगभग 4,508 ट्रेन यात्राएं होती है। इस प्रकार मेट्रो ट्रेनें प्रतिदिन लगभग 1,40,112 ट्रेन किलोमीटर दूरी तय करती हैं। यह उच्च-आवृत्ति और विश्वसनीय सेवाएं सुनिश्चित करती है। दयाल का दावा है कि दिल्ली मेट्रो में समय की पाबंदी लगभग 99.9 प्रतिशत है, जिससे यह विश्व की सबसे विश्वसनीय मेट्रो प्रणालियों में से एक है। दिल्ली मेट्रो में कोविड से प्रभावित वर्षों 2020-2022 के बाद लगातार यात्री वृद्धि हुई है। पिछले दो वर्षों में दर्ज़ यात्री यात्राएं इस बात का प्रमाण हैं कि यह लाजवाब यात्री सेवा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में 2,283.5 मिलियन यानी लगभग 228.3 करोड़ यात्री यात्राएं दर्ज हुई। इसे यूं कहे कि 2024 में प्रतिदिन लगभग 62.39 लाख लोगों ने यात्रा की। जबकि इसमें बढ़त दर्ज हुई और वर्ष 2025 में यह आंकड़ा बढ़कर 2,358.03 मिलियन यानी लगभग 235.8 करोड़ यात्री ने लाभ उठाया। दयाल का कहना है कि पिछले दो वर्षों के आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि दिल्ली मेट्रो नेटवर्क पर यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वर्ष 2024 में सबसे अधिक यात्री यात्रा 18 नवंबर 2024 को दर्ज हुई, जब 78 लाख 67 हजार 649 यात्रियों ने यात्रा की। इसके बाद 8 अगस्त 2025 को अब तक का सबसे अधिक यात्री रिकॉर्ड बना, जब एक ही दिन में 81 लाख 87 हजार 674 यात्रियों ने यात्रा की। उन्होंने बताया कि दिल्ली मेट्रो न केवल भारत की सबसे बड़ा ड्राइवरलेस मेट्रो नेटवर्क है, बल्कि संभवत दुनिया की सबसे बड़ी ड्राइवरलेस मेट्रो प्रणाली भी है। वर्तमान में जिसका विस्तार कुल मिलाकर लगभग 121 किलोमीटर का हो चुका है। फिलहाल पिंक लाइन मजलिस पार्क से मौजपुर-बाबरपुर- शिव विहार सेक्शन 71.55 किलोमीटर, मजेंटा लाइन कृष्णा पार्क एक्सटेंशन से बॉटेनिकल गार्डन और दीपाली चौक से मजलिस पार्क तक 49.19 किलोमीटर शामिल है। इन दोनों लाइनों के लिए कुल 80 ड्राइवरलेस ट्रेनें हैं, जो डीएमआरसी द्वारा उन्नत ऑटोमेशन और वैश्विक मानक वाली मेट्रो तकनीक को अपनाने को दर्शाती हैं। दयाल ने बताया कि नेटवर्क को और मजबूत करने के लिए, फेज़-चार के प्राथमिकता वाले कॉरिडोर निर्माणाधीन हैं। भविष्य की परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए चरणबद्ध तरीके से 52 नई ट्रेनों की खरीद की जा रही है, जिनमें से 18 ट्रेनें डिलीवरी हो चुकी हैं।


पावरग्रिड POWERGRID

### सूचना

1. उपर्युक्त नामित याचिकाकर्ता द्वारा 2019–24 अवधि के लिए ट्रू–अप ट्रांसमिशन टैरिफ के निर्धारण तथा 2024–29 टैरिफ ब्लॉक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ के निर्धारण के संबंध में निम्नलिखित परिसंपत्तियों हेतु केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष ट्रू–अप याचिका दायर की गई है: **परिसंपत्ति–1:** संयुक्त परिसंपत्ति जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं **क)** 400केवी डी/सी भडला (पावरग्रिड) – भडला (आरवीपीएनएल) सर्किट–1 एवं 2, संबंधित बे सहित; **ख)** भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में 400 केवी, 125 एमवीएआर बस रिएक्टर (1 संख्या), संबंधित बे सहित; **ग)** भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में 400केवी, 500 एमवीए आईसीटी–2, संबंधित बे सहित; **घ)** भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में 220 केवी, अदानी भडला (पूलिंग स्टेशन) लाइन–1 बे **परिसंपत्ति–2:** भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में 220 केवी सौर ऊर्जा लाइन–2 बे। **परिसंपत्ति–3:** भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में 500 एमवीए आईसीटी–3, संबंधित बे सहित। **परिसंपत्ति–4:** भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में 500 एमवीए आईसीटी–1, संबंधित बे सहित। **परिसंपत्ति–5:** भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में 220 केवी लाइन बे (205 एवं 206) – 2 संख्या। **परिसंपत्ति–6:** भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में 400 केवी लाइन बे – 02 संख्या। **परिसंपत्ति–7:** संयुक्त परिसंपत्ति जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं– **क)** 765केवी डी/सी भडला (पावरग्रिड) – बीकानेर (पावरग्रिड), इसके साथ 240 एमवीएआर स्विचेबल लाइन रिएक्टर – 2 संख्या (संबंधित बे सहित) भडला (पावरग्रिड) एस/एस पर तथा 240 एमवीएआर स्विचेबल लाइन रिएक्टर – 2 संख्या (संबंधित बे सहित) बीकानेर (पावरग्रिड) एस/ए पर; **ख)** 765/400केवी, 1500 एमवीए आईसीटी–1, 2 एवं 3, संबंधित बे सहित, भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में; **ग)** 240एमवीएआर बस रिएक्टर–1 संख्या, संबंधित बे सहित, भडला (पावरग्रिड) उपकेंद्र में; उक्त सभी **याचिका–1: उत्तरी क्षेत्र में भडला स्थित सौर ऊर्जा पार्क हेतु ट्रांसमिशन प्रणाली के अंतर्गत आते हैं।**

2. उक्त ट्रांसमिशन प्रणाली के लाभार्थी निम्नलिखित हैं: (क) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ख) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ग) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (घ) पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कॉरपोरेशन लिमिटेड (ड.) हरियाणा पावर परचेज सेंटर (च) जम्मू एवं कश्मीर पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (छ) उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (ज) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (झ) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (ञ) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (ट) चंडीगढ़ विद्युत विभाग (ठ) उत्तरांचल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (ड) नॉर्थ सेंट्रल रेलवे (ढ) न्यू दिल्ली म्युनिसिपल काउंसिल (ण) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (त) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (थ) एचवीपीएनएल (द) सूर्य ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड (ध) अदानी रिन्यूएबल प्राइवेट लिमिटेड (न) एस्सेल सौर्य ऊर्जा कंपनी ऑफ राजस्थान लिमिटेड (प) फतेहगढ़ भडला ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

3. 2019.24 टैरिफ ब्लॉक के लिए टैरिफ का विवरण: (रु लाख में)

| परिसंपत्ति | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| परिसंपत्ति-1 | 1867.13 | 2014.71 | 1996.80 | 2107.20 | 2198.50 |
| परिसंपत्ति-2 | 51.83 | 70.67 | 77.94 | 81.51 | 85.06 |
| परिसंपत्ति-3 | 501.08 | 574.97 | 573.39 | 608.75 | 640.81 |
| परिसंपत्ति-4 | 457.07 | 556.31 | 555.33 | 588.02 | 617.90 |
| परिसंपत्ति-5 | 70.50 | 135.32 | 145.03 | 149.50 | 153.96 |
| परिसंपत्ति-6 | 80.82 | 180.19 | 179.09 | 186.30 | 193.35 |
| परिसंपत्ति-7 | 7292.63 | 16317.62 | 16105.55 | 16896.31 | 17554.48 |

ब्लॉक 2024–29 का टैरिफ:

| परिसंपत्ति | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|
| परिसंपत्ति-1 | 2081.64 | 2072.09 | 2051.53 | 2037.59 | 2003.56 |
| परिसंपत्ति-2 | 79.65 | 79.62 | 78.53 | 77.89 | 76.08 |
| परिसंपत्ति-3 | 545.44 | 549.27 | 548.28 | 549.76 | 552.66 |
| परिसंपत्ति-4 | 523.01 | 527.64 | 52749 | 529.59 | 533.13 |
| परिसंपत्ति-5 | 144.91 | 145.36 | 137.08 | 133.09 | 128.87 |
| परिसंपत्ति-6 | 183.04 | 185.01 | 183.43 | 183.35 | 175.15 |
| परिसंपत्ति-7 | 16109.98 | 15954.13 | 15724.78 | 15522.14 | 15285.30 |

4. टैरिफ के निर्धारण हेतु दायर याचिका की एक प्रति वेबसाइट **www.powergrid.in** पर उपलब्ध है।

5. याचिका में निहित टैरिफ निर्धारण के प्रस्तावों पर यदि किसी व्यक्ति, जिसमें लाभार्थी भी शामिल हैं, को कोई सुझाव अथवा आपत्तियाँ प्रस्तुत करनी हों, तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर आयोग के ई– पोर्टल के माध्यम से, उसकी एक प्रति याचिकाकर्ता को प्रेषित करते हुए, दाखिल कर सकते हैं।

स्थान: गुरूग्राम
दिनांक: 16.03.2026

हस्ता./–
महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
**पंजीकृत कार्यालय:** बी–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
**केन्द्रीय कार्यालय:** "सौदामिनी", प्लॉट नं.–2, सैक्टर–29, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
वेबसाइट: www.powergrid.in, सीआईएन: L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न उद्यम

PG/CC/Notice-98/Advt-119/2025-26 Centum

## खबर संक्षेप



### विधानसभा अध्यक्ष ने 'मदन दास देवी भवन' का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने राजपुरा गुरमंडी स्थित उपासना कुंज में आयोजित कार्यक्रम में "मदन दास देवी भवन" का उद्घाटन किया तथा 'चौपाल' द्वारा आयोजित 159वें माइक्रो लोन वितरण समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चौपाल जैसी पहलें समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण, परिवारों की आर्थिक स्थिरता और बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से न केवल गरीब परिवारों को संबल मिलता है, बल्कि उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर भी प्राप्त होता है। गुप्ता ने कहा कि साप्ताहिक बाज़ारों में कार्यरत छोटे विक्रेताओं और महिलाओं को शोषणकारी उधारी से संरक्षण मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाज़ारों में छोटे स्तर पर आजीविका चलाने वाली महिलाओं के लिए निष्पक्ष ऋण केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि गरिमा के साथ जीवन जीने, बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने और शोषणकारी उधारी से मुक्ति का मार्ग है।

### एमसीडी ने संपत्ति करदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली निकाली



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के दक्षिण जोन के कर एवं संग्रहण विभाग ने खानपुर-देवली रोड एवं इग्नू रोड पर संपत्ति करदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया। जोन में संयुक्त कर निर्धारक एवं समाहर्ता अधिकारी नवीन कुमार ने रैली को लेकर बताया कि इसका उद्देश्य नागरिकों को सुनियो योजना की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 के बारे में अवगत कराना तथा समय पर संपत्ति कर जमा करने के लिए प्रेरित करना था। उन्होंने बताया कि विभाग के सभी सहायक कर निर्धारक ओम प्रकाश, ललित सिंह, भरत सिंह और डॉ सुमन ने रैली के दौरान लोगों को कर जमा कराने की जानकारी दी। अधिकारी ने दावा करते हुए बताया कि विभाग इस वित्तीय वर्ष में संपत्ति कर संग्रहण का अब तक का सर्वाधिक रिकॉर्ड बनाने की दिशा में अग्रसर है। इसके बावजूद कई संपत्तियां, विशेषकर व्यावसायिक प्रतिष्ठान, अभी भी संपत्ति कर का भुगतान नहीं कर रहे हैं। यूज़ कन्वर्ज़न रिकॉर्ड के आधार पर लगभग 5000 ऐसी संपत्तियों की पहचान की गई है जो अभी तक संपत्ति कर के दायरे में नहीं हैं। इन संपत्तियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। यदि 31 मार्च 2026 तक कर का भुगतान नहीं किया गया, तो निगम अधिनियम के तहत अटैचमेंट एवं सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी।

### स्वास्थ्य और खुशहाली एक-दूसरे से जुड़े : महापौर

नई दिल्ली। स्वास्थ्य और खुशहाली एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और लोगों को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने नई दिल्ली में पल्स एंड पॉजिटिविटी द्वारा आयोजित हेल्थ एंड वेलनेस समिट 2026 के उद्घाटन के दौरान यह संबोधन दिया। मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए महापौर ने समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेषज्ञों और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को एक मंच पर लाने के लिए आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज की तेज़ रफ्तार जीवनशैली में संतुलित और स्वस्थ जीवन बनाए रखना बेहद जरूरी है। समिट में नीति-निर्माताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और वेलनेस क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। समिट का उद्देश्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मुद्दों पर चर्चा करना और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

## जीटीबी, कैंसर संस्थान और राजीव गांधी अस्पताल का होगा विलय

# दिल्ली में बनेगा 'सुपर मेडिकल हब', एम्स की तर्ज पर एकीकृत होंगे संस्थान : रेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने के लिए उपलब्ध संसाधनों का समुचित और वैज्ञानिक उपयोग बेहद जरूरी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हाल ही में दिल्ली सचिवालय में आयोजित की गई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान रेखा गुप्ता ने चर्चा के दौरान यह बात कही थी। उन्होंने बताया कि विभिन्न संस्थानों के एकीकरण से डॉक्टरों, विशेषज्ञों, चिकित्सा उपकरणों और आधारभूत संरचना का बेहतर उपयोग हो सकेगा और मरीजों को अधिक सुव्यवस्थित तथा उन्नत चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान राजधानी के प्रमुख सरकारी चिकित्सा संस्थानों को एकीकृत करते हुए एक सशक्त और आधुनिक चिकित्सा तंत्र विकसित करने, उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग और विश्वस्तरीय



स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार राजधानी की स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक, सुलभ और अधिक प्रभावी बनाने के लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। सरकार ने राजधानी के प्रमुख सरकारी चिकित्सा संस्थानों जैसे गुरु तेग बहादुर अस्पताल (जीटीबी), दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट (डीएससीआई) और राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल (आरजीएसएसएच) को एकीकृत कर एम्स की तर्ज पर स्वायत्त संस्थान के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। वहीं, इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर ऐंड एलाइड साइंसेज (इहबास) को भविष्य में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान-2 (निमहंस-2) के रूप में विकसित करने की दिशा में भी काम किया जाएगा।

### 'आधुनिक सुविधाओं से भरपूर बनेगा इहबास'

मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि दिल्ली सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर एंड एलाइड साइंसेज (इहबास) को अब बेंगलुरु के प्रतिष्ठित संस्थान (निमहंस) की तर्ज पर 'निमहंस-2' के रूप में विकसित करेगी। इसके अंतर्गत इहबास अपनी 75 एकड़ खाली भूमि गुरु तेग बहादुर अस्पताल (जीटीबीएच) को सौंपेगा। इस भूमि का उपयोग एक विशाल 'एकीकृत संस्थान' विकसित करने के लिए किया जाएगा। इहबास के पास वर्तमान में कुल 111.69 एकड़ भूमि है, जिसमें से अधिकांश हिस्सा खाली और भविष्य के विस्तार के लिए उपयुक्त है।

### एलपीजी पर अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : सीएम

नई दिल्ली। देश में किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाकर लोगों के बीच डर पैदा करना उचित नहीं है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार पूरी जिम्मेदारी के साथ एलपीजी गैस की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और नागरिकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। एलपीजी गैस पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एलपीजी से जुड़े मुद्दों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अनावश्यक रूप से भय का वातावरण बनाकर जमाखोरी को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं, जो देशहित के विरुद्ध है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि इस तरह की गतिविधियों पर सरकार कड़ी नजर रखे हुए है और यदि कोई व्यक्ति या संस्था इस प्रकार की गलत हरकतों में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सामान्य रूप से अपनी दिनचर्या जारी रखें।




## 'अपना घर आश्रम' मानवता और करुणा का जीवंत उदाहरण :सीएम

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रविवार को नरेला विधानसभा स्थित बूढ़पुर स्थित 'अपना घर आश्रम' के 12वें वार्षिकोत्सव और संस्था के रजत जयंती समारोह में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर उन्होंने आश्रम द्वारा पिछले 26 वर्षों से बेसहारा, निराश्रित और अस्वस्थ लोगों की निस्वार्थ सेवा के लिए संस्था के कार्यों की सराहना की और समाज के लिए इसे प्रेरणादायक पहल बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'अपना घर आश्रम' जैसे संस्थान समाज के उन लोगों के लिए आशा का केंद्र बनते हैं जो किसी कारणवश परिवार और समाज से अलग हो जाते हैं। मुख्यमंत्री ने आश्रम तक पहुंचने वाली सड़क के निर्माण के लिए भी आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि



संस्था द्वारा न केवल ऐसे लोगों को आश्रय प्रदान किया जा रहा है, बल्कि उन्हें चिकित्सा, भोजन, वस्त्र और देखभाल जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर उन्हें सम्मानपूर्ण जीवन देने का कार्य भी किया जा रहा है। इस अवसर पर उत्तर पश्चिमी दिल्ली से सांसद योगेंद्र चंदोलिया, नरेला से विधायक राजकरण खत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जाजू सहित संस्था से जुड़े अनेक गणमान्यजन और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पश्चिमी दिल्ली क्षेत्र में ड्रेनेज इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

मानसून से पहले दिल्ली की ड्रेनेज व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने रविवार को रोहतक रोड (एनएच-10) पर चल रहे स्टॉर्म वॉटर ड्रेन सुधार परियोजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पश्चिमी दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए चल रहे सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण कार्यों की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंत्री प्रवेश ने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि परियोजना अपने अंतिम चरण में है और जल्द ही बड़ी संख्या में निवासियों को राहत मिलेगी, जो कई वर्षों से भारी बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। मंत्री प्रवेश ने बताया कि



इस परियोजना के तहत व्यस्त रोहतक रोड कॉरिडोर के साथ एक बड़े स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण और सुधार किया जा रहा है, जिससे वर्षा के पानी को प्रभावी ढंग से निकाला जा सके और पश्चिमी दिल्ली की इस प्रमुख सड़क पर जलभराव की समस्या को रोका जा सके। इस परियोजना में नांगलोई मेट्रो स्टेशन के पास स्थित किराड़ी सुलेमान ड्रेन से लेकर हिरन कूदना ड्रेन तक स्टॉर्म वॉटर ड्रेन विकसित किया जा रहा है। इसमें मेट्रो पिलर नंबर 428 से 626 तक तथा टिकरी बॉर्डर से हिरन कूदना ड्रेन तक सड़क के दोनों ओर महत्वपूर्ण हिस्से शामिल हैं।

निरीक्षण के दौरान प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि पश्चिमी दिल्ली में जलभराव की समस्या लंबे समय से लोगों की बड़ी मांग रही है। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से मुंडका, राजधानी पार्क और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को मानसून के दौरान सड़कों और कॉलोनियों में जलभराव की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता रहा है। यह परियोजना उसी समस्या का स्थायी और व्यवस्थित समाधान प्रदान करने के लिए बनाई गई है। परियोजना पूरी होने के बाद रोहतक रोड कॉरिडोर और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को जलभराव से बड़ी राहत मिलेगी और मानसून के दौरान यातायात भी अधिक सुचारु रहेगा।

## तरुण खटीक की हत्या के विरोध में विराट आक्रोश सभा में जुटी भारी भीड़, न्याय मिलने तक लड़ाई रहेगी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

तरुण खटीक की होली के दिन हुई निर्मम हत्या व मामले में उचित कार्रवाई न होने के आरोपों के चलते स्थानीय लोगों में शासन प्रशासन के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा है। तरुण खटीक को न्याय दिलाने के लिए रविवार को उत्तम नगर में सर्व हिंदू समाज के आह्वान पर विराट आक्रोश सभा में हजारों लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुरक्षा के लिहाज से मौके पर भारी पुलिस के अलावा पैरा मिलिट्री के जवानों की तैनाती भी की गई। श्री अयप्पा पार्क एलआईजी जनता फ्लैट हस्तसाल उत्तम नगर पार्क में हुई विराट आक्रोश सभा में भीड़ इस कदर थी कि पार्क के अंदर व बाहर लोग ही लोग नजर आए। भीड़ को रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग भी की। विराट आक्रोश सभा में मृतक तरूण के परिवार को न्याय दिलाने के लिए आम लोगों के अलावा कुछ हिंदू संगठन भी पहुंचे। सभा में पहुंचे लोगों ने एक स्वर में कहा कि जब तक तरूण को न्याय नहीं मिलेगा यह लड़ाई ऐसे ही जारी रहेगी। इस बारे में मृतक तरूण की मां लक्ष्मी देवी, पिता मेमराज, चाचा रमेश कुमार और दादा मानसिंह के अलावा खटीक समुदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह, वरिष्ठ



पत्रकार अवधेश कुमार आदि ने कहा कि दोषियों को सजा जल्द मिलनी चाहिए। जबकि सामाजिक कार्यकर्ता प्रीत सिरोही का आरोप है पुलिस ने मुझे सभा में शामिल नहीं होने दिया। सर्व हिंदू समाज की मांग है कि इस जघन्य हत्याकांड की जांच एसआईटी, क्राइम ब्रांच या सीबीआई से कराई जाए। उन्होंने मांग की कि जिन 30-40 लोगों ने मिलकर तरुण खटीक कह नृशंस हत्या की है उन सभी को फांसी पर लटकाया जाना चाहिए। परिवार ने पुलिस की कार्रवाई का लेकर भी सवाल उठाए है। इस अवसर पर सर्व हिन्दू समाज ने कहा कि पुलिस व प्रशासन को इस जघन्य हत्याकांड से उपजे विशाल जनमानस के रोष को भी समझना चाहिए। सर्व हिंदू समाज द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पुलिस को जांच करनी चाहिए कि हत्याकांड से कुछ कदमों की दूरी पर अवैध रूप से बनी मदीना मस्जिद तिकोना पार्क के संबंध में हाई कोर्ट ने डब्ल्यूपी सिविल 12502/2025 दिनांक 20 अगस्त 2025 के आदेश में अवैध बताया है। कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए इस अवैध बनी हुई मदीना मस्जिद को भी तुरंत हटाया जाए। स्थानीय लोगों का आरोप है इस मस्जिद का मौलवी भी हत्याकांड में शामिल रहा है। एफआईआर में भी स्पष्ट है कि इस मस्जिद के मौलाना का नाम लिखा है। कुछ आरोपी व्यक्तियों द्वारा यहां गैर कानूनी केमिकल का अवैध कारोबार किया जाता है, उस घर को सील किया जाए। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए अवधेश कुमार ने बताया कि इस जघन्य अपराध में शामिल सभी आरोपियों को कानून अनुसार कड़ी सजा दिलाकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए। न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक सक्षम और निष्पक्ष पब्लिक प्रॉसिक्यूटर की नियुक्ति की जाए। मस्जिद परिसर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर रिकॉर्डिंग को जब्त किया जाए। समाज के अनुसार हत्याकांड के बाद आरोपी जेजे कॉलोनी नांगलोई फेज 2 में अवैध तरीके से बी जामा मस्जिद में ठहरे थे, इसलिए वहां के सीसीटीवी डीवीआर जब्त कर जांच की जाए।

## सुबह सुबह तेज हवाएं और बारिश की दस्तक, दिल्ली वालों को मिली गर्मी से राहत, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

वीकेंड यानी रविवार को सुबह तेज हवाओं व बारिश न दिल्ली में दस्तक दी। इस बारिश को प्री मानसून की बारिश की श्रेणी में गिना जा सकता है। जिसके चलते लोगों को गर्मी से तो राहत मिली लेकिन किसानों के माथे पर परेशानी की लकीरें खिंच गई। क्योंकि इस समय दिल्ली एनसीआर के खेतों में गेहूं की फसल लहलहा रही है जो लगभग कटने के लिए तैयार खड़ी है। ऐसे में अगर एक दो तेज बारिश के साथ तेज हवाएं चली तो खड़ी फसल को भारी नुकसान हो सकता है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से पहले दिल्ली में 0.8 मिमी और साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच 0.4 मिमी बारिश



दर्ज हुई। सबसे अधिक आया नगर में 2.6 मिमी और मयूर विहार में 1.0 मिमी बारिश दर्ज हुई है। आईएमडी ने पहले ही भविष्यवाणी की थी जो सच साबित हुई। बारिश के बाद दिल्ली का अधिकतम तापमान घटकर 30.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस कम है। जबकि न्यूनतम तापमान 18.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। आईएमडी ने ताजा अनुमान में बताया है कि आने वाली 18 मार्च 2026 बुधवार को एक बार फिर दिल्ली में बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। आईएमडी ने सूचना जारी करते हुए कहा कि बुधवार को दिल्ली में हल्की बारिश व लगभग 30-40 किमी प्रति घंटा की गति से हवाएं चलने का अनुमान है। जबकि सोमवार को आसमान में आंशिक रूप से बादलों का जमावड़ा देखा जा सकता है। हवा की गति लगभग 20 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। बता दें कि मार्च महीने के पहले पहले दस दिनों में भीषण गर्मी का हाल यह था कि अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। भीषण गर्मी ने मार्च महीने में गत कई दशकों का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। लोगों को मार्च महीने में ही मई जून वाली गर्मी का दंश झेलना पड़ रहा था।

## रेलवे ट्रैक के आसपास सफाई अभियान तेज : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

- अब तक 5,000 मीट्रिक टन कचरा हटाया गया

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने रेलवे ट्रैक के आसपास से कचरा हटाने के लिए एक बड़ा सफाई अभियान शुरू किया है। एमसीडी के आयुक्त संजीव खिरवार ने कहा कि रेलवे ट्रैक की लंबाई, सुरक्षा और कर्मचारियों की सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए एमसीडी ने रेलवे ट्रैक के आसपास पड़े इस पुराने कचरे को हटाने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है। भविष्य में अलग-अलग अंतराल पर विशेष हस्तक्षेप की आवश्यकता न पड़े, इसके लिए एमसीडी नियमित सफाई की व्यवस्था स्थापित कर रही है। इस व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से लागू करने के लिए एमसीडी जोन वार रेलवे ट्रैक की नियमित सफाई हेतु कंसेशनायर नियुक्त करने के लिए विशेष निविदाएं भी आमंत्रित कर रही है।

एमसीडी प्रशासन ने बताया कि भारतीय रेल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में लगभग 123 किलोमीटर लंबी रेलवे ट्रैक का संचालन करती है, जिनके आसपास कई स्थानों पर झुग्गी-झोपड़ी और जे.जे. कॉलोनियां स्थित हैं। अनुमान के अनुसार, दिल्ली भर में रेलवे ट्रैक के आसपास लगभग 15 हजार मीट्रिक टन कचरा जमा है, जिसमें से अब तक लगभग 5 हजार मीट्रिक टन कचरा एमसीडी प्रशासन हटाया चुका है। वर्तमान में दिल्ली के सभी जोनों में रेलवे ट्रैक के आसपास जमा कचरे को हटाने के लिए एमसीडी ने 145 वाहनों को तैनात किया है, जिनमें ट्रक, ऑटो टिप्पर, हायवा और जेसीबी शामिल हैं। इसके अलावा लगभग 800 कर्मचारियों को इस कार्य में लगाया गया है।

### दिल्ली के लोगों ने स्वाभिमान स्थल पहुँचकर दी साहिब सिंह वर्मा को श्रद्धांजलि

# पूर्व मुख्यमंत्री के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है दिल्ली सरकार : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की वर्तमान भाजपा सरकार दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और जननेता डॉ. साहिब सिंह वर्मा के उन अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है जो अधूरे रह गए थे। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि दिल्ली के हर हिस्से तक विकास पहुंचे। दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री और अपने पिता साहिब सिंह वर्मा की 83वीं जयंती पर स्वाभिमान स्थल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद बात कही। उन्होंने कहा कि जब वे मुख्यमंत्री थे, तब दिल्ली के विकास के लिए उन्होंने कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत की थी और शहर के भविष्य के लिए बड़े सपने देखे थे। दुर्भाग्यवश, हमारी सरकार के जाने के बाद उन योजनाओं में से कई आगे नहीं बढ़ सकीं। कार्यक्रम में उपस्थित सांसद





योगेंद्र चांदोलिया, विधायक, अनेक नागरिकों और समर्थकों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। यह अवसर एक ऐसे जननेता की स्मृति में भावनात्मक श्रद्धांजलि सभा में बदल गया, जो हमेशा आम लोगों से जुड़े रहे और जिन्होंने विशेष रूप से दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए अपना जीवन समर्पित किया। बता दें कि कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने अपने परिवार के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए और हवन में आहुति देकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद उन्होंने अपने पिता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### समग्र विकास के लिए मास्टर प्लान किया जाएगा लागू

मंत्री प्रवेश ने कहा कि "आने वाले समय में दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों और अनधिकृत कॉलोनियों के समग्र विकास के लिए एक व्यापक मास्टर प्लान लागू किया जाएगा। ये क्षेत्र हमेशा साहिब सिंह वर्मा जी के दिल के बहुत करीब रहे हैं और हमारा प्रयास है कि उनकी उस सोच को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली के हर हिस्से को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए।" इस दौरान घेवरामोड़ स्थित स्वाभिमान स्थल पर दिल्ली-देहात के विभिन्न गांवों और दूर दराज के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने पहुँचे।

### स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित करने की योजना पर तैयारी

मंत्री प्रवेश ने यह भी बताया कि क्षेत्र के युवाओं के लिए अवसर बढ़ाने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। इसी दिशा में घेवरा मोड़ क्षेत्र में एक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी स्थापित करने की योजना भी बनाई जा रही है, जिससे दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के नए अवसर मिलेंगे।

### संकल्प लिया, जनसेवा के मूल्यों को बढ़ाया जाएगा आगे

श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने साहिब सिंह वर्मा को एक ऐसे जननेता के रूप में याद किया जो हमेशा सभी के लिए सहज उपलब्ध रहते थे और जिन्होंने किसानों, मजदूरों तथा दिल्ली के गांवों में रहने वाले लोगों के कल्याण के लिए निरंतर काम किया। श्रद्धांजलि सभा का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि उनकी सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के मूल्यों को आगे बढ़ाया जाएगा और उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए दिल्ली के विकास के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

### जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को याद किया

बता दें कि सुबह से ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों, स्थानीय निवासियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों ने यहाँ पहुँचकर प्रार्थना सभा और हवन में भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान लोगों ने स्वर्गीय साहिब सिंह वर्मा के सादगीपूर्ण जीवन, सहज स्वभाव और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को याद किया। वर्षों बाद भी लोगों के दिलों में उनके प्रति जो सम्मान और अपनापन है, वह इस अवसर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

## खबर संक्षेप

### एक सप्ताह में 40 साइबर अपराधी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की साइबर थानों की टीम द्वारा ठगों पर लगातार कार्रवाही की जा रही है। 7 से 13 मार्च के बीच फरीदाबाद पुलिस के तीनों साइबर थानों की टीम ने एक सप्ताह में 40 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर 1,18,26,992 रुपए बरामद किये हैं। टीम ने 9 मुकदमों में कार्रवाई करते हुए 40 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

### ठगी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए 1,98,000 रुपए की साइबर ठगी के मामले में खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी आर्यन निवासी गांव जिजाथल जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश हाल निवासी उत्तमनगर दिल्ली को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके फोन से अचानक तीन ट्रांजेक्शन के माध्यम से 1,98,000 रुपए कट गए।

### होटल बुकिंग के नाम पर की ठगी



**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने होटल बुकिंग के नाम पर 48010 रुपए की ठगी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विक्रम सिंह निवासी गांव बुराना जिला डीग हाल सेक्टर-4 सोहना गुरुग्राम को गिरफ्तार किया है। एनआईटी में शिकायत दी होटल बुकिंग के लिए गूगल पर सर्च कर रही थी।

# हेल्थकेयर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पेशेवरों को किया सम्मानित

## हेल्थकेयर एक्सीलेन्स अवॉड्र्स के तीसरे संस्करण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सीताराम जयपुरिया फाउंडेशन ने स्वर्गीय सीताराम जयपुरिया की जन्म शताब्दी के अवसर पर मेडिकल एंड हेल्थकेयर एक्सीलेन्स अवॉड्र्स के तीसरे संस्करण का आयोजन किया। जिसमें देश भर से चिकित्सा पेशेवरों को मरीज़ों की देखभाल एवं हेल्थकेयर में बदलावकारी योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डॉक्टरों को कुल रु 90 लाख के पुरस्कार दिए गए।

पुरस्कार समारोह का आयोजन एसजेएफ साइंटिफिक सिम्पोसियम और अवॉड्र्स प्रोग्राम के तहत नई दिल्ली में किया गया। अशोक जयपुरिया, चेयरमैन, एसजेएफ और चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, कोस्मो फर्स्ट लिमिटेड की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में



जाने-माने डॉक्टरों, शोधकर्ताओं और हेल्थकेयर लीडर्स ने हिस्सा लिया तथा हेल्थकेयर के इनोवेशन्स एवं उभरती चुनौतियों पर चर्चा की। शाम का समापन मेडिकल एंड हेल्थकेयर एक्सीलेन्स अवॉर्ड सेरेमनी के साथ हुआ। इस मंच पर उन लोगों को सम्मानित किया गया जो अपने समर्पण एवं लीडरशिप के साथ देश-विदेश में हेल्थकेयर के भविष्य को आकार दे रहे हैं।

इस अवसर पर अशोक जयपुरिया ने कहा कि उनके पिता सीताराम जयपुरिया के मानवतावादी मूल्यों के मार्गदर्शन में हमें खुशी है कि हम चिकित्सा समुदाय के सदस्यों के असाधारण योगदान के लिए उन्हें सम्मानित कर रहे हैं। आज जिन डॉक्टरों को यहां सम्मानित किया जा रहा है, उन्होंने अपना जीवन, चिकित्सा सुविधाओं और असंख्य लोगों के जीवन में सुधार लाने के लिए समर्पित कर दिया है।

उनकी प्रतिबद्धता, सहानुभूति और उत्कृष्टता सही मायनों में चिकित्सा के पेशे की महानता की पुष्टि करती है। एक्सीलेन्स इन मेडिसिन एंड हेल्थकेयर अवॉर्ड (50 लाख रुपए) प्रोफेसर डॉ विनोद के. पॉल- सदस्य (हेल्थ), नीति आयोग एवं पूर्व प्रोफेसर और हैड ऑफ पीडिएट्रिक्स, ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज़ (एम्स), नई दिल्ली को दिया गया।

### अदायु ने सितार फॉर मेंटल हेल्थ पहल के साथ मिलाया हाथ

**गुरुग्राम।** मानसिक रोगियों का संगीत के जरिए उपचार करने की दिशा में फोर्टिस हेल्थकेयर की अदायु ने सितार फॉर मेंटल हेल्थ पहल के साथ करार किया है। इन-पेशेंट मेंटल हेल्थ सुविधा – अदायु ने नव-शास्त्रीय (नियो-क्लासिकल) संगीतकार और सितारवादक ऋषभ रिखिराम शर्मा द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इस विषय पर विचार-विमर्श को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित 'सितार फॉर मेंटल हेल्थ' के साथ भागीदारी की है। यह पहला अवसर है जब किसी अग्रणी अस्पताल श्रंखला ने संगीत-केंद्रित वैल-बींग प्रोग्राम को अपने क्लीनिकल केयर वातावरण में शामिल किया है। इस पहल के जरिए, साक्ष्य-आधारित मेंटल हेल्थकेयर और मरीजों को राहत प्रदान करने की संगीत की परिवतर्नकारी क्षमता के साथ जोड़ा गया है। डॉ समीर पारीख, चेयरपर्सन, मेंटल हेल्थ प्रोग्राम, फोर्टिस हेल्थकेयर एवं अदायु ने कहा कि मेंटल हेल्थ को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। इस प्रकार की पार्टनरशिप हमें अधिकाधिक लोगों तक पहुंचने और मेंटल हेल्थ के बारे में अधिक खुलेपन के साथ बातचीत करने में भी मदद करती है।

## कालाबाजारी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की

# फरीदाबाद में रसोई गैस सिलेंडरों की किल्लत व कालाबाजारी को लेकर 'आप' ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



रसोई गैस सिलेण्डरों की हो रही किल्लत एवं कालाबाजारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी की जिला इकाई ने आज बाटा पुल के नीचे केन्द्र व प्रदेश की सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री पं. राजेन्द्र शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता राकेश भड़ाना, जिलाध्यक्ष रविन्द्र फौजदार, लोकसभा अध्यक्ष अमन गोयल, महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष नीतू मान, प्रवक्ता नरेश शर्मा, भीम यादव, सुदेश राणा, देवराज सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी संगठन मंत्री पं.राजेन्द्र शर्मा व प्रदेश प्रवक्ता राकेश भड़ाना ने कहा कि जुमलेबाज भाजपा का चेहरे आम जनता के सामने आ गया है। गरीब, मजदूरों को खाना पकाने के लिए सिलेण्डर तक नहीं मिल पा रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार यह दावा कर रही है कि गैस की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस सिलेंडर की भारी किल्लत है और कालाबाजारी भी हो रही है।

उनका कहना है कि लोग सुबह-सुबह उठकर गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लाइनों में लग रहे हैं, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि गैस संकट का असर आम जनता के साथ-साथ कारोबारियों पर भी पड़ रहा है। औद्योगिक नगरी में कई ढाबे बंद होने की कगार पर हैं और कई होटल पहले ही बंद हो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूलों और अस्पतालों तक में गैस की कमी की स्थिति बन गई है। उन्होंने कहा कि बाजार में गैस सिलेंडर 2000 से 3000 रुपए तक में बिक रहा है, जिससे आम लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

आप जिलाध्यक्ष रविन्द्र फौजदार, महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष नीतू मान ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ सरकार कह रही है कि गैस की कमी नहीं है, वहीं दूसरी तरफ लोगों को केरोसिन देने की बात की जा रही है।

अगर गैस की कमी नहीं है तो फिर लोगों को केरोसिन क्यों दिया जा रहा है। उनका कहना था कि पूरे प्रदेश में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगी हुई हैं, लेकिन सरकार इस हकीकत को नजरअंदाज कर रही है।

### लोगों को सिलेंडर मुहैया करवाया जाए

आप लोकसभा अध्यक्ष अमन गोयल ने जिला उपायुक्त आयुष सिन्हा से मांग की है कि गैस सिलेण्डर की इस काला बाजारी पर अंकुश लगाते हुए सिलेण्डर ब्लैक कर रहे लोगों पर छापेमारी करें क्योंकि सिलेंडर ब्लैक करने वाले जो पहले गरीब जनता के छोटे सिलेंडर 80 रुपए किलो में रिफिल करते है वह अब 500 रूपए किलो तक गैस छोटे सिलेण्डरों में रिफिल कर रहे है। उन्हें रोका जाए और छापेमारी की जाए। साथ ही लोगों को सिलेण्डर मुहिम करवाया जाए। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के संगठन मंत्री राजेन्द्र शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता राकेश भड़ाना, जिलाध्यक्ष रविन्द्र फौजदार, अमन गोयल, नीतू मान आदि।

## सूरजकुंड रोड़ पर डिफेन्डर कार डंफर से टकराने के बाद हुई क्षतिग्रस्त

# डंपर में पीछे से टकराई डिफेंडर कार, चालक की मौके पर ही मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

थाना सूरजकुंड अन्तर्गत पाली-गुडग़्राम रोड पर सडक़ किनारे खड़े डंपर में डिफेंडर कार पीछे से टकरा गई। इसमें कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव अनंगपुर के रहने वाले मयंक भड़ाना के रूप में हुई है। मयंक माता-पिता की इकलौती संतान था। एक साल पहले ही उसकी शादी हुई है।

कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि डंपर से टकराने के बाद उसके परखच्चे उड़ गए। डिफेंडर कार महंगी होने के साथ ही काफी मजबूत कार मानी जाती है, मगर तेज रफ्तार के कारण टक्कर के बाद कार बुरी तरह बिखर गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। डंपर चालक की तलाश की जा रही है, जिसने उसे सडक़ किनारे खड़ा किया हुआ था। मयंक के पिता श्योमिंदर उर्फ लाला बड़े व्यापारी माने जाते हैं। सूरजकुंड रोड पर उनका रायल गार्डन के नाम से मैरिज गार्डन है।

## हिंदी भवन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम

# नौनिहालों ने वार्षिक उत्सव "एक्सप्रेशन 2026" उत्साह कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मकूंस प्ले स्कूल, राजनगर एक्सटेंशन द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव एक्सप्रेशन 2026" का आयोजन लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मकून्स श्रृंखला के सीईओ डॉ. विजय कुमार अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में गाजियाबाद बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट अमरपाल सिंह तेवतिया और भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और स्कूल प्रबंधन ने शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने डांस, राइम्स और विभिन्न थीम पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। राजनगर एक्सटेंशन व शास्त्रीनगर शाखा के बच्चों की प्रस्तुतियों ने अभिभावकों को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर डॉ. विजय कुमार अग्रवाल ने प्रारंभिक शिक्षा को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बताया।

## माकपा की रैली ऐतिहासक होगी

# जनहित के मुद्दों को लेकर माकपा की रैली होगी ऐतिहासिकः विरेन्द्र डंगवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जनहित के मुद्दों को लेकर आगामी 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में माकपा की होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। इस रैली की तैयारियां जोरों पर की जा रही है। इसके लिए जिला कमेटी द्वारा तैयार किए गए हैंड बिल आम जनता के बीच में वितरित किए जा रहे हैं। यहां पर राज्य का जत्था 18 मार्च को पहुंचेगा। जो कई स्थानों पर सभाओं को संबोधित करेगा। इसके लिए ब्रांच कमेटियां अपनी मीटिंग कर रही है। यह जानकारी जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल, जिला कमेटी सदस्य निरंतर पाराशर और कामरेड शिवप्रसाद ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि देश प्रदेश में रसोई गैस की समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। आम लोगों को गैस के लिए लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है। सरकार की तरफ से यह दवा तो किया जा रहा है कि गैस की कोई समस्या नहीं है। लेकिन धरातल में सच्चाई कुछ और है। रसोई गैस नहीं मिलने वजह से कई होटल और रेस्टोरेंट बंद होने के कगार पर आ गए हैं। इस वजह से लोग बेरोजगार हो रहे हैं।

## ह्यूमन लीगल ऐड एंड क्राइम कंट्रोल संस्था ने स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

ह्यूमन लीगल ऐड एंड क्राइम कंट्रोल संस्था ने अपने हेड ऑफिस में बत्रा हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को फ्री हेल्थ चेकअप का लाभ मिला, जो शहर की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक मिसाल साबित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय रेलवे पुलिस के डीएसपी राजेश चेची ने संस्था की इस सराहनीय कोशिश की खूब तारीफ की। ऐसी पहलें समाज को मजबूत बनाती हैं और अपराध नियंत्रण के साथ स्वास्थ्य जागरूकता भी जरूरी है।

### ग्रामीणों और गरीब परिवारों ने इसका लाभ उठाया

ह्यूमन लीगल ऐड संस्था का यह प्रयास प्रशंसनीय है। डीएसपी राजेश चेची ने शिविर का शुभारंभ कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर में हृदय रोग, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और सामान्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। ग्रामीणों और गरीब परिवारों ने इसका जमकर लाभ उठाया। अध्यक्ष अनुराग शर्माएमहासचिव राधिका बहल, कोषाध्यक्ष गुलशन कुमार, हरियाणा



प्रदेश अध्यक्ष मनोज राजपूत, सचिव जया जायसवाल, सहसचिव शालिका सहित सभी सदस्यों व पदाधिकारियों की सक्रियता से सैकड़ों लोगों को फ्री हेल्थ चेकअप का लाभ मिला।

# फरीदाबाद में महिला सम्मान समारोह का आयोजन

## सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन के साथ किया गया शुभारंभ , टीम की सक्रिया भूमिका रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



ह्यूमन राइट्स टीम द्वारा समृद्धि हॉस्पिटल के सहयोग से महिला सम्मान समारोह का आयोजन सेक्टर-31 के कम्युनिटी सेंटर में किया गया। कार्यक्रम में ह्यूमन राइट्स सेफ्टी ट्रस्ट की प्रैसीडेंट रेखा पवार, सीनियर वाइस प्रैसीडेंट निशी गर्ग और अजय कथूरिया सहित पूरी टीम की सक्रिय भूमिका रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद गायिका आकांक्षा ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मान्यता है कि हर शुभ कार्य प्रभु के नाम से शुरू किया जाए तो वह कार्य सुंदर और सफल माना जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला थाना प्रभारी ऊषा रानी, उपस्थित रहीं। उन्होंने महिलाओं के उत्साह और कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को सम्मानित करना था। उन महिलाओं को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया जो अपने घर से छोटे-छोटे व्यवसाय चलाकर न केवल अपने परिवार की जिम्मेदारियां निभा रही हैं बल्कि समाज के लिए भी प्रेरणा बन रही हैं। सभी चयनित महिलाओं को ट्रॉफी, चुनरी, सर्टिफिकेट और पौधे देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कई महिलाओं को भी मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नीतू ने हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया, वहीं छोटी बच्ची वनिषा ने अपनी मधुर गायकी से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का एक भावुक क्षण तब देखने को मिला जब उद्यमी नीलम गुप्ता जो स्वास्थ्य कारणों से ऑक्सीजन सिलिंडर के सहारे हैं, उन्हें भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई ताकि वे कार्यक्रम का हिस्सा बन सकें। टीम ने उनके पास जाकर उन्हें चुनरी और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया, जिससे वे अत्यंत भावुक और प्रसन्न दिखाई दीं।

कार्यक्रम का माहौल अत्यंत प्रेरणादायक रहा और सभी महिलाओं के चेहरे पर आत्मसम्मान और खुशी की मुस्कान देखने को मिली। अंत में ह्यूमन राइट्स टीम ने समृद्धि हॉस्पिटल के डॉक्टरों और पूरी टीम का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

टीम ने कहा कि वे भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे और समाज में महिलाओं के सम्मान व सशक्तिकरण का झंडा इसी तरह ऊंचा फहराते रहेंगे। सभी सहयोगियों और उपस्थित अतिथियों का तहे दिल से धन्यवाद किया।

### क्राईम ब्रांच बार्डर ने 250 ग्राम गांजा सहित एक को किया काबू

**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने कार्रवाई करते हुए 250 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 14 मार्च को अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना पर कार्रवाही करते हुए नितिन निवासी मेवला महाराजपुर को 250 ग्राम गांजा सहित ग्रीन फील्ड कॉलोनी के पास से काबू किया है। जिसके विरुद्ध थाना सूरजकुण्ड में एनडीपीएस की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी 500 ग्राम गांजा दिल्ली से 2000 रुपये में खरीद कर लाया था। जिसमें से 250 ग्राम इसने बेच दिया था। जिसको माननीय अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।




**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजीव उर्फ भल्ले, पुत्रः** संजय, **निवासीः** म.नं. एफ–349, जेजे कॉलोनी, रघुबीर नगर, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 898/2023 U/s 25/54/59 Act. & 53/166 DP Act, थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजीव उर्फ भल्ले** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजीव उर्फ भल्ले** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 898/2023 U/s 25/54/59 Act. & 53/166 DP Act, थानाः राजौरी गार्डन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजीव उर्फ भल्ले** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री शशांक नंदन भट्ट
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–02 (पश्चिम)
कमरा नं. 356, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3324/WD/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **सोनिया कपूर, पत्नीः** स्वर्गीय संजीव कपूर, **निवासीः** बंगला नंबर 23, मलाई मंदिर के सामने, वसंत विहार, नई दिल्ली, एवं 864, उद्योग विहार, फेज–V, गुरुग्राम, हरियाणा ने मुकदमा **CC NI Act 3252/2021 U/s 138 NI Act, थानाः कीर्ति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्ता **सोनिया कपूर** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्ता **सोनिया कपूर** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **CC NI Act No. 3252/2021 U/s 138 NI Act, थानाः कीर्ति नगर, दिल्ली** की उक्त अभियुक्त **सोनिया कपूर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव सिंगल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–06 (पश्चिम)
कमरा नं. 355, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3315/WD/2026
(Court Matter)

# पेज एक का शेष

## प्रधानमंत्री मोदी ने ...

दलों के नेताओं के साथ बैठकों में और अन्य अवसरों पर आचरण और व्यवहार के उच्च मानक बनाए रखने के विषय पर आग्रह किया है।'लोकसभा अध्यक्ष ने अपने पत्र में आग्रह किया कि 'हमारे आचरण व्यवहार को पूरा देश देखता है एवं भारत की संसद से देश की समस्त लोकतांत्रिक संस्थाओं में संदेश जाता है। अब समय आ गया है जब हमें अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं की उच्च गरिमा और प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए गंभीर चिंतन व आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। विशेषकर, सभी राजनीतिक दलों के शीर्ष नेतृत्व एवं सदन में सभी दलों के नेताओं को, अपने-अपने सदस्यों में सभागृह और संसद भवन परिसर के अंदर अनुशासन और उच्च नैतिक आचरण और व्यवहार सुनिश्चत करने के लिए, विशेष प्रयास करने होंगे।

## 4 मई...को ....

खत्म हो रहा है।

अब 5 राज्यों में चुनौती और मौजूदा स्थिति

**-पश्चिम बंगाल:** 3 बार से ममता बेनर्जी ही मुख्यमंत्री हैं। 14 साल से सीएम ममता के सामने भाजपा मुख्य चुनौती है।

**-तमिलनाडु:** आजादी के बाद लगभग दो दशक तक यहां कांग्रेस की सरकार रही। तमिलनाडु में एमके स्टालिन की अगुवाई में डीएमके की सरकार है।

**-केरल:** दक्षिण का इकलौता राज्य जहां लेफ्ट सत्ता में है। पिनाराई विजयन केरल के मुख्यमंत्री हैं। यहां सत्ता बदलने की परंपरा रही है, लेकिन 2021 में वाम मोर्चा ने इस ट्रेंड को तोड़ते हुए लगातार दूसरी बार सरकार बनाई।

**-असम:** राज्य में 10 साल से भाजपा की सरकार है। मुख्यमंत्री **हिमंता बिस्वा सरमा हैं।**

**-पुडुचेरी:** 2021 में कांग्रेस सरकार गिरने के बाद एआईएनआरसी- भाजपा गठबंधन ने सत्ता हासिल की और एन. रंगास्वामी एक बार फिर मुख्यमंत्री बने।

**महाभियोग लाने के सवाल पर बोले सीईसी, इस चर्चा में शामिल नहीं होना चाहते** - टीएमसी संसद में चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लेकर आई है। इस पर चुनाव आयुक्त ने कहा कि राजनीतिक नेताओं, दलों के बयानों को लेकर हम किसी भी बातचीत में शामिल नहीं होना चाहते। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि आचार संहिता लागू होने के बाद अब कोई राज्य नई घोषणाओं का ऐलान नहीं कर सकता। हिंसा को चुनाव आयोग बर्दाश्त नहीं करेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आयोग मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता और निगरानी को मजबूत करने के लिए चारों राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 2026 के विधानसभा चुनावों के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर 100% वेबकास्टिंग की सुविधा प्रदान करेगा।

**हमने 12 महीने में कई प्रयोग किए :** -मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पिछले 12 महीने में चुनाव आयोग ने पारदर्शिता लाने के लिए कई नए प्रयोग किए। पहला था एसआईआर जिसमें यह निश्चित किया गया कि कोई भी अयोग्य व्यक्ति वोटर लिस्ट में न रहे। दूसरा- मोबाइल फोन पोलिंग स्टेशन के बाहर ही रखा जाएगा। एक पोलिंग स्टेशन में 1200 से ज्यादा वोटर्स न हों। सभी जानकारी चुनाव से जुड़ी जिनमें एपिक कार्ड, प्रत्याशियों के हलफनामे एक एप पर उपलब्ध हैं।

## गिल-मंधाना ...

हुई। अंडर-19 टीम के कप्तान आयुष म्हात्रे को लाला अमरनाथ अवॉर्ड दिया गया है। बीसीसीआई 1983 वर्ल्डकप विजेता टीम के सदस्य रोजर बिन्नी, 2024 टी-20 वर्ल्डकप जिताने वाले कोच और पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया। भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज को बीसीसीआई लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही हाल ही में 2024-26 तक 5 आईसीसी टूर्नामेंट जीतने वाली टीमों के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। बीसीसीआई नमन अवॉर्ड्स के दौरान सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम को सम्मानित किया गया। जिन्होंने हाल ही में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था।

## पश्चिम बंगाल में ...

है। यह घोषणा आदर्श आचार संहिता के लागू होने से पहले की गई, जो चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही प्रभावी हो जाती है। ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि राज्य सरकार ने पुजारियों (पुरोहितों) और मुअज़्ज़िनों को दिए जाने वाले मासिक मानदेय में 500 रुपये की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। तृणमूल सुप्रीमो ने अपनी पोस्ट में कहा, मुझे अपने पुरोहितों और मुअज़्ज़िनों को दिए जाने वाले मासिक मानदेय में 500 रुपये की बढ़ोतरी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जिनकी सेवा हमारे समुदायों के आध्यात्मिक और सामाजिक जीवन को बनाए रखती है। इस संशोधन के साथ, दोनों समूहों के लिए मासिक भुगतान बढ़कर 2,000 रुपये हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मानदेय के लिए पुजारियों और मुअज़्ज़िनों द्वारा जमा किए गए सभी नए आवेदनों को राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यह कदम समाज में धार्मिक पदाधिकारियों द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका को मान्यता देने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने लिखा, कि हमें ऐसे माहौल को बढ़ावा देने पर गर्व है जहाँ हर समुदाय और हर परंपरा को महत्व दिया जाता है और उसे मजबूती प्रदान की जाती है, और साथ ही यह भी जोड़ा कि सरकार का प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि राज्य की आध्यात्मिक परंपराओं की रक्षा करने वालों को उचित मान्यता और समर्थन मिले। यह घोषणा चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा किए जाने की उम्मीद से कुछ ही समय पहले की गई थी। इसके बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी, जो सरकारों को मतदाताओं को प्रभावित करने के उद्देश्य से नई नीतिगत घोषणाएं या वित्तीय प्रतिबद्धताएं करने से प्रतिबंधित कर देगी।

## असम में आम ....

और नदुआर से रंजीत बोरो को अपना उम्मीदवार बनाया है, जबकि तिताबर से पल्लव सैकिया, ईस्ट गोलपारा से जिन्ना अमीर हुसैन और राहा से बरुण बिकास दास को टिकट दिया गया है। आप ने बोकाजन से रेनुका तिमुंगपी और बिश्वनाथ विधानसभा सीट से अनंता गोगोई को प्रत्याशी घोषित किया है। ज्ञात हो कि असम में विधानसभा चुनाव केवल एक ही चरण में 9 अप्रैल को संपन्न होंगे। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि 20 मई को विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने से पहले चुनावी प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। राज्य के चुनाव नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। असम की 126 सदस्यीय विधानसभा में वर्तमान में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है जिसके पास 64 सीटें हैं। भाजपा के सहयोगी दलों, असम गण परिषद (9), यूपीपीएल (7) और बीपीएफ (3) को मिलाकर सत्ता पक्ष काफी मजबूत है। दूसरी ओर, विपक्ष में कांग्रेस के पास 26, एआईयूडीएफ के पास 15 और माकपा का 1 विधायक है। आम आदमी पार्टी की कोशिश इस बार राज्य में अपना खाता खोलने की है।

## केंद्र ने कहा-...

करीब 84 प्रतिशत बुकिंग ऑनलाइन होती थीं, जो अब बढ़कर लगभग 87 प्रतिशत हो गई हैं। बिहार, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान समेत कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार गैर-घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के आवंटन के आदेश जारी किए हैं। व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर राज्य सरकारों को प्राथमिकता के आधार पर वितरण के लिए उपलब्ध कराए गए हैं और अब देश के 30 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध हैं।

**प्राकृतिक गैस की भी आपूर्ति:** प्राकृतिक गैस के मामले में सरकार ने कहा कि प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को पूरी आपूर्ति दी जा रही है। घरेलू पाइप गैस और सीएनजी के लिए 100 प्रतिशत गैस आपूर्ति जारी है, जबकि औद्योगिक और व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए गैस आपूर्ति लगभग 80 प्रतिशत तक नियंत्रित की गई है। बड़े शहरों और शहरी इलाकों में एलपीजी का इस्तेमाल करने वाले व्यावसायिक उपभोक्ताओं को पाइप गैस कनेक्शन लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए लोग शहर गैस वितरण कंपनियों के पोर्टल, ईमेल या पत्र के जरिए आवेदन कर सकते हैं।

**पाइप गैस कनेक्शन पर समीक्षा:** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड और शहर गैस वितरण कंपनियों के साथ बैठक की। इस बैठक में पाइप गैस कनेक्शन की स्थिति और एलपीजी से पाइप गैस में बदलाव की प्रक्रिया की समीक्षा की गई। देश में किसी भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के यहां गैस खत्म होने की कोई सूचना नहीं है।

## कांशीराम को भारत ...

और उनकी राजनीतिक भागीदारी महत्वपूर्ण है। उनके प्रयासों के कारण बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी सार्वजनिक जीवन और राजनीति में आने लगे, जिन्होंने पहले कभी राजनीति को अपने लिए मंच नहीं माना था। पत्र में राहुल गांधी ने कहा कि भारत का संविधान हर नागरिक को समानता, गरिमा और भागीदारी का अधिकार देता है। कांशीराम ने अपना पूरा जीवन इन संवैधानिक मूल्यों को समाज के सबसे निचले तबके तक पहुंचाने के लिए समर्पित किया। उनके प्रयासों से भारतीय लोकतंत्र की नींव और मजबूत हुई और राजनीतिक व्यवस्था अधिक प्रतिनिधिक तथा न्यायपूर्ण बनी। राहुल गांधी ने यह भी उल्लेख किया कि कई वर्षों से दलित बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक नेता कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग करते रहे हैं। उनका कहना है कि यह मांग लगातार और गहराई से उठती रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे, जहां उपस्थित नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग जोरदार तरीके से दोहराई। राहुल गांधी ने कहा कि यह मांग समाज के बड़े वर्ग की भावना को दर्शाती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग का मुद्दा आने वाले समय में राष्ट्रीय राजनीति में चर्चा का विषय बन सकता है, खासकर दलित राजनीति और सामाजिक न्याय के संदर्भ में। फिलहाल इस पत्र के बाद सरकार की ओर से क्या प्रतिक्रिया आती है, इस पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

## बिहार राज्यसभा...

गया है।

**एनडीए के उम्मीदवार:** एनडीए ने जिन नेताओं को उम्मीदवार बनाया है उनमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर, पूर्व मंत्री प्रेम चंद गुप्ता और भाजपा नेता शिवेश राम शामिल हैं। इन नामों के जरिए एनडीए ने सामाजिक और राजनीतिक संतुलन साधने की कोशिश की है।

**ओवैसी की भूमिका पर नजर:** राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार पांचवीं सीट का परिणाम काफी हद तक ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम के रुख पर निर्भर कर सकता है। पार्टी के पास विधानसभा में पांच विधायक हैं। बताया जा रहा है कि पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय आज, सोमवार को ले सकते हैं। हालांकि विपक्षी खेमे में ओवैसी के समर्थन को लेकर संदेह भी जताया जा रहा है। कुछ नेताओं का कहना है कि यदि ओवैसी के एमएलए समर्थन नहीं देते हैं या। मतदान से दूर रहते है, तो इससे एनडीए को फायदा मिल सकता है।

**विपक्ष के भीतर भी संशय:** महागठबंधन के नेताओं का मानना है कि ओवैसी का रुख स्पष्ट नहीं है। विपक्ष को बहुजन समाज पार्टी के एकमात्र विधायक के समर्थन की भी उम्मीद है। लेकिन अभी तक इस समर्थन पर भी पूरी तरह स्पष्टता नहीं है। इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के प्रमुख और एकमात्र विधायक आई. पी. गुप्ता, जो महागठबंधन के सहयोगी माने जाते हैं, उन्होंने कहा कि वे विपक्ष के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उपेन्द्र कुशवाहा को समर्थन देना भाजपा को अप्रत्यक्ष समर्थन देने जैसा होगा।

### 19 को आएंगी राष्ट्रपति आएंगी

# अयोध्या राम मंदिर परिसर में मोबाइल पर रोक, निजी सुरक्षाकर्मी भी बैन, चैत्र नवरात्र से पहले नियम लागू



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश को लेकर नए नियम लागू किए गए हैं। 19 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन और चैत्र नवरात्र की शुरुआत को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। 19 मार्च को राष्ट्रपति राम मंदिर में श्रीराम यंत्र की स्थापना के लिए आ रही हैं। वासंतिक नवरात्र के मौके पर राम मंदिर में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इस दिन वर्ष प्रतिपदा हिंदी नववर्ष का पहला दिन भी है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और जिला प्रशासन के लिए भीड़ नियंत्रण चुनौती हो सकती है। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में 19 मार्च को राष्ट्रपति के आगमन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी मौजूदगी रहेगी। इसको लेकर तय किया गया है कि नवरात्र के पहले दिन वीआईपी पास के जरिए दर्शन नहीं कराया जाएगा। हालांकि, श्रद्धालुओं को सामान्य दर्शन मार्ग से होने वाले दर्शन को बाधित नहीं किया जाएगा। सामान्य दर्शन निरंतर जारी रखेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपत राय ने बताया कि सुबह छह बजे से देर शाम तक लगातार दर्शन चलता रहेगा।

## चंपत राय ने दी जानकारी,पानी व शौचालय की होगी व्यवस्था

चंपत राय ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि परिसर में मोबाइल के साथ प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा, अगर कोई व्यक्ति सुरक्षा कर्मियों के साथ आता है, तो उन कर्मियों को भी परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परिसर के भीतर लाइसेंसी रिवॉल्वर, तलवार या बंदूक जैसे हथियार ले जाना भी प्रतिबंधित है। हालांकि, हमारे सिख भाइयों के अधिकारों के अनुसार, केवल एक छोटा कृपाण, जिसे कानूनी रूप से साथ रखा जा सकता है, गले में पहना जा सकता है। यह छूट विशेष रूप से सिख समुदाय के सदस्यों के लिए है।


## फलाहार की होगी व्यवस्था


चंपत राय ने कहा कि 19 मार्च को चैत्र नवरात्रि का पहला दिन है, जिस दिन कई भक्त उपवास रखते हैं। कार्यक्रम स्थल पर उपवास के लिए भोजन यानी फलाहार की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें फल, मखाना, मूंगफली और आलू के चिप्स शामिल होंगे। विशेष रूप से वे खाद्य पदार्थ जो उपवास के दौरान खान-पान संबंधी नियमों के अनुकूल हों, उपलब्ध होंगे। महासचिव ने कहा कि मंदिर कॉम्प्लेक्स में पीने के पानी की व्यवस्था भी की जाएगी। शौचालय की सुविधाएं सभा स्थल के पास ही उपलब्ध होंगी। प्रवेश के लिए निर्धारित विशिष्ट द्वारों (गेट) के संबंध में विस्तृत जानकारी अगले एक-दो दिनों के भीतर साझा की जाएगी।


हरियाणा सरकार

नगर एवं ग्राम आयोजना, विभाग से लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित फ्लैटों के आवंटन की नीति दिनांक 23.10.2025 के अंतर्गत

गुरुग्राम शहर में फ्लैट का ड्रॉ







17 मार्च, 2026 | दोपहर 1 बजे | गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम

निजी कॉलोनाइजर्स की सूची जिन्होंने ई.डब्ल्यू.एस. नीति दिनांक 23.10.2025 के अंतर्गत आवंटन हेतु फ्लैट्स की पेशकश की

फ्लैट का क्षेत्रफल (लगभग) 200 वर्ग फुट

फ्लैट की कीमत* 1.50 लाख रुपये

| Sr. No. | Name of Project | Location of Project | No.of EWS Flats available for allotment |
|---|---|---|---|
| 1 | WINDCHANTS | WINDCHANTS VILLAGE CHOMA Sector 112, GURUGRAM | 58 |
| 2 | Digi Homes | Sector 62, Gurugram | 135 |
| 3 | Group Housing Colony (Aqua Front Tower) | Village Dhunela & Berka, Sector 32, Tehsil Sohna Gurugram | 135 |
| 4 | Joyville Gurugram | Sector-102 Village KherkiMajra, Tehsil and Distt. Gurugram | 270 |
| 5 | Waterfalls Residency | Sector 36 GMUC Gurugram | 77 |
| 6 | Indiabulls Centrum Park | India Bulls Centrum Park, Sector 103, Gurugram | 72 |
| 7 | Enigma | Sector-110, Village Pawala Khusarupur, Gurugram | 15 |
| 8 | Essel Towers & Platinum Towers | Sector 28 Gurugram | 36 |
| 9 | M3M 65th Avenue | Sector-65, Gurugram | 220 |
| 10 | M3M Cornerwalk | Sector 74, Gurugram | 47 |
| 11 | M3M Merina Sierra | Sector 68 Gurugram | 180 |
| 12 | Mahindra Luminare | Sector-59, Gurugram | 65 |
| 13 | Orchid Petals | Sector-49, Gurugram | 251 |
| 14 | Elevate | Sector -59 Gurugram | 98 |
| 15 | Maceo | Sector-91, Gurugram | 142 |
| 16 | Ashiana Mulberry | Ashiana Sector 2 Sohna | 40 |
| 17 | Godrej Air | Sector-85, Gurugram | 90 |
| 18 | Godrej Aria &101 | Sector-79, Gurugram | 167 |
| 19 | Godrej Meridien | Sector-106, Gurugram | 135 |
| 20 | Sobha City | Sector-108, Gurugram | 97 |
| 21 | DLF-ULTIMA | Sector-81, Gurugram | 163 |
| 22 | Micassa | Sector-68, Gurugram | 168 |
| 23 | Coban | Sector-99A, Gurugram | 60 |
| Total | | | 2721 |

* आवंटन के लिए अधिकतम मूल्य प्रति फ्लैट ₹1.50 लाख

- मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत गुरुग्राम शहर के जिन आवेदकों द्वारा 10,000 रुपये की राशि जमा करवाई गई थी तथा सत्यापन उपरांत पात्र पाए गए थे, ऐसे 2709 आवेदकों को फ्लैट का आवंटन हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के ऑनलाइन प्लेटफार्म पर ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा।
- ड्रॉ में घुमंतु जाति, विधवा तथा अनुसूचित जाति के आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें -
अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, गुरुग्राम या हाउसिंग फॉर ऑल विभाग, हरियाणा - 0172-2585852 | वेबसाइट https://hfa.haryana.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana



# सरकार 4 में नजर आएंगे अमिताभ और अभिषेक

**मुंबई।** फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने अपनी पॉलिटिकल-क्राइम फिल्म 'सरकार 4' की कास्ट को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा, 'मैं इस फिल्म की शूटिंग इस साल के बीच में करूंगा। जब निर्देशक से फिल्म की कास्ट के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन दोनों इस फिल्म का हिस्सा होंगे। हालांकि, उन्होंने फिल्म के बाकी कलाकारों के बारे में कोई खुलासा नहीं किया। राम गोपाल वर्मा ने आगे कहा कि वो इस फिल्म को एक साल में ही खत्म करना चाहते हैं। इसके बाद वो 'सिंडिकेट'मूवी पर काम करना चाहते हैं, जिसका ऐलान उन्होंने पहले किया था।

लाइफ Style

# निकिता

## मुझे अफवाहें फैलाना पसंद नहीं

कई सेलेब्रिटीज के बाद अब अभिनेत्री निकिता दत्ता ने भी इंडस्ट्री में होने वाले पीआर गेम पर बात की। साथ ही उन्होंने सुर्खियां बटोरने के लिए फैलाई जाने वाली अफवाहों की खुलकर आलोचना की। इस दौरान एक्ट्रेस ने सिंगर जुबीन नौटियाल के साथ अपने रिलेशनशिप और शादी की खबरों पर भी प्रतिक्रिया दी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री का कहना है कि वह अनजाने में भी अफवाहों का हिस्सा नहीं बनना चाहतीं। एक बातचीत के दौरान निकिता ने जुबीन नौटियाल के साथ अपनी शादी की अफवाहों पर कहा कि पीआर के बारे में मेरी समझ की बात करें, तो बेशक यह बहुत देर से आई। यह एक ऐसी बात है, जिसका मुझे अफसोस है और काश कबीर सिंह के रिलीज होने के समय मुझे इस बात की थोड़ी बेहतर जानकारी होती कि चीजें कैसे काम करती हैं। दूसरी बात अगर आप इन सभी वर्षों में मेरे करियर को देखें, तो मैंने व्यक्तिगत और निजी जीवन के बीच एक सीमा बनाए रखी है। इस सीमा को मैंने कभी पार नहीं किया है। आपने मेरे बारे में कभी भी मनगढ़ंत अफवाहें नहीं सुनी होंगी। मैं वैसी इंसान नहीं हूं। मैं न तो ऐसी अफवाहें फैलाना पसंद करती हूं और न ही उनका हिस्सा बनना, चाहे अनजाने में ही क्यों न हो। मैं ऐसी चीजों का समर्थन नहीं करती। मार्केटिंग स्ट्रेटजी के बारे में एक्ट्रेस ने कहा कि यह प्रोडक्शन हाउस का निर्णय होता है। बीते दिनों निकिता को जुबीन नौटियाल के साथ सिंगर के होम टाउन में देखा गया था। इसके बाद ही दोनों के रिलेशनशिप में होने की चर्चाएं सामने आई थीं।



हॉलीवुड मसाला




# मैं किसी चैटबॉल को डेट नहीं कर रहा हूं

**लॉस एंजिल्स।** पिछले दिनों एक पॉडकास्ट में बताया गया कि एक हॉलीवुड एक्टर चैटबॉट के साथ डेटिंग कर रहा है। इसके बारे ही सोशल मीडिया पर जैक ब्राफ का नाम इस मामले में उछाला गया। जब मामले में ज्यादा तूल पकड़ा तो एक्टर ने इंस्टाग्राम के जरिए अपना पक्ष रखा। वह पोस्ट में लिखते हैं, 'मैं किसी चैटबॉट को डेट नहीं कर रहा हूं। मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मुझे यह शब्द लिखने पड़ रहे हैं। यह सब 'स्क्रब्स'शो के एक एपिसोड की कहानी है, इसमें एक लड़का चैटबॉट को डेट करता है। हो सकता है कि उस बात के कारण यह अफवाह उड़ी है।'



# गन केस में जेल जाने से बचे सिंडी के बेटे डक्लिन

**लॉस एंजिल्स।** सिंडी लॉपर के बेटे डक्लिन लॉपर को एक हथियार मामले में आरोपी माना गया था। मगर इस मामले में अब सिंगर का समझौता हो चुका है। इस समझौते की वजह से उन्हें अब जेल की सजा की जगह प्रोबेशन पर रखा जाएगा। अमेरिकन सिंगर सिंडी लॉपर के बेटे डक्लिन लॉपर पर 2024 में अवैध हथियार रखने और गोली चलाने के आरोप लगे थे। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट्स के अनुसार डक्लिन ने अपने आपराधिक हथियार रखने के आरोप को स्वीकार कर लिया था। अब समझौते के तहत उन्हें जेल की सजा के बजाय एक साल के अंतरिम प्रोबेशन की सजा सुनाई गई है। यह आरोप मैनहैटन में हुई गोलीबारी से जुड़ा हुआ है। इस आदेश के अनुसार लॉपर को नशा मुक्ति के उपचार कराना होगा। यह कार्यक्रम पूरा करने के बाद ही उन्हें हथियार रखने के आपराधिक आरोप में दोषी ठहराया जा सकेगा।



# 100 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**मुंबई।** 70-80 के दशक की जानी-मानी अभिनेत्री मधु मल्होत्रा का निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने 72 साल की उम्र में मुंबई में 13 मार्च को आखिरी सांस ली। उनके निधन की खबर से बॉलीवुड में शोक की लहर है और कई लोग उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। मधु मल्होत्रा ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया और भले ही वे ज्यादा सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन अपने किरदारों से उन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। उन्होंने 1970 और 80 के दशक में हिंदी सिनेमा में काफी काम किया और 100 से ज्यादा फिल्मों का हिस्सा रहीं। उन्हें खास पहचान फिल्म हीरो के मशहूर गाने 'लंबी जुदाई'से मिली थी। यह गाना आज भी लोगों के दिलों में बसा हुआ है और इसी गाने ने उन्हें दर्शकों के बीच यादगार बना दिया।



# गोलमाल-5 में अक्षय की हुई एंट्री...

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी अपना 52वां जन्मदिन के मौके पर अपनी सबसे सफल फ्रेंचाइज 'गोलमाल'की पांचवीं फिलम 'गोलमाल 5' की घोषणा कर दी है। साथ ही एक मजेदार वीडियो भी साझा किया है। रोहित शेट्टी ने फिल्म की घोषणा करते हुए अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में उन्होंने एक लंबा नोट लिखते हुए एक मजेदार वीडियो साझा किया है। वीडियो में फिल्म की शूटिंग के कुछ सीन शामिल है। रोहित द्वारा शेयर किए गए वीडियो में अंत में अक्षय कुमार की एंट्री होती है। अक्षय फिल्म में बिल्कुल अलग लुक में नजर आएंगे। वीडियो में अक्षय काले रंग का तहमद और कुर्ता पहने बाल्ड लुक में नजर आए। बिना बालों के अक्षय को देखकर अजय देवगन और रोहित शेट्टी भी हंसते दिखाई दिए।

टीवी मसाला



# कृष्णा ने पलटा गेम, द 50 से आरुषि, सपना और मनीषा बाहर

**नई दिल्ली।** शो 'द 50' का हाल ही में एक प्रोमो रिलीज हुआ। यह शो अपने फिनाले की तरफ बढ़ रहा है। अब प्रतियोगी शो में बने रहने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। इस शो में बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ भी बतौर प्रतियोगी नजर आ रही हैं। हालिया प्रोमो वह एक प्रतियोगी और अपनी टीम मेंबर से लड़ती-झगड़ती दिखीं। कृष्णा श्रॉफ ने अपनी ही टीम मेंबर आरुषि को शो से बाहर करने के लिए हामी भरी। यह बात आरुषि को बुरी लगी, उसने कृष्णा से सवाल-जवाब किया। इस दौरान कृष्णा ने कहा कि उनकी प्रायोरिटी सिर्फ 'द 50' शो है, ना कि कोई प्रतियोगी। इस तरह से कहीं ना कहीं कृष्णा ने अपने ही टीम मेंबर को शो में बने रहने के लिए धोखा दिया। आरुषि को वोट आउट करने से पहले ही कई प्रतियोगी दो दिन पहले ही शो से बाहर हो चुके थे। इस लिस्ट में डांसर सपना चौधरी और इंफ्लुएंसर मनीषा रानी शामिल हैं। सपना चौधरी इस शो के कारण काफी चर्चा में आईं, उनके बाकी प्रतियोगियों से काफी झगड़े भी हुए।'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं। इनके अलावा प्रिंस नरुला का नाम भी विनर के तौर पर सामने आ रहा है। दर्शक इन दोनों को काफी पसंद कर रहे हैं। 'द 50' शो की बात करें तो इसमें लगभग 50 प्रतियोगी शामिल हुए थे। जिसमें कुछ एक्टर, इंफ्लुएंसर, स्पोर्ट्स पर्सन थे। अब तक कई लोग शो से बाहर हो चुके हैं। यह रियलिटी शो जीयो हॉटस्टार पर और कलर्स चैनल पर टेलीकास्ट होता है।

## जसकोमल पर दिल हार बैठीं पवित्रा

**नई दिल्ली।** अपनी सगाई की घोषणा के लगभग छह महीने बाद, पवित्रा पुनिया एक बार फिर चर्चा में हैं। पवित्रा के मंगेतर का चेहरा सामने आ गया है। उनके होने वाले पति जसकोमल सिंह ने खुद सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर करके सबको चौंका दिया है, जिसमें वो पवित्रा को प्रपोज करते नजर आ रहे हैं। जसकोमल सिंह अमेरिका में रहते हैं और एक बिजनेसमैन हैं। मनोरंजन इंडस्ट्री से उनका कोई लेना-देना नहीं है। वह बहुत अच्छे और दयालु इंसान हैं, जैसा कि पवित्रा ने एक इंटरव्यू में कहा था। संगीत से उन्हें काफी लगाव है। उनका इंस्टाग्राम गाने के वीडियो से भरा पड़ा है। उनके इंस्टाग्राम पर करीब 23.7 हजार फॉलोअर्स हैं, लेकिन वे सिर्फ 52 लोगों को फॉलो करते हैं। पवित्रा ने बताया था कि वे काफी समय से साथ हैं और यह रिश्ता उन्हें सही लगता है। उनका परिवार भी इस रिश्ते से बहुत खुश है। इससे पहले पवित्रा का रिश्ता अभिनेता एजाज खान से था।



# किसी ने महज 10 साल में जीता अवॉर्ड तो किसी को मिली प्लास्टर की ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** पहला ऑस्कर समारोह 16 मई 1929 को लॉस एंजिल्स के हॉलीवुड रूजवेल्ट होटल में एक निजी डिनर के रूप में आयोजित किया गया था। यह समारोह सिर्फ 15 मिनट ही चला था। पहले ऑस्कर अवॉर्ड में विंग्स को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड मिला था। जबकि एमिल जैनिंग्स सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और जेनेट गेनर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री बनी थीं। वहीं फ्रैंक बोरजेज को 'सेवन हेवन' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (ड्रामा) का ऑस्कर मिला था।

व्यक्तिगत तौर पर वाल्ट डिज्नी ने सबसे अधिक 26 ऑस्कर जीतने का रिकॉर्ड बनाया है, और उन्हें 59 बार नामांकित किया गया था।

अमेरिकी अभिनेत्री टैटम ओ नील सबसे कम उम्र में ऑस्कर जीतने वाली शख्स हैं। उन्होंने सिर्फ 10 साल की उम्र में 'पेपर मून' फिल्म के लिए अवॉर्ड अपने नाम किया था।

क्रिस्टोफर प्लंबर ऑस्कर जीतने वाले सबसे उम्रदराज कलाकार हैं। उन्होंने 82 साल की उम्र में यह अवॉर्ड जीता।

कैथरीन बिगेलो ऑस्कर जीतने वाली पहली महिला निर्देशक हैं। उन्हें 2010 में फिल्म 'द हर्ट लॉकर' के लिए यह अवॉर्ड मिला था।



साउंड मिक्सर केविन ओ कोनेल एक ऐसे शख्स हैं, जिन्होंने 20 नॉमिनेशंस के बावजूद आज तक कोई ऑस्कर नहीं जीता है।

जैक निकोलसन सबसे ज्यादा बार नॉमिनेट होने वाले एक्टर हैं जिन्हें 12 ऑस्कर्स मिल चुके हैं।

जीवित व्यक्तियों में सबसे ज्यादा बार कंपोजर जॉन विलियम्स को नॉमिनेट किया गया है। उन्हें 49 ऑस्कर नॉमिनेशन मिले हैं।

पीटर फिंच और हीथ लेजर एकमात्र ऐसे अभिनेता हैं जिन्हें मरणोपरांत ऑस्कर से सम्मानित किया गया है।

ऑस्कर की ट्रॉफी सोने की बनी होती है। लेकिन एक समय ऐसा भी था जब ऑस्कर की ट्रॉफी प्लास्टर की दी गई थी। दरअसल, दूसरे विश्व युद्ध के दौरान धातु की कमी के कारण, 3 साल तक ऑस्कर की मूर्तियां सोने के बजाय प्लास्टर की बनाई गई थीं।

1938 में अमेरिकी एक्टर एडगर बर्गन को ऑस्कर की अनोखी ट्रॉफी दी गई थी। ये ट्रॉफी लकड़ी की बनी हुई थी, जिसमें एक चलता हुआ मुंह था, जो चार्ली मैकार्थी की वेंट्रिलोक्विज़्म विशेषता को दर्शाता था।

ऑस्कर के इतिहास में केवल 3 लोग ही ऐसे हैं जिन्होंने ये अवॉर्ड लेने से मना कर दिया। इनमें डडली निकोल्स, जॉर्ज सी. स्कॉट और मार्लन ब्रांडो के नाम शामिल हैं। इन्होंने व्यक्तिगत सिद्धांतों और राजनीतिक विरोध के चलते पुरस्कार लेने से मना किया था।

जेनिफर लॉरेंस ने 2013 में ऑस्कर में 40 लाख डॉलर की ड्रेस पहनी थी, जो ऑस्कर इतिहास की सबसे महंगी ड्रेसों में से एक है।

# धुरंधर 2 की रिलीज से पहले रणवीर संग दिखीं दीपिका...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ी रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की एक साथ झलक पाने को फैंस हमेशा बेकरार रहते हैं। हील ही में रणवीर और दीपिका लंबे समय बाद एक साथ स्पॉट हुए। दोनों को एक साथ किसी खास की शादी में देखा गया, जिसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया हैंडल पर जमकर वायरल हो रही हैं।दीपिका और रणवीर काफी समय बाद सार्वजनिक रूप से एक साथ दिखाई दिए हैं। हाल ही में, रणवीर और उनकी पत्नी दीपिका एक शादी में साथ दिखे। दोनों स्टाइलिस्ट एका लखानी और प्रोड्यूसर रवि भगचंदका की शादी में शामिल हुए, जो 14 मार्च को हुई। दोनों ने पैपराजी से बचने की कोशिश की, लेकिन एक मेहमान के साथ उनकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। फैंस दोनों को एक साथ शादी में देखकर काफी खुश हैं। दीपिका ने गुलाबी ड्रेस पहनी हुई है। हैवी ज्वेलरी और हल्के मेकअप में दीपिका बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं रणवीर कढ़ाई वाले कुर्ते में बहुत हैंडसम दिख रहे हैं। रणवीर के फैंस हमेशा उन्हें और दीपिका को साथ देखने के लिए उत्सुक रहते हैं, ऐसी तस्वीरें देखकर फैंस खुश हो जाते हैं।



स्टाइलिस्ट एका लखानी और प्रोड्यूसर रवि भगचंदका की शादी में दीपिका और रणवीर के अलावा अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ जैसे सेलेब्स भी शामिल हुए। अदिति राव हैदरी की भी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। 'धुरंधरः द रिवेंज' की रिलीज से ठीक पहले दीपिका और रणवीर की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। फिल्म 'धुरंधर 2' 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## फिल्ममेकर्स मानते थे लकी, गरीबी में तोड़ा दम

# हीरालाल : भारतीय सिनेमा का पहला विलेन, देश की आजादी के लिए लड़ा

*मुंबई। जब भी भारतीय सिनेमा के आइकॉनिक विलेन्स की बात होती है, तो जेहन में शाकाल, मोगेम्बो और गब्बर जैसे किरदार और उन्हें निभाने वाले एक्टर्स के चेहरे ही उभरते हैं, लेकिन जानते हैं कि भारतीय सिनेमा का पहला विलेन कौन था? भारतीय सिनेमा की शुरुआत साल 1913 में हुई थी। तब पहली बार लोगों को फिल्मों और फिल्मी पर्दे के बारे में पता चला था। फिर धीरे-धीरे फिल्मों में नेगेटिव किरदारों की शुरुआत हुई, तो सबसे पहला मौका इसी एक्टर को मिला। ये थे हीरालाल यानी हीरालाल ठाकुर, जिन्हें भारतीय सिनेमा का पहला विलेन माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि भारतीय सिनेमा में विलेन के किरदारों की शुरुआत हीरालाल ने ही की थी। लेकिन हीरालाल की उपलब्धि सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं रही। बल्कि वह देश की आजादी की लड़ाई भी लड़े। हीरालाल ने अपने 50 साल से अधिक लंबे करियर में 150 फिल्में कीं, पर अफसोस कि जब उनकी मौत हुई, तो जेब में एक फूटी कौड़ी नहीं थी। 'संडे सिनेमा' की स्पेशल सेगमेंट में भारतीय सिनेमा के इसी नायाब हीरे यानी हीरालाल ठाकुर की कहानी बता रहे हैं।*



### निभाए ज्यादातर नेगेटिव किरदार

हीरालाल ठाकुर ने वैसे तो फिल्मों में कैरेक्टर आर्टिस्ट का रोल ही प्ले किया था, पर उनके ज्यादातर किरदार नेगेटिव थे। इसी वजह से उन्हें भारतीय सिनेमा का 'बैडमैन' कहा जाने लगा था। हीरालाल साल 1912 में लाहौर में पैदा हुए थे। परिवार में कोई भी फिल्मों में नहीं था, लेकिन उन्हें रामलीला देखकर एक्टिंग का शौक लग लग गया। रामलीला में भी वह रावण के किरदार से प्रभावित थे। यह प्रभाव इस कदर हावी था कि हीरालाल ने विलेन बनकर छाने और नेगेटिव किरदार से ही शुरुआत करने का फैसला कर लिया।


### इस फिल्म ने रातोंरात बनाया स्टार

हीरालाल इसी ख्वाहिश के साथ फिल्मों में आ गए। उन्होंने साइलेंट फिल्मों के दौर में सिनेमा में कदम रखे थे। हीरालाल ठाकुर को पहली फिल्म साल 1924 में ऑफर हुई थी, जिसका नाम 'सफदर जंग' था, लेकिन उन्होंने शूटिंग 1929 में फिल्मों में एंट्री के बाद शुरू की थी। इसी के साथ हीरालाल को 'डॉटर्स ऑफ टुडे' नाम की एक फिल्म भी ऑफर हुई। वह फिल्म 'सफदर जंग' से पहले रिलीज हो गई। यह 1928 में आई थी और हीरालाल की बतौर डेब्यू पहली फिल्म मानी जाती है। इसके बाद जब 'सफदर जंग' रिलीज हुई, तो वह ब्लॉकबस्टर रही और हीरालाल छा गए।

### बंटवारे के बाद भारत आए

फिर आया साल 1945, जब बंटवारे की बादल हावी होने लगे। उसी दौरान हीरालाल ने लाहौर में दर्पणरानी नाम की एक लड़की से शादी कर ली और पांच बेटे-एक बेटी के पिता बने। साल 1947 में बंटवारा हुआ तो हीरालाल पाकिस्तान छोड़कर भारत आ गए और कोलकाता में बस गए। फिर वहां से 1949 में बॉम्बे चले गए। चूंकि, हीरालाल की पंजाबी, उर्दू, हिंदी और इंग्लिश भाषा पर अच्छी-खासी पकड़ थी, इसलिए उन्हें बॉम्बे में काम ढूंढने में कोई दिक्कत नहीं हुई। फिल्मों में भी आसानी से काम मिल गया।

### ऑल टाइम हिट फिल्में



कृष्ण लीला (1946), सीता (1934), मेरी बहन (1944), अरेबियन नाइट्स (1946), महबूबा (1954), शाह बेहराम (1955), रियासत (1955), सिंदबाद, अलीबाबा और अल्लादीन (1965), शीबा और हरक्यूलिस (1967), अलीबाबा (1976)।

### 20 साल में 20 फिल्में

इस एक फिल्म ने हीरालाल को साइलेंट फिल्मों के दौर के टॉप स्टार्स में ला खड़ा किया। इसके बाद हीरालाल के पास फिल्मों की लाइन लग गई। 'सिनेमाजी' के मुताबिक, उन्होंने 1928 से साल 1948 के बीच करीब 20 फिल्में कीं, जिनमें विलेन और नेगेटिव रोल प्ले किए। वो सभी फिल्में हिट रहीं और मेकर्स उन्हें अपना लकी चार्म मानने लगे। बताया जाता है कि उसके बाद सभी मेकर्स हीरालाल को अपनी फिल्म में साइन करने के लिए उत्साहित रहते थे। उनकी ज्यादातर फिल्में हिट हो जाती थीं। इनमें 'कृष्ण लीला', 'सीता' और 'मेरी बहन' जैसी फिल्में शामिल हैं। अपने करियर में हीरालाल ने सिर्फ नेगेटिव किरदार ही निभाए, बल्कि पौराणिक, एक्शन और फैंटेसी जॉनर की फिल्मों में भी हाथ आजमाया, और वहां भी उन्हें सफलता ही हाथ लगी।

# आईसीएसआई ने 2047 तक 1.5 लाख सीएस बनाने का रखा लक्ष्य, बनाया जा रहा रोडमैप

## आईसीएसआई भोपाल चैप्टर के विशेषज्ञों ने दी लोन, निवेश, संबंधित पक्ष लेनदेन पर जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईसीएसआई ने 2047 तक देशभर में 1.5 लाख सीएस बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है। यह बात आईसीएसआई के प्रेसिडेंट पवन चांडक ने शनिवार को भोपाल चैप्टर के ज्ञानोदय विषय पर होटल मोटल शिराज में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि फिलहाल 12000 सक्रिय सीएस हैं। देश की आर्थिक तरक्की के लिए ज्यादा से ज्यादा सीएस बनाने होंगे।

कार्यक्रम में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के कंपनी के प्रेसिडेंट, पदाधिकारी, सदस्य, छात्र एवं कॉरपोरेट जगत से जुड़ी हस्तियां मौजूद रहीं। कार्यक्रम के तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञों ने आईसीएसआई से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। प्रथम सत्र में सीएस वेंकटरामन कृष्णन ने प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी ने लोन, निवेश, संबंधित पक्ष लेनदेन विषय पर जानकारी दी। द्वितीय सत्र में डॉ. प्रिया सोनपर ने समग्र स्वास्थ्य एवं कार्यस्थल पर तनाव विषय पर प्रतिभागियों को मानसिक संतुलन बनाए रखने के उपाय साझा किए। प्रेसिडेंट पवन चांडक ने संस्थान से जुडे.मुद्दों पर अपनी बात रखते हुए कहा कि वर्तमान समय में कंपनी सेक्रेटरी न केवल अनुपालन सुनिश्चित करने में बल्कि संगठनों के रणनीतिक निर्णयों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान (आईसीएसआई) के सीएस अंकुर चौकसे, सीएस मनीष पाटीदार, सीएस सीएस अमन जैन, सीएस प्रदीप मुटरेजा, सीएस प्रवेश धवन, सीएस आशीष करोडिया, सीएस राजेश तरपारा, सीएस अंकित रोहित भी उपस्थिति थे।


आयोजित कार्यक्रम में शामिल अतिथि।

### आईसीएसआई के देशभर में हैं 35 सेंटर

आईसीएसआई के प्रेसिडेंट पवन चांडक ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि आईसीएसआई के पूरे देश में 35 सेंटर है। देश की बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियों में सीएस के बिना कार्य करना नामुमकिन है। कंपनियों के टर्नओवर व विकास में सीएस का महत्वपूर्ण योगदान है। सीएस के बिना कंपनियां डूब सकती है। सीएस देश की अर्थवयव्स्था का अभिन्न अंग है। भोपाल चैप्टर में 5400 स्टूडेंटस सीएस की तैयारी कर रहे है। 60 प्रतिशत लड़कियां सीएस की तैयारी कर रहीं है। आईसीएसआई ने देश की नामी सेंट्रल, स्टेट व प्राईवेट यूनिवर्सिटीयों के साथ 186 एमओयू साइन किए है।

### शहीद सैनिक की बेटी की सीएस तैयारी के लिए निःशुल्क शिक्षा

चांडक ने बताया कि अगर कोई शहीद सैनिक की बेटी सीएस की तैयारी करती है तो उनके लिए आईसीएसआई ने निःशुल्क शिक्षा देने का निर्णय भी लिया है। प्रेसिडेंट चांडक के मुताबिक सीए बनने से कहीं ज्यादा कठिन सीएस बनना है। सीए की मार्केटिंग सीएस के मुकाबलें ज्यादा है, इसलिए बच्चे सीए की तैयारी ज्यादा करते हैं।

## खबर संक्षेप

### चलती कार में लगी आग, बाल-बाल बचे एनएमडीसी के कर्मचारी

जगदलपुर। जगदलपुर-बीजापुर नेशनल हाईवे पर रविवार को एक चलती कार में आग लग गई। घटना में चालक और एक अन्य युवक वाहन से बाहर निकल गए, जिससे दोनों की जान बाल-बाल बच गई। कार बचेली की बताई जा रही है और सवार दोनों शख्स एनएमडीसी के कर्मचारी बताए जा रहे हैं। वे कार की सर्विसिंग के लिए जा रहे थे। इसी दौरान बास्तानार घाट में अचानक कार के इंजन हिस्से से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते वाहन में आग लग गई।

### वरिष्ठ पत्रकार विशाल तिवारी राजभाषा आयोग के सदस्य हुए नामित

नई दिल्ली। भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने वरिष्ठ पत्रकार विशाल तिवारी को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा हिंदी सलाहकार समिति (जनजातीय कार्य मंत्रालय) में नामित किया गया है। केंद्र सरकार ने विशाल तिवारी की नियुक्ति को गजट ऑफ इंडिया में अधिसूचित कर दिया है। बता दें कि राजभाषा आयोग गृह मंत्रालय के अधीन काम करता है। विशाल तिवारी के अलावा लोकसभा सांसद डॉ. हेमंत विष्णु सवरा, गौरव गोगोई, कृतिदेवी देबबर्मन, राज्यसभा सांसद रामिलाबेन बेचारभाई बारा, चुन्नीलाल गरासिया और रामचन्द्र जागड़ा समेत कई और नामी जानी हस्तियों को नामित किया गया है। राजभाषा आयोग हिंदी को राजभाषा के रूप में मान्यता दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके साथ विभिन्न मातृ भाषाओं के लिए कार्य करता है।



## शुजालपुर में हुआ सर्व धर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन

# सामूहिक विवाह सामाजिक सद्भाव बढ़ाने का सशक्त माध्यम: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

### 162 बेटियों का विवाह और 38 बेटियों का हुआ निकाह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी संस्कृति के मूल में सामाजिकता है, सद्भाव है और इस सद्भाव को बढ़ाने में सामूहिक विवाह सम्मेलन एक बड़ा ही मजबूत और कारगर माध्यम है। उन्होंने कहा कि पहले बेटी के जन्म होने के साथ ही उसके परिवार को बेटी की शादी की चिंता सताती थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार बेटियों का कन्यादान और विदाई कर रही है।

इस योजना से प्रदेश के गरीब-वंचित और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का घर बस रहा है। डॉ. यादव शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से शाजापुर जिले के शुजालपुर में हुए सर्व धर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में 200 बेटियों का सामूहिक विवाह-निकाह सम्पन्न हुआ। इसमें 162 बेटियों का विधि-विधान से विवाह और 38 बेटियों का कबूलियत निकाह कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नवविवाहित जोड़े को मंगलाशीष के तौर पर सरकार की ओर से गृहस्थी के लिए 49-49 हजार रूपए दिए जा रहे हैं।



कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन।

### शादी-ब्याह में होने वाले फिजूलखर्चों से बचें: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मितव्ययिता बेहद जरूरी है। इसलिए शादी-ब्याह में होने वाले फिजूलखर्चों से बचें। अपने बेटे-बेटियों का विवाह, निकाह सामान्य समारोह या सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही करें। इससे जो धन बचे, वह अपने बच्चों के बेहतर जीवन के लिए बचाकर रखें। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने अपने पुत्र का विवाह भी सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही कराया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नवविवाहित जोड़ों को बधाई और सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि यह सामूहिक विवाह सम्मेलन आगे और भी अधिक विशाल बनेगा।

### योजना ने बनाई अपनी एक अलग ही पहचान

*उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने विवाह सम्मेलन में कहा कि हमारी सरकार ने समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई हैं। सामाजिक सुरक्षा और सद्भाव के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना ने अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है। आज के दौर में विवाह आयोजनों में फिजूलखर्ची बढ़ रही है। यह समाज के हित में नहीं है। इसलिए सभी को अपने पुत्र-पुत्रियों का विवाह सामूहिक विवाह और ऐसे आयोजनों में ही कराने की ओर बढ़ना होगा। परमार ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी का जीवन प्रेम, विश्वास, सम्मान और संस्कारों से परिपूर्ण रहे।*

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल के बैतूल निवास पहुंचे सीएम डॉ. मोहन, स्व. सुरभि को अर्पित की श्रद्धांजलि


खंडेलवाल से चर्चा करते सीएम।

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के बैतूल स्थित निवास पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की सुपुत्री सुरभि खण्डेलवाल के दुःखद निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान किया।


स्व. सुरभि को श्रद्धांजलि अर्पित करते डॉ. यादव।

### स्व. सुरभि खंडेलवाल को दी श्रद्धांजलि



भाजपा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल की सुपुत्री स्वर्गीय सुरभि खंडेलवाल के असामयिक निधन पर बैतूल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा शोकाकुल परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया गया। इस दौरान ईश्वर से प्रार्थना की गई कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दक्षिण पश्चिम विधानसभा के प्रभारी महेंद्र दवे, भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य विनय पांडे तथा महाराणा प्रताप मंडल महामंत्री अंकित शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रवण बाधित पेशेवरों एवं सांकेतिक भाषा इंटरप्रेटर्स के लिए देश का प्रथम भौतिक मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से श्रवण बाधित पेशेवरों तथा सांकेतिक भाषा इंटरप्रेटर्स के लिए भारत का प्रथम भौतिक 40-घंटे का मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। पांच दिवसीय यह गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम इंदौर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर के सहयोग से तथा उच्चतम न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति (एमसीपीसी) नई दिल्ली के तत्वावधान में किया जा रहा है। न्याय तक समावेशी पहुंच को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह पहल न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा मुख्य न्यायाधिपति मप्र उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दूरदर्शी नेतृत्व में तथा न्यायमूर्ति विवेक रूसिया प्रशासनिक न्यायाधिपति मप्र उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शुरू की गई है।



### सहमति आधारित समाधान को सुगम बनाने की विधि

*कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को भारत में मध्यस्थता के विधिक ढांचे से भी परिचित कराया जा रहा है, जिसमें सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 89 के तहत निहित सिद्धांतों तथा मध्यस्थों से अपेक्षित व्यावसायिक मानकों की जानकारी शामिल है। इस पहल को आनंद सर्विस सोसाइटी व ज्ञानेंद्र पुरोहित ने श्रवण बाधित समुदाय के साथ समन्वय स्थापित करने और प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।*

## मुख्यमंत्री ने सुनीं लोगों की समस्याएं


चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को संत कबीर कुटीर में प्रदेश भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए।

## अपनेपन के वास्तविक धरातल पर दिखा 'अतिथि देवो भव' का जज्बा



गुरुग्राम। श्री गुरु गोबिंद सिंह ट्राई सेंटेनरी यूनिवर्सिटी (एसजीटीयू) और आर्मेनिया के येरेवन स्थित बूसोव स्टेट यूनिवर्सिटी के बीच सहयोग को सुदृढ़ करने, छात्रों को प्रेरित करने और संस्कृतियों के बीच पुल बनाने में विश्वविद्यालयों की भूमिका को रेखांकित करने वाली एक अकादमिक यात्रा पर आधारित अनुभव मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। मैंने भारत के बारे में सुन रखा था कि वहां मेहमान को भगवान माना जाता है। मुझ पर संकट आया और मुझे एक इंटरनेशनल कांफ्रेंस में आमंत्रित करने वाले एसजीटी विश्वविद्यालय ने हर स्तर पर मेरी मदद की। यह कहना है आर्मेनिया के येरेवन विश्वविद्यालय में रोमानियन लैंग्वेज इंस्टीट्यूट की स्पेशलिस्ट डॉ. ऑरोरा मार्टिन का। वह हाल ही में गुरुग्राम स्थित एसजीटी विश्वविद्यालय द्वारा विशेष एक इंटरनेशनल कांफ्रेंस में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित की गई थीं। डॉ. ऑरोरा मार्टिन ने विशेष बातचीत में बताया कि विश्वविद्यालय में मेरी उपस्थिति " चेंजिंग डायनामिक्स आफ इंडियाज नैरेटिव डिप्लोमेसी" विषय पर आयोजित सम्मेलन में संभव हुई, जिसे डॉ. नंदिनी बसिष्ठ के सहयोग से आयोजित किया गया था। यह आयोजन हमारे समकालीन विश्व में हो रहे सामाजिक और बौद्धिक परिवर्तनों पर विचार-विमर्श का एक सशक्त मंच सिद्ध हुआ। उन्होंने कहा,साथ ही, मुझे एक ऐसे जीवंत अकादमिक समुदाय के साथ संवाद का अवसर मिला जो जिज्ञासा, खुलेपन और सार्थक विमर्श की प्रतिबद्धता से परिपूर्ण है। इस यात्रा की एक विशेष उपलब्धि एसजीटी विश्वविद्यालय और बूसोव स्टेट यूनिवर्सिटी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होना रहा। यह समझौता संस्थागत सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इस साझा विश्वास को प्रतिबिंबित करता है कि अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारियां ज्ञान के आदान-प्रदान, अंतर सांस्कृतिक समझ और छात्रों तथा शोधकर्ताओं के लिए नए अवसरों को बढ़ावा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि अपने प्रवास के दौरान मुझे स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज, सोशल साइंसेज एंड लिबरल आर्ट्स में "जेंडर सिक्योरिटी" विषय पर पांच दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने का अवसर भी मिला। इन सत्रों में छात्रों को महिलाओं की सुरक्षा के विभिन्न आयामों—व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर से लेकर सामुदायिक, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर तक—पर विचार करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें यह समझने के लिए प्रोत्साहित किया गया कि सुरक्षित और समानतापूर्ण समाज के निर्माण में हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी क्या है।

### 'सजग कोरबा, सतर्क कोरबा' अभियान का असर

## चोरी की घटनाओं का खुलासा महिला समेत चार आरोपी धराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले में चलाए जा रहे 'सजग कोरबा, सतर्क कोरबा' अभियान के तहत कोरबा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों में हुई तीन चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात, मोबाइल फोन और नगदी भी बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में जिले भर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना सिविल लाइन रामपुर और मानिकपुर चौकी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी के मामलों का खुलासा किया। थाना सिविल लाइन रामपुर में दर्ज दो अलग-अलग मामलों में अमित दिवाकर और नंद कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 मार्च 2026 को वे परिवार सहित शादी समारोह में गए थे। अगले दिन लौटने पर घर का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर रखे सोने-चांदी के जेवरात, चांदी की पायल, बच्चों के चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन और नगदी चोरी हो चुकी थी।

### एमसीयू में हैप्पीनेस पर विशेष कोर्स शुरू

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में रेखी फाउंडेशन के सहयोग से एमसीयू रेखी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर द साइंस ऑफ हैप्पीनेस शुरू हुआ है। इसके तहत क्रेडिट आधारित एक नया ओपन इलेक्टिव कोर्स प्रारम्भ किया गया है। शनिवार को इस कोर्स की विशेष कक्षा में विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा का संचालन डॉ. श्रीहरि कृष्णा और डॉ. रितु शर्मा द्वारा किया गया। यह पहल विश्वविद्यालय और रेखी फाउंडेशन फॉर हैप्पीनेस के बीच हुए अकादमिक एमओयू के अंतर्गत की गई है।

### कोरिया के कटगोड़ी स्थित छात्रावास का मामला, पुलिस कर रही जांच

## रात को पिता से मोबाइल पर कहा कि घर ले चलो, सुबह पता चला बेटे ने लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरिया

छत्तीसगढ़ में कोरिया जिले के कटगोड़ी स्थित पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में 13 मार्च की रात एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्र की पहचान सुरेश सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आत्महत्या से पहले उसने अपने पिता से फोन पर बात करते हुए रोते-रोते घर ले जाने की गुहार लगाई थी।

पिता ने उसे समझाते हुए सुबह लेने आने की बात कही, लेकिन सुबह होने से पहले ही बेटे की मौत की खबर आ गई। इस घटना ने छात्रावास की व्यवस्था और वहां के माहौल को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतक छात्र सुरेश सिंह पढ़ाई के साथ-साथ खेल और छात्र हित के मुद्दों को लेकर भी सक्रिय रहता था। परिजनों का आरोप है कि होली के दौरान जब सुरेश घर आया था तब उसने बताया था कि छात्रावास अधीक्षक और एक कर्मचारी उस पर फुटबॉल प्रतियोगिता में जीती गई करीब एक लाख रुपये की राशि बैंक से निकलवाने का दबाव बना रहे थे। सुरेश का कहना था कि यह पैसा टीम के सभी खिलाड़ियों के लिए खेल सामग्री खरीदने में खर्च होना चाहिए, इसलिए वह राशि निकालने का विरोध कर रहा था।




### होली के बाद से रहने लगा था गुमसुम

*परिजनों के अनुसार सुरेश छात्र हित के मुद्दों को लेकर मुखर था और छात्रावास की अव्यवस्थाओं की शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट भी गया था। आरोप है कि इस बात की जानकारी मिलने के बाद अधीक्षक ने नाराजगी जताते हुए ज्यादा बोलने वाले छात्रों की सूची बनाकर उन्हें फेल कराने तक की धमकी दी थी। इधर, घटना की सूचना मिलते ही सोनहत एसडीएम अनसुल वर्मा छात्रावास पहुंचे और कई घंटों तक अन्य छात्रों से अलग-अलग पूछताछ की। प्रारंभिक जानकारी में यह सामने आया है कि होली की छुट्टी के बाद घर से लौटने के बाद से सुरेश कुछ गुमसुम रहने लगा था। वहीं, प्रशासन का कहना है कि मामला संवेदनशील है और जांच जारी है, इसलिए अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।*

## महिला पुलिस अधिकारियों की उपलब्धियों पर सेमिनार आयोजित

### प्रकरणों के अनुभव चुनौतियां एवं उपलब्धियों का प्रस्तुतिकरण किया

# उत्कृष्ट विवेचना के लिए महिला अधिकारियों का सम्मान, 95 महिला पुलिस अधिकारी हुई शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला सुरक्षा शाखा पुलिस मुख्यालय ने नवीन पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में महिला पुलिस अधिकारियों की उपलब्धियों का प्रस्तुतिकरण एवं सम्मान विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से लेकर प्रधान आरक्षक स्तर तक की कुल 95 महिला पुलिस अधिकारी प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुईं। सेमिनार के दौरान महिला पुलिस अधिकारियों की ओर से अपने विवेचित महत्वपूर्ण प्रकरणों से संबंधित अनुभव, चुनौतियां एवं उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुतियों में विवेचना की अवधि, अनुसंधान के दौरान सामने आई चुनौतियां तथा उनसे निपटने की प्रक्रिया, साक्ष्य संकलन की वैज्ञानिक एवं विधिक प्रक्रिया, न्यायालय की ओर से की गई महत्वपूर्ण टिप्पणियों का विश्लेषण तथा विवेचना के दौरान अपनाई गई प्रभावी रणनीतियों जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।


फाइल फोटो

### उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया

*सेमिनार के समापन अवसर पर विशेष पुलिस महानिदेशक (महिला सुरक्षा) अनिल कुमार ने चयनित प्रतिभागियों को उत्कृष्ट विवेचना एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। प्रथम पुरस्कार उपनिरीक्षक लक्ष्मी बागरी जिला मैहर को मूल्यांकन के उपरांत उत्कृष्ट विवेचना के लिए प्रथम पुरस्कार उपनिरीक्षक लक्ष्मी बागरी (जिला मैहर), द्वितीय पुरस्कार उपनिरीक्षक मोनिका गौर (जिला नर्मदापुरम) तथा तृतीय पुरस्कार उपनिरीक्षक अंजली श्रीवास्तव (नगरीय पुलिस, इंदौर) को प्रदान किया गया। वहीं उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रथम पुरस्कार उपनिरीक्षक वीणा विश्वकर्मा (जिला टीकमगढ़) का चयन किया गया।*

## चिंतन

# अब होगी नेताओं के दावों की परीक्षा

देश के पांच राज्यों असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सियासी शंखनाद हो चुका है। चुनाव आयोग ने मतदान की तारीखों का ऐलान कर दिया है और इसके साथ ही इन राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। लोकतंत्र के इस महापर्व में सत्ता की दौड़ तेज होगी। नेताओं के बड़े-बड़े दावे जनता की कसौटी पर परखे जाएंगे। करीब 17.4 करोड़ मतदाताओं और 824 विधानसभा सीटों पर होने वाला यह चुनाव केवल सरकार बदलने का सवाल नहीं, बल्कि लोकतंत्र की परिपक्वता और जनता की उम्मीदों की भी बड़ी परीक्षा है। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार केरल, असम और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा, जबकि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। पांचों राज्यों के चुनाव परिणाम 4 मई को घोषित किए जाएंगे। इसके साथ ही सियासी गतिविधियां तेज हो चुकी हैं और राजनीतिक दलों ने अपने-अपने एजेंडे, वादों और रणनीतियों को धार देना शुरू कर दिया है। इन चुनावों की खास बात यह है कि यहां राष्ट्रीय दलों और क्षेत्रीय दलों के बीच सीधी और कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। खासकर पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा हमेशा तीखी रही है, जहां क्षेत्रीय दलों की मजबूत पकड़ है। ऐसे में राष्ट्रीय दल भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए पूरी ताकत झोंकते नजर आएंगे। चुनावों के दौरान अक्सर नेताओं द्वारा विकास, रोजगार, महंगाई और कल्याणकारी योजनाओं को लेकर बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं। मुफ्त योजनाओं और जनहित के नाम पर नई-नई घोषणाएं मतदाताओं को प्रभावित करने का एक प्रमुख माध्यम बन जाती हैं, लेकिन समय के साथ मतदाताओं की समझ भी परिपक्व हुई है। अब मतदाता केवल वादों और नारों से प्रभावित नहीं होते, बल्कि वे यह भी देखते हैं कि पिछले कार्यकाल में सरकारों ने वास्तव में क्या काम किया है और जनता के जीवन में कितना बदलाव आया है। यही वजह है कि यह चुनाव नेताओं के दावों की असली परीक्षा बनकर सामने आएगा। चुनाव आयोग ने भी साफ कर दिया है कि आचार संहिता लागू होने के बाद अब कोई भी सरकार नई योजनाओं या घोषणाओं का ऐलान नहीं कर सकेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा या अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोकतंत्र की असली ताकत जनता के हाथ में होती है। चुनाव केवल नेताओं या राजनीतिक दलों की परीक्षा नहीं होते, बल्कि यह मतदाताओं की जिम्मेदारी और जागरूकता की भी कसौटी होते हैं। जब मतदाता अपने अधिकार का ईमानदारी से प्रयोग करते हैं, तभी लोकतंत्र मजबूत होता है। इसलिए जरूरी है कि हर मतदाता इस लोकतांत्रिक पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और अपने वोट का प्रयोग जरूर करे। आखिरकार, चुनाव केवल सत्ता हासिल करने की दौड़ नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को जीतने की प्रक्रिया भी है। नेताओं के लिए यह अवसर है कि वे केवल वादे करने तक सीमित न रहें, बल्कि जनता के भरोसे को निभाने का संकल्प भी दिखाएं क्योंकि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत जनता का विश्वास ही होता है। मई में आने वाला जनादेश किसे सत्ता की जिम्मेदारी सौंपता है। जनता के लिए भी यह जिम्मेदारी के साथ चुनाव करने का मौका है। लोकतंत्र का यह उत्सव आखिर जनता की आकांक्षाओं और उम्मीदों का आईना बनकर सामने आएगा।



विश्लेषण
महेन्द्र तिवारी

# डोनाल्ड ट्रंप के दावे और टूटता तिलिस्म


ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति और उनके आक्रामक व्यापारिक दृष्टिकोण ने वैश्विक भू-राजनीति में भारत और अमेरिका के संबंधों को एक जटिल धरातल पर लाकर खड़ा कर दिया है। हाल के घटनाक्रम और ट्रंप के बयानों से यह आभास होता है कि वे भारत के आर्थिक उभार को एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं, विशेषकर जब वे सार्वजनिक रूप से यह कहते हैं कि वे भारत को 'अगला चीन' नहीं बनने देंगे। हालांकि, उनकी रणनीति का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि भारत के संदर्भ में अमेरिकी दबाव की सीमाएं बहुत संकीर्ण हैं। ट्रंप का यह सोचना कि प्रतिबंधों की धमकी से भारत की विकास यात्रा को नियंत्रित किया जा सकता है, जमीनी हकीकत से परे नजर आता है।

डोनाल्ड ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति और उनके आक्रामक व्यापारिक दृष्टिकोण ने वैश्विक भू-राजनीति में भारत और अमेरिका के संबंधों को एक जटिल धरातल पर लाकर खड़ा कर दिया है। हाल के घटनाक्रम और ट्रंप के बयानों से यह आभास होता है कि वे भारत के आर्थिक उभार को एक चुनौती के रूप में देख रहे हैं, विशेषकर जब वे सार्वजनिक रूप से यह कहते हैं कि वे भारत को 'अगला चीन' नहीं बनने देंगे। हालांकि, इस दावे और भारत पर दबाव बनाने की उनकी रणनीति का सूक्ष्म विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि भारत के संदर्भ में अमेरिकी दबाव की सीमाएं बहुत संकीर्ण हैं।

ट्रंप का यह सोचना कि टैरिफ युद्ध या प्रतिबंधों की धमकी से भारत की विकास यात्रा को नियंत्रित किया जा सकता है, जमीनी हकीकत से परे नजर आता है। भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता नहीं करेगा, चाहे वह व्यापारिक नीतियां हों या रूस जैसे देशों के साथ ऊर्जा संबंध। ट्रंप प्रशासन की ओर से भारत पर टैरिफ हमलों की श्रृंखला तब शुरू हुई, जब अमेरिका ने भारत को 'टैरिफ किंग' करार दिया और हार्ले-डेविडसन जैसी मोटरसाइकिलों पर आयात शुल्क को लेकर कड़ा रुख अपनाया। जवाब में, अमेरिका ने भारत को मिलने वाले 'जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेस' (जीएसपी) के लाभ को समाप्त कर दिया, जिसका उद्देश्य भारतीय निर्यातकों को चोट पहुंचाना था, लेकिन इसके परिणाम ट्रंप की उम्मीदों के विपरीत रहे। भारत ने न केवल अमेरिकी कृषि उत्पादों और बादाम जैसे आयातों पर जवाबी शुल्क लगाकर अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा की, बल्कि अपने निर्यात बाजारों का विविधीकरण भी शुरू कर दिया। आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने के बावजूद, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार में निरंतर वृद्धि देखी गई, जो यह दर्शाता है कि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे पर इस कदर निर्भर हैं कि केवल टैरिफ के जरिए इन्हें अलग करना या भारत को दबाना संभव नहीं है।

अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारत एक अपरिहार्य बाजार और विनिर्माण केंद्र बना हुआ है, जिसे नजरअंदाज करना खुद अमेरिका के लिए आर्थिक आत्मघात जैसा होगा। दबाव की राजनीति का सबसे बड़ा उदाहरण रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान देखने को मिला, जब अमेरिका ने भारत पर रूस से कच्चा तेल न खरीदने और प्रतिबंधों का पालन करने के लिए भारी राजनयिक दबाव डाला। ट्रंप और उनके समर्थक गुट का मानना था कि भारत को अमेरिकी छत्रछाया में लाने के लिए यह सही समय है। हालांकि, भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए न केवल रूस से तेल की खरीद जारी रखी, बल्कि उसे अपनी अर्थव्यवस्था के लिए एक रणनीतिक अवसर में बदल दिया।

अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों और 'प्राइस कैप' जैसी नीतियों को दरकिनार करते हुए भारत ने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप फैसले लिए। यह अमेरिकी कूटनीति की एक बड़ी विफलता मानी जा सकती है क्योंकि वह एक प्रमुख लोकतांत्रिक साझेदार को अपनी मर्जी के अनुसार झुकने पर मजबूर नहीं कर सका। भारत के इस कड़े रुख ने स्पष्ट कर दिया कि नई दिल्ली की विदेश



नीति अब वाशिंगटन के निर्देशों पर नहीं, बल्कि अपने 140 करोड़ नागरिकों की जरूरतों और वैश्विक स्थिरता के अपने दृष्टिकोण पर आधारित है।

भारत की तुलना चीन से करना और उसे 'अगला चीन' न बनने देने की बात करना ट्रंप की एक रणनीतिक भूल को दर्शाता है। चीन का उदय एक सत्तावादी ढांचे के तहत हुआ, जिसने वैश्विक व्यापार नियमों का उल्लंघन किया, जबकि भारत एक लोकतांत्रिक व्यवस्था है जो कानून आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का सम्मान करती है। ट्रंप का यह डर कि भारत अमेरिकी विनिर्माण को निगल जाएगा, तथ्यात्मक रूप से कमजोर है क्योंकि भारत का विकास मॉडल निर्यात-आधारित होने के साथ-साथ उपभोग-आधारित भी है। भारत आज वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लिए एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभर रहा है, जिसे अमेरिका खुद 'फ्रेंड-शोरिंग' के नाम से बढ़ावा देता रहा है। ऐसे में एक तरफ भारत को विनिर्माण का विकल्प बनाना और दूसरी तरफ उसकी प्रगति को रोकने की बात करना ट्रंप की नीतियों में गहरे अंतर्विरोध को उजागर करता है। ट्रंप के कार्यकाल के दौरान यह भी देखा गया कि रक्षा सौदों के मामले में भी अमेरिका का दबाव काम नहीं आया। भारत ने रूस के साथ S-400 मिसाइल प्रणाली का सौदा किया, जिस पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी। भारत का अडिग रहना और अंततः अमेरिका का प्रतिबंधों से पीछे हटना यह साबित करता है कि वाशिंगटन को भारत की सैन्य और सामरिक महत्ता का भली-भांति आभास है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए अमेरिका को भारत की जितनी आवश्यकता है, उतनी भारत को अमेरिका की नहीं।

यह शक्ति संतुलन ट्रंप के उन दावों को खोखला कर देता है, जिनमें वे भारत को नियंत्रित करने की बात करते हैं। भारत की 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलें किसी देश के खिलाफ नहीं बल्कि अपनी क्षमता विस्तार के लिए हैं और ट्रंप के टैरिफ या धमकियां इसे रोकने में अक्षम साबित हुई हैं। अंततः ट्रंप की रणनीति में एक बुनियादी कमी यह है कि वे भारत को केवल एक व्यापारिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखते हैं, जबकि भारत एक सभ्यतागत शक्ति और उभरता हुआ वैश्विक ध्रुव है। भारत की डिजिटल क्रांति, उसका विशाल युवा कार्यबल और उसकी रणनीतिक स्थिति उसे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर ले जा रही है। ट्रंप के 'अमेरिका फर्स्ट' के मुकाबले भारत का 'सबका साथ, सबका विकास' और वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने का संकल्प अधिक समावेशी और प्रभावी है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि ट्रंप द्वारा भारत पर बनाए गए दबाव के हर प्रयास ने भारत को अधिक आत्मनिर्भर बनने और अपने विकल्पों को तलाशने के लिए प्रेरित किया है। भारत को दबाव में रखकर सफल होने का सपना देखने वाले नेताओं को यह समझना होगा कि 21वीं सदी का भारत अपनी शर्तों पर दुनिया के साथ जुड़ने की क्षमता रखता है और किसी भी महाशक्ति का कनिष्ठ भागीदार बनने के बजाय एक समान और स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ट्रंप के दावे महज चुनावी बयानबाजी या दबाव की राजनीति का हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन वास्तविक विश्व व्यवस्था में भारत की गति को रोकना अब किसी भी एक शक्ति के बस की बात नहीं रह गई है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
श्वेता गोयल




# मानवता का सबसे सशक्त सुरक्षा कवच है टीकाकरण

मानव सभ्यता के इतिहास में अदृश्य सूक्ष्मजीवों, वायरसों और जीवाणुओं ने समय-समय पर अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौतियां पेश की हैं। इन प्राणघातक संकटों के विरुद्ध मानवता के पास सबसे सशक्त और अचूक अस्त्र 'टीकाकरण' ही रहा है। भारत में प्रतिवर्ष 16 मार्च को मनाया जाने वाला 'राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस' सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता, वैज्ञानिक चेतना और लाखों जिंदगियों को अकाल मृत्यु से बचाने के संकल्प का उत्सव है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि कैसे विज्ञान ने प्रकृति के प्रकोप को नियंत्रित कर एक स्वस्थ समाज की नींव रखी है। टीकाकरण की महत्ता को समझना आज इसलिए भी अनिवार्य है क्योंकि यह न केवल व्यक्ति विशेष की रक्षा करता है बल्कि एक अभेद्य सामुदायिक सुरक्षा तंत्र (हर्ड इम्यूनिटी) का निर्माण भी करता है। टीकाकरण की प्रक्रिया वास्तव में शरीर की आंतरिक रक्षा प्रणाली को प्रशिक्षित करने की एक कला है। हमारे वातावरण में अनगिनत रोगजनक तत्व विचरण करते हैं, जो किसी भी क्षण हमें अपनी चपेट में ले सकते हैं। वैक्सीन इन खतरों के विरुद्ध शरीर में एक कृत्रिम प्रतिरक्षा जागृत करती है, जिससे हमारा शरीर वास्तविक संक्रमण होने पर उससे लड़ने के लिए पहले ही तैयार रहता है। यह चिकित्सा विज्ञान की वह अद्भुत उपलब्धि है, जिसने चेचक जैसी भयावह बीमारियों का नामोनिशान मिटा दिया और पोलियो जैसे अभिशाप को इतिहास के पन्नों तक सीमित कर दिया। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस का मूल ध्येय समाज के हर वर्ग, विशेषकर नीति निर्माताओं और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को इस अभियान की निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है। यह उन अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं, डॉक्टरों और नर्सों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी क्षण है, जो दुर्गम क्षेत्रों में जाकर हर बच्चे तक 'सुरक्षा की खुराक' पहुंचाना सुनिश्चित करते हैं। यदि हम भारत के संदर्भ में टीकाकरण की ऐतिहासिक विजय गाथा का विश्लेषण करें तो 16 मार्च की तिथि स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। इसी दिन वर्ष 1995 में देश में ओरल पोलियो वैक्सीन की पहली खुराक दी गई थी, जो 'पल्स पोलियो अभियान' के व्यापक शंखनाद का प्रतीक बनी। 'दो बूंद जिंदगी की' का वह नारा केवल एक विज्ञापन नहीं बल्कि एक जन-आंदोलन बन गया, जिसने देश के कोने-कोने में चेतना जगाई। उस समय भारत पोलियो के मामलों का प्रमुख केंद्र माना जाता था लेकिन निरंतर प्रयासों और टीकाकरण की शक्ति ने असंभव को संभव कर दिखाया। परिणामस्वरूप, वर्ष 2011 में पश्चिम बंगाल में अंतिम मामला मिलने के बाद 2014 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को पोलियो मुक्त राष्ट्र घोषित कर दिया। यह उपलब्धि प्रमाणित करती है कि यदि इच्छाशक्ति और टीकाकरण का सही समन्वय हो तो किसी भी महामारी को परास्त किया जा सकता है। टीकाकरण की प्रासंगिकता केवल शिशुओं तक सीमित नहीं है। यद्यपि इसका आरंभ बाल्यकाल की सुरक्षा से होता है परंतु व्यस्क और वृद्धजनों के लिए भी यह उतना ही अनिवार्य है। कोविड-19 वैश्विक महामारी ने इस सत्य को वैश्विक स्तर पर पुनर्स्थापित किया है। 2020 के बाद भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाकर यह सिद्ध किया कि आधुनिक युग की चुनौतियों का सामना केवल वैज्ञानिक नवाचार से ही संभव है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मत है कि टीकाकरण के लाभ केवल व्यक्तिगत आरोग्य तक सीमित नहीं रहते बल्कि इसका व्यापक सामाजिक और आर्थिक प्रभाव पड़ता है। एक स्वस्थ कार्यबल राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को गति देता है और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने वाले अतिरिक्त बोझ को कम करता है। ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारत में टीकाकरण की जड़ें बहुत गहरी हैं। दस्तावेजी प्रमाण बताते हैं कि 1802 में मुंबई की एक नन्ही बालिका को चेचक का टीका लगाकर इस आधुनिक सुरक्षा चक्र की शुरुआत हुई थी। उसके बाद 1896 में अनिवार्य टीकाकरण अधिनियम का आना और 20वीं सदी के प्रारंभ तक हैजा, प्लेग और टाइफाइड जैसी महामारियों के विरुद्ध टीकों की उपलब्धता ने भारतीय स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती प्रदान की। टीकाकरण केवल दवा की बूंद नहीं है बल्कि यह एक स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की पहली शर्त है। आज जब हम आधुनिक प्रौद्योगिकियों के युग में जी रहे हैं, तब हमारा यह दायित्व है कि हम भ्रांतियों और अफवाहों को दरकिनार कर टीकाकरण को एक नागरिक कर्तव्य के रूप में अपनाएं। यदि हम 'पूर्ण टीकाकरण' के लक्ष्य को प्राप्त कर लेते हैं तो भविष्य की पीढ़ियों को हम एक रोगमुक्त और निर्भय संसार उपहार में दे सकेंगे। हर साल लाखों जिंदगियां बचाने का यह संकल्प तभी फलीभूत होगा, जब 'सुरक्षा का यह चक्र' समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ईश्वर की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत तत्व की आराधना है।


## दूसरों को कमजोर समझने की गलती न करें



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध में अर्जुन और कर्ण आमने-सामने थे। दोनों दिव्य अस्त्र-शस्त्रों से लड़ रहे थे। जब-जब अर्जुन के तीर कर्ण के रथ पर लग रहे थे तो कर्ण का रथ बहुत पीछे खिसक रहा था। दूसरी ओर जब-जब कर्ण के तीर अर्जुन के रथ पर लगते तो उसका रथ थोड़ा सा ही पीछे खिसकता था। ये देखकर अर्जुन को घमंड हो गया कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। अर्जुन ने ये बात श्रीकृष्ण से कही तो भगवान ने कहा कि तुम्हारे बाणों से ज्यादा शक्ति कर्ण के बाणों में है। भगवान की बात सुनकर अर्जुन ने कहा कि ये कैसे संभव है, मेरा रथ तो थोड़ा सा ही पीछे खिसक रहा है। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम्हारे रथ पर मैं स्वयं बैठा हूं, ऊपर ध्वजा पर हनुमान जी विराजित हैं, तुम्हारे रथ के पहिए को शेषनाग ने थाम रखा है। इतना होने के बाद भी कर्ण के बाण ये रथ पीछे खिसक रहा है तो इसका मतलब यही है कि उसके बाणों में ज्यादा शक्ति है। यदि ये न होता तो पता नहीं तुम्हारे रथ की क्या स्थिति होती। ये बात सुनकर अर्जुन को अपनी गलती का अहसास हो गया और उसका घमंड टूट गया। इस कथा में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सीख दी है कि कभी अपनी शक्ति का घमंड न करें और शत्रु को कमजोर न समझें। यथा स्थिति का अच्छा से अवलोकन करे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बड़ा बोझ क्यों बन रही शादियां?

भारत में शादी सिर्फ दो लोगों का मिलन नहीं बल्कि एक बड़ा सामाजिक आयोजन भी माना जाता है। यहां शादी में परिवार, रिश्तेदार, दोस्त और पूरा समाज शामिल होता है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में शादियों का स्वरूप बहुत बदल गया है। आजकल कई शादियां इतनी भव्य और महंगी हो गई हैं कि उनमें करोड़ों रुपए तक खर्च किए जाते हैं। बड़े-बड़े होटल, महंगे कपड़े, विदेशी सजावट, मशहूर कलाकारों के कार्यक्रम और कई दिनों तक चलने वाले समारोह अब आम बात हो गए हैं। ऐसी शादियों का सबसे बड़ा प्रभाव गरीब वर्ग पर पड़ता है। जब समाज में अमीर लोग बहुत महंगी शादियां करते हैं तो बाकी लोगों पर भी वैसी ही शादी करने का दबाव बनने लगता है। आर्थिक क्षमता से अधिक खर्च बोझ बन जाता है।

*- मनोज जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### हमलों के बाद 'काली बारिश' से ईरान की जनता को खतरा

अमेरिका व इजराइल के ईरान के तेल भंडारों पर किये गये हवाई हमलों कारण उठे जहरीले धुएं के बादल धरती पर 'काली बारिश' हुई।
अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसके मद्देनजर जनता के लिए गंभीर खतरों की चेतावनी जारी की है।



पिछले हफ्ते ईरान के कई तेल डिपो और एक रिफाइनरी पर हमले के बाद तेहरान के पास काली और तैलीय बारिश हुई, जिससे राजधानी के निवासियों ने आंखों में जलन और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की। दो सप्ताह से जारी युद्ध के दौरान क्षेत्र के अन्य हिस्सों में भी काले धुएं के गुबार देखे गए। ईरान भी फारस की खाड़ी के पड़ोसी देशों के तेल और प्राकृतिक गैस भंडारों पर ड्रोन व मिसाइलों से हमला कर अमेरिकी-इजराइली हवाई हमलों का जवाब दे रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, बारिश अपेक्षाकृत कम समय में वायुमंडल से खतरनाक रसायनों को साफ कर देती है लेकिन काली बारिश के संपर्क में आने वाले लोगों को अल्पकालिक और दीर्घकालिक स्वास्थ्य जोखिमों से बचने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। यह तब होता है, जब राख और जहरीले रसायन वायुमंडल में पानी की बूंदों के साथ मिलकर बारिश के दौरान वापस पृथ्वी पर गिरते हैं। तेल रिफाइनरियों या तेल क्षेत्रों में आग लगने के बाद यह आम बात है।

## ऑफ बीट

### ब्रह्माण्ड स्वयं को क्यों खंडित कर रहा है?

ब्रह्मांड किससे बना है? यह प्रश्न सैकड़ों वर्षों से खगोलविदों को उद्वेलित करता रहा है। पिछली एक चौथाई सदी से, वैज्ञानिकों का मानना है कि परमाणु



और अणु जैसी 'सामान्य' चीजें जो आपको, मुझे, पृथ्वी और लगभग हर चीज को बनाती हैं जिसे हम देख सकते हैं, ब्रह्मांड का केवल 5 प्रतिशत हिस्सा है। अन्य 25 प्रतिशत 'डार्क मैटर' है, एक अज्ञात पदार्थ जिसे हम देख नहीं सकते हैं लेकिन हम यह पता लगा सकते हैं कि यह गुरुत्वाकर्षण के माध्यम से सामान्य पदार्थ को कैसे प्रभावित करता है। ब्रह्मांड का शेष 70 प्रतिशत भाग 'डार्क एनर्जी' से बना है। 1998 में खोजा गया, यह ऊर्जा का एक अज्ञात रूप है जिसके बारे में माना जाता है कि यह ब्रह्मांड का लगातार बढ़ती दर से विस्तार कर रहा है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में जल्द ही प्रकाशित होने वाले एक नए अध्ययन में, हमने डार्क एनर्जी के गुणों को पहले से कहीं अधिक विस्तार से मापा है। हमारे नतीजे दिखाते हैं कि यह एक काल्पनिक वैक्यूम ऊर्जा हो सकती है जिसके बारे में सबसे पहले आइंस्टीन ने प्रस्तावित किया था - या यह कुछ अजीब और अधिक जटिल हो सकता है जो समय के साथ बदलता रहता है। एक सदी पहले जब आइंस्टीन ने सापेक्षता का सामान्य सिद्धांत विकसित किया।

## X ट्रेंड

### जनता देगी जवाब



टीएमसी वालों को यह याद रखना होगा कि उन्होंने केवल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जी का अपमान नहीं किया है, बल्कि देश के आदिवासी समाज के साथ-साथ करोड़ों महिलाओं के सम्मान को भी ठेस पहुंचाई है। पश्चिम बंगाल की जनता-जनार्दन इसका भरपूर जवाब देगी।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### कांशीराम को मिले भारत रत्न



सरकार से सामाजिक न्याय के महान योद्धा और बहुजन चेतना के मार्गदर्शक कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग करता हूं। यह सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान कांशीराम के साथ उस पूरे आंदोलन को श्रद्धांजलि होगी जिसने करोड़ों बहुजनों को हक़ और आत्मसम्मान की राह दिखाई।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### ब्याज-मुक्त ऋण



युवा शक्ति ही सशक्त राजस्थान की असली पहचान है। उनके सपनों को नई उड़ान देने के लिए हमारी सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। युवाओं को स्वरोजगार के लिए ब्याज-मुक्त ऋण दिया जा रहा है।

**- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

### डबल इंजन सरकार



कुछ साल पहले किसने सोचा होगा कि असम के हर जिले में ब्रह्मपुत्र नदी पर पुल होगा, हर जिले में मेडिकल कॉलेज और एम्स होंगे, एक पानी के नीचे सुरंग होगी और भी बहुत कुछ। डबल इंजन सरकार ने इन सभी को हकीकत बना दिया है।

**-हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



असम में राहुल पर बरसे शाह, देश दुनिया में भारत की छवि को दाग लगा रहे


# संसद के दरवाजे पर पी रहे चाय, पकौड़े और बाहर कर रहे देश में एलपीजी की कमी का प्रदर्शन, कांग्रेस ने केवल गबन किया

## गुवाहाटी में नवनिर्मित प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन किया

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी गरमाहट है। सियासत के बीच 2 दिनी असम दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुवाहाटी में नवनिर्मित प्राग्ज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन किया।उन्होंने राज्य में कई नई परियोजनाओं की शुरुआत भी की। शाह ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर कहा कि कभी-कभी संसद के दरवाजे पर बैठकर चाय और पकौड़े खाते हैं और विरोध प्रदर्शन करते हैं।

कई नई परियोजनाओं की शुरुआत भी की



कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री शाह और सीएम हिमंत सरमा

### लोकतांत्रिक परंपरा का उल्लंघन का आरोप जड़ा

उन्होंने कहा कि विपक्ष को सरकार का विरोध करने और प्रदर्शन करने का पूरा अधिकार है, लेकिन संसद के अंदर चर्चा करने के बजाय इस तरह का तरीका अपनाना सही नहीं है। शाह ने यह भी कहा कि संसद में बहस से बचना और बाहर इस तरह की गतिविधियां करना लोकतांत्रिक परंपरा के खिलाफ है। इससे वे कदम देश की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं।

**कांग्रेस ने घुसपैठ को सामान्य बना दिया**

शाह ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि भाजपा फिर से असम में सबसे बड़ी जनादेश के साथ सरकार बनाएगी। शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम के युवाओं के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन उसके नेता और उनके परिवार फायदे में रहे। कांग्रेस के शासन में असम हिंसा के लिए जाना जाता था और कई युवा मारे गए। यहां पर घुसपैठ सामान्य बात रही।

### गोलाघाट-तिनसुकिया में कैंसर केंद्रों का भी उद्घाटन किया

शाह ने गोलाघाट और तिनसुकिया में बने कैंसर केंद्रों का भी उद्घाटन किया। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से दिफू, जोरहाट और बरपेटा मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में बनने वाले सुपर-स्पेशियलिटी अस्पतालों की आधारशिला रखी।

### कांग्रेस ने 150 करोड़ का गबन किया

शाह ने कहा कि कांग्रेस ने राज्य में अपने 15 साल के कार्यकाल के दौरान असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल लगभग 150 करोड़ रुपए का गबन किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार ने सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को बुरी तरह से कमजोर कर दिया है।उन्होंने कांग्रेस शासन के दौरान हुए कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार को जिम्मेदार ठहराया।

### पूरे असम में 17 कैंसर अस्पताल बनाने की योजना: सीएम सरमा

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने यह भी बताया कि इस योजना के तहत अब तक 12 कैंसर अस्पताल बन चुके हैं और लोगों को बेहतर इलाज मिल रहा है। आज सरकारी क्षेत्र में कैंसर अस्पतालों का इतना बड़ा नेटवर्क शायद ही किसी दूसरे राज्य में हो। सरमा ने बताया कि असम में कैंसर इलाज के लिए बड़ा नेटवर्क तैयार किया जा रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### सीआरपीएफ जवानों ने किया नक्सल स्मारक को ध्वस्त

**कोंटा।** सीआरपीएफ की 219वीं बटालियन क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के तहत एरिया डोमिनेशन



एवं सर्च ऑपरेशन चला रही है। स्मारक को ध्वस्त कर दिया है । शनिवार को कोंटा विकास खंड के मैलासूर एवं दंतेशपुरम गांव के जंगल क्षेत्र में 219वीं बटालियन तथा ई 50वीं बटालियन के संयुक्त नेतृत्व में दंतेशपुरम में 3 नक्सल स्मारकों को ध्वस्त किया गया।

### मशहूर एक्ट्रेस मधु मल्होत्रा का निधन

**मुंबई।** 70-80 के दशक की जानी-मानी अभिनेत्री मधु मल्होत्रा का निधन हो गया है। बताया जा रहा है



कि उन्होंने 72 साल की उम्र में मुंबई में 13 मार्च को आखिरी सांस ली। उनके निधन की खबर से बॉलीवुड में शोक की लहर है और कई लोग उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। मल्होत्रा ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया और दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई।

### बैंक फ्रॉड में दो और कर्मचारी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** एसीबी ने हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के फाइनेंस एंड अकाउंट्स विभाग के



कंट्रोलर रणधीर सिंह और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के फाइनेंस एंड अकाउंट्स के कंट्रोलर को गिरफ्तार किया है।इन दोनों की मुख्य आरोपितों संग धोखाधड़ी को अंजाम देने में सक्रिय भूमिका सामने आई थी। ज्वेलर राजन कटोदिया भी अरेस्ट है।

### चेन्नई में धमाके के साथ फटा सिलेंडर, 2 की मौत

**चेन्नई।** राजधानी चेन्नई के नवल्लूर इलाके में एक सिलेंडर में धमाके का मामला सामने आ रहा



है। यहां सिलेंडर में धमाका होने से दो बच्चों की मौत हो गई है, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए हैं। धमाका इतना तेज था कि यहां तीन मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। लोग आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को इसकी सूचना दी।

### कानपुर के परफ्यूम कारोबारी के घर रेड

**कानपुर।** कानपुर के बड़े परफ्यूम कारोबारी के घर इनकम टैक्स की बड़ी छापेमारी ने सबके कान खड़े



कर दिए हैं। करीब 62 घंटे तक इनकम टैक्स ने कारोबारी के घर ही डेरा डाले रखा। टीम ने एक्सप्रेस रोड स्थित आफिस समेत शहर के अन्य कई स्थानों पर पूरे दिन जांच की और बड़ी संख्या में कर चोर पकड़ी है। 12 स्थानों पर विभाग ने सर्वे किया।

---

## तमिलनाडु में डि-लिमिटेशन और बंगाल में छाया रहेगा घुसपैठ का मुद्दा

# असम-पडुचेरी के प्रति भाजपा आश्वस्त तो बंगाल और तमिलनाडु में रोचक मुकाबले के आसार बने



5 राज्यों में चुनावों की घोषणा के बाद राजनीतिक दलों ने अपने- अपने दावे शुरू कर दिए हैं। इसके साथ ही पार्टियां जोड़ तोड़ की राजनीति भी कर रहीं

### 5 राज्यों में विधानसभा चुनावों के लिए पार्टियों ने कसी कमर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

5 राज्यों में चुनावों की घोषणा के बाद राजनीतिक दलों ने अपने- अपने दावे शुरू कर दिए हैं। हालांकि इतिहास पर गौर करे तो बंगाल में भाजपा ने आज तक कभी सरकार नहीं बनाई है। तमिलनाडु में भी कभी भाजपा सरकार में नहीं रही। केरल में ज़ीरो है। असम में भाजपा हैट्रिक मार सकती है। कांग्रेस असम हारी तो कांग्रेस की हार की हैट्रिक लगेगी। पुड्डुचेरी में एनडीए की सरकार है। असम के बारे में भाजपा को कोई संदेह ही नहीं है। हिमंता विश्व सरमा असम की नब्ज़ को अच्छी तरह समझ रहे हैं और उसी के मुताबिक अपने पत्ते फेंक रहे हैं। बंगाल में घुसपैठ और केंद्रीय विभागों का अपमान और आदेश की अवहेलना का मुद्दा हावी रहेगा। इसी तरह तमिलनाडु में हिंदीभाषियों के खिलाफ सरकार की सोच और कार्यवाही का भी मुद्दा उठेगा। बिहारियों के प्रति घृणा भी सरकार की सोच का एक कारण बन सकता है।

**पार्टियों के अपने-अपने दावे**

आरोप-और प्रत्यारोपों का दौरा शुरू

### तमिलनाडु में होगा रोचक मुकाबला



तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने राज्य में डिलिमिटेशन को एक बड़ा मुद्दा बनाया है और केंद्र सरकार पर आरोप लगाया है कि वो दक्षिण भारतीय राज्यों की राजनीतिक ताक़त को कम करने की कोशिश कर रही है। इस बार के चुनाव में तमिलनाडु का मुक़ाबला भी काफ़ी रोचक हो सकता है। यहां भाजपा का प्रदर्शन दक्षिण भारतीय राज्यों में उसकी नई तस्वीर पेश कर सकती है। द्रमुक के नेता वर्तमान मुख्यमंत्री और करूणानिधि के पुत्र एमके स्टालिन हैं जिनको पूर्व जयललिता की पार्टी अन्ना द्रमुक के बड़े नेता पलानीस्वामी टक्कर दे रहे हैं।

### केरल में माकपा की सीटों में गिरावट एलडीएफ और यूडीएफ भी भिड़े



केरल में 23 मई को विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है। पिछले चुनाव में माकपा के नेतृत्व में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) की सरकार बनी थी। पिनरई विजयन मुख्यमंत्री बने थे। दूसरी तरफ यूडीएफ को बाकी बची 41 सीटों पर जीत मिली। यह पिछले चुनाव के मुकाबले छह सीटों की गिरावट थी। इसके अलावा एनडीए अपनी एकमात्र सीट भी इस चुनाव में हार गई और उसके वोट शेयर में भी गिरावट आई।

#### केरल में एंटी इम्कबैंसी और कांग्रेस में फूट दिख रही

भाजपा को उम्मीद केरल से भी है, जहां पहली बार भाजपा का सांसद जीता है और राजधानी तिरुवनंतपुरम में भाजपाका मेयर बना है। केरल में विजयन के साथ 10 साल की एंटी इम्कबैंसी है और कांग्रेस के घर में फूट दिख रही है। ऐलान-ए-जंग के साथ ही पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी है।

### बंगाल में घुसपैठ और और 'अपमान' का मुद्दा रहेगा भारी

बंगाल में इस बार हो रहे विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ा सियासी मुक़ाबला इसी राज्य में माना जा रहा है। हुमायूं कबीर ने अपनी नई पार्टी बना ली है और उन्होंने कुछ इलाक़ों में एक नया सियासी समीकरण बनाने की कोशिश की है। यहां पर घुसपैठ का मुद्दा हावी रहेगा। इसके साथ ही ममता सरकार के प्रदर्शन और केंद्र के साथ राष्ट्रपति का अपमान का मुद्दा भी छाया रहेगा।

### *आयोग को मिला पात्र मतदाता रखने का संवैधानिक दायित्व*



*ईसी से पूछे गए चुनावी हिंसा और एसआईआर पर सवाल, दिए जवाब*

चुनावी तारीखों के एलान के बाद चुनाव आयोग से कई सवाल पूछ गए। जिसमें एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर लगे आरोप, आचार संहिता से ठीक पहले हुई घोषणाओं के साथ-साथ चुनावी हिंसा के सवाल पर सीईसी ने जवाब दिए हैं। एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर लगे आरोपों पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव आयोग को यह संवैधानिक दायित्व देता है कि वह सिर्फ पात्र लोगों को ही मतदाता सूची में रखे। चुनाव आयोग यह जिम्मेदारी एसआईआर के जरिए निभाता आया है। जहां तक राजनीतिक व्यक्तियों या राजनीतिक दलों की ओर से दिए गए राजनीतिक बयानों की बात है, आयोग इस बारे में कुछ नहीं कहना चाहता।

#### आचार संहिता से पहले की जा सकती है घोषणा

उन्होंने कहा कि जहां तक कुछ राज्यों द्वारा आचार संहिता के लागू होने के ठीक पहले घोषणाएं करने की बात है, लोकतांत्रिक व्यवस्था में केंद्र और राज्य सरकारें आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले कोई भी नीति या निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं।

#### राजनीतिक हिंसा और चुनाव को प्रभावित करने वाले कदम बर्दाश्त नहीं

उन्होंने कहा कि राजनीतिक हिंसा और चुनाव को प्रभावित करने वाले किसी भी कदम को चुनाव आयोग बर्दाश्त नहीं करेगा और ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी।

---

यूपीपीएससी ने छग के सीएस को भेजा पत्र

## डीजीपी की नियुक्ति की अधिसूचना मांगी पूर्णकालिक पोस्टिंग में देरी पर मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पूर्णकालिक डीजीपी की नियुक्ति के मामले को लेकर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। इस संबंध में राज्य सरकार के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि वह डीजीपी के पद पर नियुक्ति के संबंध में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जारी की गई नियुक्ति अधिसूचना की एक प्रति भेजे या एक जवाब प्रस्तुत करे, जिसमें देरी का कारण, या सर्वोच्च न्यायालय के जून 2018 के उपरोक्त आदेश का पालन न करने का कारण स्पष्ट किया गया हो। इस आदेश में अन्य बातों के साथ-साथ, राज्य सरकार को यह निर्देश दिया गया था कि वह संघ लोक सेवा आयोग द्वारा तैयार किए गए पैनल में से किसी एक व्यक्ति को नियुक्त करे। नियुक्ति की वर्तमान स्थिति भारत के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जानी है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ को भी संबोधित किया गया है। यूपीएससी द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है, छत्तीसगढ़ में डीजीपी (पुलिस बल के प्रमुख) के पद पर नियुक्ति के संबंध में 13 मई 2025 को आयोजित पैनल चयन समिति की बैठक में डीजीपी के पद पर नियुक्ति के लिए पैनल तैयार करने के बाद, आयोग ने ईसीएम की कार्यवाही मिनिट्स की एक प्रति छत्तीसगढ़ सरकार को इस अनुरोध के साथ भेजी थी कि वे डीजीपी की नियुक्ति संबंधी अधिसूचना की एक प्रति भेजें।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया ये आदेश

पत्र में कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने 2018 के निर्णय में, जो गृह मंत्रालय द्वारा प्रकाश सिंह और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य में दायर एक आईए के संबंध में दिया गया था, अन्य बातों के साथ स्पष्ट रूप से यह निर्देश दिया था कि राज्य सरकार संघ लोक सेवा आयोग द्वारा तैयार किए गए पैनल में से किसी एक व्यक्ति को तत्काल नियुक्त करे। कोर्ट के हवाले से कहा गया है कि यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि यूपीएससी उन अधिकारियों की पात्रता निर्धारित करेगा, जो वर्तमान में विचार क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं और उसके मुताबिक, पैनल चयन के प्रयोजनार्थ उनकी आपसी योग्यता निर्धारित करेगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रकाश सिंह के मामले में दिए गए निर्देशों का कोई उल्लंघन न हो। यूपीएससी राज्य सरकारों को यह कहे कि जबऐसा अवसर आए, वे अपने पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति के लिए समय पर प्रस्ताव भेजें।

---

मंत्री जितेंद्र ने जम्मू-कश्मीर को दी सौगात

## 600 करोड़ की फार्मा उत्पादन इकाई का किया शिलान्यास

एजेंसी ▶▶ कठुआ



केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में कठुआ जिले के गदाधर गांव में एक बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनी की फार्मास्यूटिकल उत्पादन इकाई का शिलान्यास किया। ऑर्किड फार्मा की 600-700 करोड़ रुपए की यह परियोजना भारत सरकार के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की जैवप्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद् के सहयोग से स्थापित की जा रही है। डॉ. जितेंद्र ने कहा कि भारत सरकार की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लगभग 600 करोड़ रुपए का यह निवेश जम्मू कश्मीर क्षेत्र की औद्योगिक और नवोन्मेषी क्षमता में बढ़ते विश्वास को प्रतिबिंबित करता है। इस इकाई से लगभग 400 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। इससे आपूर्ति, माल ढुलाई और अन्य संबंधित क्षेत्रों में इतने ही रोजगार के परोक्ष अवसर भी पैदा होंगे।

हादसों का जोखिम बढ़ता जा रहा


## खड़े ट्रक में जा घुसी मोटरसाइकिल 3 युवकों की घटनास्थल पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा



बिलासपुर से सिमगा की ओर आ रही मोटरसाइकिल एक ढाबे के पास सड़क पर खड़ी ट्रक के भीतर जा घुसी, जिससे मोटरसाइकिल सवार 3 युवकों की मौत हो गई। तीनों युवक होण्डा साईन मोटर साइकिल क्रमांक सी जी 22 ए जे 2901 में सवार थे। जो रविवार शाम करीब साढ़े 7 बजे गजराज ढाबा के पास बिगड़ी हुई स्थिति में खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 07 जी एच 3103 से जा टकराए। तीनों युवकों के सिर पर गंभीर चोट लगने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ट्रक बिना किसी संकेत के अंधेरे में खड़ा था। मोटर साइकिल क्रमांक के पंजीकरण नंबर से पता चला है कि मृतक बेमेतरा जिला के ग्राम किरितपुर के रहने वाले हैं। बता दें कि रायपुर बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर होटल ढाबों में सड़क किनारे ट्रकों के खड़े रहने से आए दिन हादसे होते रहते हैं।

## शिमला में बारिश



शिमला : रविवार को शिमला में बारिश के बाद लोग रिज के आसपास घूमते नजर आए।

---

आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक

# पंजाब चुनाव से पहले सिख संगत दल को मजबूत करेगा संघ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक का मुख्य एजेंडा सांगठनिक ढांचे में बदलाव और शताब्दी वर्ष के आगामी कार्यक्रम तय करना तो है ही, साथ ही आने वाले विधान सभा चुनावों पर चर्चा भी है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन के साथ संघ प्रमुख मोहन भागवत की लंबी बातचीत हुई है। नबीन एक दिन पहले ही पहुंच गए थे। बताया जा रहा पंजाब चुनाव के मद्देनजर सिख संगत दल को और मजबूत करने पर भी बात हुई है। राष्ट्रीय सिख संगत दल संघ से संबद्ध है। पंजाब चुनाव से पहले संगठन की गतिविधियां तेज की जाएंगी। संघ इसके माध्यम से घर-घर संपर्क करेगा।

### राज्यों के चुनाव के लिए भी रणनीति तैयार, गतिविधियां की तेज

#### नशा के खिलाफ जनजागरण अभियान चलेगा




पंजाब में नशे के खिलाफ व्यापक स्तर पर जनजागरण अभियान चलाए जाएंगे। इसके साथ विदेश में जाकर बसे पंजाब के लोगों को अपनी मिट्टी और संस्कृति से जोड़ेगा। इसी साल तमिलनाडु और केरल में विधानसभा के चुनाव हैं। इसके बाद 2027 में उत्तर प्रदेश में चुनाव हैं। संघ ने संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती बड़े स्तर पर मनाने की भी तैयारी की है।

**संत रविदास को श्रद्धासुमन अर्पित किए**

सभा की बैठक पानीपत के पट्टीकल्याणा स्थित माधव सृष्टि केंद्र में शनिवार को दूसरे दिन सुबह नौ बजे शुरू हुई। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत व सहकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने बैठक शुरू कराई। दत्तात्रेय होसबोले ने संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास के 650वें प्राकट्य वर्ष पर अपना वक्तव्य दिया।

#### संघ प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में करेगा काम

संघ प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करेगा। इसके लिए सिखों के सातवें गुरु हरराय साहिब के जीवन और प्रकृति संरक्षण को आधार मानकर काम करेगा। विश्व पर्यावरण दिवस पर देशभर में पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर पौधरोपण के कार्य किए जाएंगे। संघ की तीन दिवसीय बैठक के दूसरे दिन शनिवार को इस पर चर्चा की। सुरेश जोशी ने समाज को संदेश दिया।

फार्महाउस में छापेमारी

## ड्रग' लेते पकड़े गए टीडीपी पूर्व विधायक व उनके साथी !

**हैदराबाद।** तेलुगू देशम पार्टी के नेता एवं आंध्र प्रदेश से सांसद पुट्टा महेश कुमार और भारत राष्ट्र समिति के नेता एवं पूर्व विधायक पायलट रोहित रेड्डी सहित 6लोगों को कथित रूप से नशीले पदार्थ का सेवन करने के मामले में हिरासत में लिया गया है। हैदराबाद के पास मोइनाबाद स्थित रोहित रेड्डी के स्वामित्व वाले एक फार्महाउस में नशीले पदार्थों का इस्तेमाल करने की सूचना मिलने पर मादक पदार्थ कानून प्रवर्तन के लिए विशिष्ट कार्य बल ने स्थानीय पुलिस दलों के साथ शनिवार रात वहां छापा मारा। हिरासत में लिए गए लोगों में



से एक व्यक्ति ने पार्टी के दौरान रिवॉल्वर से हवा में कथित तौर पर 3 गोलियां चलाईं। पार्टी में शामिल हुए 11 व्यक्तियों की मौके पर ही जांच की गई और उनमें से रोहित शेट्टी समेत पांच लोगों के मादक पदार्थ का सेवन करने की पुष्टि हुई जबकि सांसद की जांच के परिणाम में इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

# 16 साल के डोमैन ने प्रीमियर लीग में रचा इतिहास, बने सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर

एजेंसी ⏭ लंदन

आर्सेनल के 16 वर्षीय विंगर मैक्स डोमैन इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए। उन्होंने एवर्टन के खिलाफ अपनी टीम की 2-0 की जीत में स्टॉपेज टाइम में गोल किया।

डोमैन ने अपने हाफ के बीच में गेंद को अपने कब्जे में लिया। वह एवर्टन के दो खिलाड़ियों को चकमा देकर आगे बढ़े और फिर गोल दाग दिया। उन्होंने 16 साल और 73 दिन की उम्र में यह गोल करके नया रिकॉर्ड बनाया। प्रीमियर लीग में यह उनका केवल तीसरा मैच था।

### डोमैन ने जेम्स वॉन का रिकॉर्ड तोड़ा

आर्सेनल के कोच मिकेल आर्टेटा ने कहा, ' वह किसी भी अवसर, परिस्थिति या प्रतिद्वंद्वी टीम से विचलित नहीं होता है और अपना स्वाभाविक खेल खेलता है। उसका यह प्रदर्शन अविश्वसनीय था।' डोमैन ने एवर्टन के पूर्व खिलाड़ी जेम्स वॉन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2005 में 16 साल और 270 दिन की उम्र में क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ गोल किया था। डोमैन ने पिछले साल नवंबर में सबसे कम उम्र में चैंपियंस लीग में खेलने का रिकॉर्ड बनाया था। जब उन्होंने स्लाविया प्राग के खिलाफ दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा था तब उनकी उम्र 15 साल और 308 दिन थी। डोमैन अब भी स्कूल में पढ़ रहे हैं।





### आर्सेनल की शीर्ष पर स्थिति मजबूत

आर्सेनल ने इस जीत से अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं। दूसरे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर सिटी के 30 मैच में 61 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। एक अन्य मैच में न्यूकैसल ने चेल्सी को 1-0 से हराया।

### प्रीमियर लीग के सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर

- *1. मैक्स डोमैन: 16 वर्ष, 73 दिन (2026 में आर्सेनल बनाम एवर्टन)।*
- *2. जेम्स वॉन: 16 वर्ष, 270 दिन (2005 में एवर्टन बनाम क्रिस्टल पैलेस)।*
- *3. जेम्स मिलनर: 16 वर्ष, 356 दिन (2002 में लीड्स बनाम सुंदरलैंड) ।*
- *4. वायने रूनी: 16 साल, 360 दिन (2002 में एवर्टन बनाम आर्सेनल) ।*
- *5. रियो न्गुमोहा: 16 वर्ष, 361 दिन (2025 में न्यूकैसल बनाम सेलिवरपूल)।*

## खबर संक्षेप

### थीगाला ने की बढ़त मजबूत, शीर्ष पर वापसी



**फ्लोरिडा।** भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी सहित थीगला ने चार-अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाकर 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर इनामी प्लेयर्स गोल्फ चैंपियनशिप में एक राउंड शेष रहते हुए शीर्ष 10 में वापसी की। थीगाला ने दो बोगी के मुकाबले छह बर्डी लगाईं, जिससे उनका कुल स्कोर सात अंडर पार हो गया है। वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के लुडविग एबर्ग से छह शॉट पीछे हैं। एबर्ग ने एक-अंडर 71 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त को तीन शॉट कर दिया है। उनका कुल स्कोर अब 13-अंडर पार है। थीगाला फिलहाल रॉबर्ट मैकिंटायर, ऑस्टिन स्मॉथरमैन, जैकब ब्रिजमैन और सेप स्ट्राका के साथ संयुक्त 10वें स्थान पर हैं।

### 31 मार्च को भारत और हांगकांग के बीच क्वालीफाइंग मैच



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के क्वालीफायर का अपना अंतिम मैच हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में खेलेगी। भारत पहले ही एएफसी एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। अब उसका लक्ष्य अपने क्वालीफाइंग अभियान का अंत जीत के साथ करना होगा। हांगकांग की टीम भी क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है। क्वालीफायर के संदर्भ में यह मैच भले ही औपचारिकता मात्र हो, लेकिन फीफा रैंकिंग के अंक दांव पर लगे होने के कारण इस मैच का महत्व बना हुआ है। भारत क्वालीफाइंग का अपना तीसरा मैच घरेलू मैदान पर खेलेगा। इससे पहले उसने पिछले साल मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ शिलांग में और अक्टूबर में सिंगापुर के खिलाफ मडगांव में मैच खेला था।

### पावरप्ले में मैच छीन सकते हैं संजू : गंभीर



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की। अभिषेक शर्मा औरर सैमसन ने फाइनल में मिलकर पावरप्ले में 92 रन बनाए और इस तरह से न्यूजीलैंड से मैच छीन लिया। गंभीर ने कहा, 'हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर वह लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है।' गंभीर ने कहा, ' मैंने उसे जिम में यह बात बताई।

## इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट : दानिल ने सीधे सेटों में अल्कारेज को 6-3, 7-6 (3) से हराया

# अल्कारेज की अजेय लय टूटी, मेदवेदेव ने दी साल की पहली हार, फाइनल में एंट्री



एजेंसी ⏭ इंडियन वेल्स

दानिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारेज को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्कारेज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया। फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्कारेज ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्कारेज और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया।

**खिताब के लिए मेदवेदेव का मुकाबला सिनर से**

### मेदवेदेव की 2023 के बाद अल्कारेज पर पहली जीत

मेदवेदेव इससे पहले अल्काराज के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवेदेव की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्कारेज पर पहली जीत है।

### सिनर ने ज़्वेरेव को 1 घंटे 23 मिनट में ही हराया

सिनर ने ज़्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज़्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का ज़्वेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है। इस टूर्नामेंट में मेदवेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेदवेदेव के खिलाफ अपने पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत भी शामिल है। इस बीच महिला युगल के फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा ने अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 7-6 (4), 6-4 से हराया। मिश्रित युगल में बेलिंडा बेनसिच और फ्लेवियो कोबोली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और लॉयड ग्लासपूल को 6-3 2-6, 10-7 से हराया।




### आंद्रेओजी और गुइनार्ड ने जीता डबल्स का खिताब

गुइडो आंद्रेओजी और मैनुअल गुइनार्ड ने इंडियन वेल्स ओपन के डबल्स का खिताब जीत लिया है। रविवार को हुए फाइनल में आंद्रेओजी और गुइनार्ड की जोड़ी ने आर्थर रिंडरकनेच और वैलेंटिन वचेरोट को 7-6(3), 6-3 से हराकर खिताब जीता। यह मैच 1 घंटा 23 मिनट तक चला। कैलिफोर्निया में उनकी खिताबी जीत के सफर में कई बड़ी जीतें शामिल रहीं। इस जोड़ी ने टूर्नामेंट में पहले चौथी सीड क्रिश्चियन हैरिसन और नील स्कूप्स्की को हराया, फिर टॉप सीड मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। गुइनार्ड के लिए, इंडियन वेल्स का टाइटल उनका दूसरा एटीपी मास्टर्स 1000 क्राउन है। इससे पहले, उन्होंने 2025 में रोमेन अर्नेओडो के साथ रोलेक्स मोंटे-कार्लो मास्टर्स में जीत हासिल की थी। आंद्रेओजी ने एटीपी टूर फाइनल्स में अपने मजबूत रिकॉर्ड को पांच में से चार जीत तक बेहतर किया, इससे पहले उन्होंने क्रोएशिया ओपन उमाग (2024), अर्जेंटीना ओपन (2025), और स्वीडिश ओपन (2025) में खिताब जीते थे।

## स्पेनिश फुटबॉल लीग

# रियाल मैड्रिड ने एल्चे को हराया पहुंचा बार्सिलोना के करीब



एजेंसी ⏭ बार्सिलोना

फेडेरिको वाल्वरडे ने तीन मैचों में पांचवां गोल दागकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे रियाल मैड्रिड एल्चे को 4-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग लालिगा में अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना के करीब पहुंच गया है।

उरुग्वे के मिडफील्डर वाल्वरडे ने हाफ टाइम से ठीक पहले दाएं पैर से घुमावदार शॉट लगाकर मैड्रिड की बढ़त को दोगुना किया। वाल्वरडे ने इससे पहले चैंपियंस लीग के अंतिम 16 के पहले चरण के मैच में रियाल मैड्रिड की मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ 3-0 की जीत में हैट्रिक बनाई थी। उससे पहले उन्होंने लालिगा के पिछले दौर में सेल्टा विगो के खिलाफ 2-1 से जीत में भी गोल किया था। इस जीत से रियाल मैड्रिड के 28 मैच में 66 अंक हो गए हैं। बार्सिलोना के 27 मैच में 67 अंक हैं। इस बीच स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे का मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ चैंपियंस लीग के राउंड ऑफ 16 के दूसरे चरण के मैच में खेलना भी संदिग्ध है। उन्होंने घुटने की चोट के कारण 21 फरवरी के बाद कोई मैच नहीं खेला है।

**वाल्वरडे ने घुमावदार शॉट लगाकर मैड्रिड की बढ़त को किया दोगुना**

# दक्षिण अफ्रीका ने 7 विकेट से जीता पहला टी-20, न्यूजीलैंड को 91 रन पर समेटा

एजेंसी ⏭ माउंट मोनगानुई

दक्षिण अफ्रीका ने पदार्पण कर रहे चार खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए रविवार को न्यूजीलैंड को 14.3 ओवर में 91 रन पर समेटने के बाद पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच सात विकेट से जीत लिया।

दक्षिण अफ्रीका ने पदार्पण कर रहे सलामी बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन की 48 गेंद में नाबाद 45 रन की पारी की बदौलत 20 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 93 रन बनाकर जीत दर्ज की। पदार्पण कर रहे डियान फोरेस्टर 16 रन बनाकर नाबाद रहे। एस्टरहुइजेन ने 17वें ओवर में काइल जेमीसन पर छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई।



### न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में गंवाए पांच विकेट

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में ही पांच विकेट गंवा दिए और अंततः टी20 में अपने 10वें सबसे कम स्कोर पर सिमट गई, जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा सबसे कम स्कोर है। गेराल्ड कोएट्जी (14 रन पर दो विकेट) ने न्यूजीलैंड के दोनों सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (01) और टॉम लैथम (07) को पवेलियन भेजा जबकि ओटनील बार्टमैन (22 रन पर दो विकेट) ने टिम रोबिनसन (06) और निक कैली (02) की पारी का अंत किया। बेवन जैकब्स (10) इसके बाद रन आउट हुए, जिससे न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 36 रन हो गया। नकोबानी मोकोएना (26 रन पर तीन विकेट) ने न्यूजीलैंड के निचले क्रम को समेटा। जिमी नीशाम (26) और मिचेल सेंटनर (15) ने सातवें विकेट के लिए 26 रन जोड़े, जो पारी की सबसे बड़ी साझेदारी रही।

# प्रभु ने लगाई 17.05 मीटर की छलांग, जीता सिल्वर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के सेल्वा प्रभु ने अमेरिका के फेयेटविले में चल रही एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद (ट्रिपल जंप) में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता।

विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रभु ने 17.05 मीटर की छलांग लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी कॅरियर में पहली बार 17 मीटर की बाधा को पार किया। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने कन्सास स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से खेलते हुए राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड भी बनाया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के हालांकि राष्ट्रीय रिकॉर्ड को प्रमाणित करने के संबंध में सख्त दिशानिर्देश हैं, जिसके कारण अक्सर नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन




सहित विदेशों में होने वाली प्रतियोगिताओं में किए गए प्रदर्शन को तब तक मान्यता नहीं दी जाती है जब तक कि वे एएफआई की तकनीकी और डोपिंग से जुड़ी जरूरतों को पूरा नहीं करते हैं। एनसीएए अपना डोप परीक्षण कार्यक्रम स्वयं संचालित करता है, लेकिन उसे विश्व डोपिंग विरोधी एजेंसी वाडा से मान्यता प्राप्त नहीं है।

# सरफराज अहमद ने छोड़ा बल्ला सभी प्रारुपों को कहा अलविदा



एजेंसी ⏭ कराची

भारत के खिलाफ आईसीसी के दो प्रमुख टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल करने वाले एकमात्र पाकिस्तानी कप्तान विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया।

सरफराज ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2023 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के रूप में खेला था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बयान में संन्यास लेने की घोषणा की। बोर्ड के सूत्र ने बताया कि सरफराज के संन्यास लेने की औपचारिक घोषणा के बाद अब पीसीबी उन्हें लंबी अवधि के लिए राष्ट्रीय टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर सकता है।

सरफराज ने अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच पिछले साल अक्टूबर ने खेला था। उन्होंने कहा कि वह अपनी अन्य भूमिकाओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ' मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं पाकिस्तान की तीनों प्रारुप में कप्तानी करूंगा तथा 2006 में आईसीसी अंडर-19 विश्व कप और 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतूंगा। ये मेरे लिए अविस्मरणीय क्षण रहे हैं।' सरफराज ने पाकिस्तान की तरफ से 54 टेस्ट, 117 वनडे और 61 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने तीनों प्रारुप में 100 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी भी की है।

## मर्सीडीज के लिए पहले-दूसरे स्थान वाला प्रदर्शन

# चीन ग्रां प्रीः फॉर्मूला वन के दूसरे कम उम्र के विजेता बने एंटोनेली

एजेंसी ⏭ शंघाई

किमी एंटोनेली ने चीन ग्रां प्री में मर्सीडीज के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की, जिससे वह फॉर्मूला वन के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए।

इटली के 19 वर्षीय एंटोनेली पोल पोजिशन से शुरुआत करने वाले सबसे कम उम्र के ड्राइवर थे। रेस की शुरुआत में कुछ समय के लिए फेरारी के लुईस हैमिल्टन ने बढ़त बनाई लेकिन जल्द ही एंटोनेली ने फिर से बढ़त बना ली। इसके बाद पूरी रेस पर उनका ही नियंत्रण रहा। सत्र की शुरुआत में मर्सीडीज के लिए यह एक और पहले-दूसरे स्थान वाला प्रदर्शन रहा।




### रसेल ने किया दूसरा स्थान हासिल

एंटोनेली के साथी जॉर्ज रसेल ने फेरारी ड्राइवरों के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। लुईस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे। फेरारी के लिए यह लंबे समय में पहला ग्रां प्री पोडियम स्थान रहा। कम उम्र में ग्रां प्री जीतने वाले एकमात्र ड्राइवर मैक्स वर्स्टापेन हैं, जिन्होंने 2016 में जब अपनी पहली जीत हासिल की थी तब उनकी उम्र 18 साल थी।

### बहरीन और सऊदी अरब में होने वाली फॉर्मूला वन रेस रद्द



**शंघाई।** फॉर्मूला वन और उसकी संचालन संस्था फिया ने कहा है कि ईरान युद्ध से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं के कारण अप्रैल में बहरीन और सऊदी अरब में होने वाली ग्रां प्री रेस नहीं होंगी। अमेरिका और इजराइल द्वारा हमले शुरू करने के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इन दोनों देशों पर हमले किए हैं। यह घोषणा रविवार सुबह शंघाई में चीन ग्रां प्री से पहले की गई। एफवन ने कहा, 'पश्चिम एशिया क्षेत्र में चल रही स्थिति के कारण बहरीन और सऊदी अरब ग्रां प्री अप्रैल में नहीं होंगी।' उन्होंने कहा, ''हालांकि कई विकल्पों पर विचार किया गया लेकिन अंततः यह तय किया गया कि अप्रैल में होने वाले रेस के स्थान में बदलाव नहीं होगा।' एफवन रेस 12 अप्रैल को बहरीन में और 19 अप्रैल को सऊदी अरब के शहर जेद्दा में होनी थी। एफवन के अध्यक्ष और सीईओ स्टेफानो डोमेनिकाली ने कहा, 'हालांकि यह एक मुश्किल फ़ैसला था लेकिन दुर्भाग्य से पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस समय यह सही फैसला है।' फिया ने कहा कि ये दोनों रेस 'अप्रैल में नहीं होंगी' और इनकी जगह कोई दूसरी रेस आयोजित नहीं की जाएगी।फिया के अध्यक्ष मोहम्मद बेन सुलेयम ने कहा, 'फिया हमेशा हमारे समुदाय और सहकर्मियों की सुरक्षा और भलाई को सबसे पहले रखेगी।

# विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप : भारत ने जीते 5 पदक, चंद्रिका को स्वर्ण

**बैंकॉक।** भारत ने विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में अपना अभियान पांच पदक के साथ खत्म किया, जिसमें एक स्वर्ण पदक भी शामिल है। युवा ओलंपिक वजन वर्ग में मुकाबला करते हुए भारत की अंडर-19 पुरुष और महिला टीमों ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया। इस अभियान की अगुवाई चंद्रिका पुजारी ने की, जिन्होंने महिलाओं के 51 किग्रा फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान की मार्दोनोवा नाजोकत को सर्वसम्मत फैसले से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन भारतीय मुक्केबाजों ने अपने वजन वर्ग के फाइनल में पहुंचने के बाद रजत पदक जीते। गुंजन (48 किग्रा) इंग्लैंड की अपनी प्रतिद्वंद्वी से 5-0 के फैसले से हार गईं जबकि जॉयश्री देवी (54 किग्रा) कड़े मुकाबले के बाद अमेरिका की एक मुक्केबाज से 1-4 से पराजित हो गईं। पुरुषों के 50 किग्रा वजन वर्ग में एल अंबेकर मीतेई को फाइनल में यूक्रेन के मुक्केबाज से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

# खासियतों से भरे होर्मुज द्वीप हैं स्वर्ग का टुकड़ा और रेनबो आइलैंड, यहां की मिट्टी खाते हैं लोग

### नमक के और रंग भरे पहाड़ बढ़ाते हैं खूबसूरती

एजेंसी ▶▶ तेहरान

अमेरिका इजराइल और ईरान की जंग के चलते चर्चा में आए होर्मुज स्वर्ग का टुकड़ा और रेनबो आइलैंड भी कहा जाता है। इसकी खूबसूरती और खासियतों के कारण ही इसे अलग अलग नाम दिए गए है। यहां की लाल मिट्टी, जिसे स्थानीय रूप से गेलक कहा जाता है, न केवल पेंट और कला के काम आती है, बल्कि इसका उपयोग मसाले के रूप में भी किया जाता है। स्थानीय लोग इसे तौमाशी नामक चटनी या सॉस बनाने और ब्रेड में स्वाद जोड़ने के लिए इस्तेमाल करते हैं। यहां की चट्टानों और मिट्टी में 70 से अधिक विभिन्न रंगों के शेड्स मिलते हैं, जिनमें पीला, सफेद, नीला और नारंगी शामिल हैं। यह सब खनिजों और ज्वालामुखी राख के मिश्रण का परिणाम है। होर्मुज में परिवहन के लिए निजी कारें लगभग न के बराबर हैं। पर्यटक और स्थानीय लोग घूमने के लिए रंगीन टुक-टुक (ऑटो रिक्शा), मोटरबाइक या साइकिल का उपयोग करते हैं। द्वीप पर एक विशाल नमक का गुंबद है। यहां साल्ट गॉडेस नामक एक गुफा है जिसकी दीवारें और छत पूरी तरह से चमकते हुए नमक के क्रिस्टल से बनी हैं।



**डिज्नीलैंड की तरह दिखता**

दक्षिणी ईरान में बसे होर्मुज द्वीप जिसे रैनबो आईलैंड भी कहा जाता है। गेरू रंग की जलधाराओं, लाल रंग के समुद्र तटों और मनमोहक नमक की गुफाओं वाला यह द्वीप एक डिज्नीलैंड की तरह दिखता है।

### आंसुओं की बूंद का आकार



रूबी–लाल पहाड़ वाला यह आइलैंड आंसुओं के बूंद के आकार का यह आइलैंड नमक का गुंबद है, जो शेल, मिट्टी और लौह युक्त ज्वालामुखीय चट्टानों की परतों से बना है। दूर से यह लाल, पीले और नारंगी रंग में चमकता नजर आता है।

### बेहद खास है मजारा



मजारा (जिसका फारसी में अर्थ साहसिक कार्य है) एक समुद्रतटीय आवास परिसर है। इसकी विशिष्ट गुंबदनुमा संरचनाएं चमकीले रंगों में रंगी हुई हैं, जो गांव का आभास कराती हैं और द्वीप के समृद्ध और प्राकृतिक रंगों के साथ पूरी तरह से मेल खाती हैं।

### सांस्कृतिक प्रतीक और पहचान



ईरान के कलाकार हर साल नॉरूज (ईरानी नव वर्ष) और पर्सियन गल्फ डे जैसे विशेष अवसरों पर द्वीप के तट पर इन कालीनों को बनाते हैं। ये कारपेट स्थानीय लोककथाओं, कहानियों, महिलाओं के कपड़ों के पैटर्न और समुद्री जीवों (जैसे कछुए) को दर्शाते हैं।

## खबर संक्षेप

### 25 साल का हो गया विकिपीडियाः ज्ञान भंडार

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े ऑनलाइन एनसाइक्लोपीडिया, विकिपीडिया ने 25 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर इसे चलाने वाली संस्था विकिमीडिया फाउंडेशन ने खास अभियान शुरू किया है, जिसमें विकिपीडिया की 25 साल का सफर और इसे बनाने वाले लाखों वॉलंटियर्स के योगदान को याद किया जा रहा है। विकिपीडिया से पहले जिमी वेल्स और लैरी सेंगर ने न्यूपीडिया नाम का एक प्रोजेक्ट शुरू किया था। इसमें केवल एक्सपर्ट्स ही लेख लिख सकते थे और रिव्यू प्रक्रिया इतनी जटिल थी कि एक साल में केवल 12 लेख ही तैयार हो पाए।

### 11 हार्डकोर माओवादियों ने किया सरेंडर



**संबलपुर।** ओडिशा में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ जारी अभियान को, बड़ी कामयाबी मिली, जब डिवीजनल कमेटी मेंबर नकुल समेत 11 हार्डकोर माओवादियों ने कालाहांडी जिला में पुलिस और सुरक्षा बलों के सामने अपने हथियार डाल दिए। एक विशेष कार्यक्रम में डीजीपी योगेश बहादुर खुरानिया, एडीजी संजीव पंडा, दक्षिण- पश्चिमांचल आईजी डॉ. कंवर विशाल सिंह, स्पेशल इंटलीजेंस विंग के डीआईजी अखिलेश्वर सिंह, कालाहांडी जिला एसपी नागराज देवरकोंडा और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में इन माओवादियों ने मुख्यधारा में लौटने का संकल्प लिया।

## अफवाहों और हकीकत के बीच छिड़ी जंग

खबरें हैं खबरों का क्या...

# नेतन्याहू की मौत की खबर तो कहीं मोजतबा की रूस भाग जाने की बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल,अमेरिका और ईरान के बीच चल रही जंग अब अफवाहों की जंग में बदलती नजर आ रही है। हवा हवाई खबरों और हकीकत के बीच चल रहे इस संग्राम में सच क्या है इसका कहीं कोई अता-पता नहीं है। हाल ही में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मौत को लेकर सोशल मीडिया पर तेजी से फैली। अफवाहों के बीच ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने एक बार फिर सख्त धमकी दी है। आईआरजीसी ने कहा है- अगर अपराधी नेतन्याहू अभी भी जिंदा हैं, तो वह उनका पीछा और हत्या जारी रहेगी। हालांकि इन अफवाहों को इजराइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने पूरी तरह खारिज कर दिया है।

तुर्की स्थित अनादोलु एजेंसी के सवाल पर प्रधानमंत्री कार्यालय ने साफ किया कि ये फेक न्यूज हैं और प्रधानमंत्री पूरी तरह ठीक हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर अफवाहें फैलीं, जिसमें नेतन्याहू के हाथ में अतिरिक्त उंगली दिखाई देने का दावा किया गया। यूजर्स ने इसे एआई जनरेटेड या डीपफेक बताया। हालांकि यह वीडियो 13 मार्च को नेतन्याहू के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया गया था। इसमें उन्होंने कहा था कि इजराइल ईरान और हिजबुल्लाह को कुचल रहा है और क्षेत्रीय संघर्ष तेज हो रहा है। यह वीडियो ही नेतन्याहू के जिंदा होने का सबसे ताजा सबूत है। इसके अलावा इजराली पीएम नेतन्याहू के बेटे बेटे यायर नेतन्याह के बारे में भी अफवाहें उड़ी की वो लापता हो गए है। इसको लेकर भी सफाई दी गई है।

### ईरानी सुप्रीम मॉस्को में पहुंचे वहां करा रहे इलाज

### नेतन्याहू के बेटे की लापता होने की उड़ी खबर वायरल हुई

प्रधानमंत्री कार्यालय ने साफ किया कि ये फेक न्यूज है



### दुबई और अबू धाबी की कई उड़ानें रद्द

*पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण भारतीय विमानन कंपनियों ने बड़ा फैसला लिया है। एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट और इंडिगो ने रविवार को दुबई और अबू धाबी जाने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी हैं। यह फैसला ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष और हवाई क्षेत्र पर लगी पाबंदियों की वजह से लिया गया है। एयर इंडिया समूह ने बताया कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एयरपोर्ट अधिकारियों ने नए निर्देश जारी किए हैं।*

## वायरलः खामेनेई को उठा ले गया रूस



इसी बीच एक और खबर चली चली ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई को रूस उठा ले गया। वहां उनका इलाज चल रहा है और एक पैर भी उन्होंने खो दिया है। इजराइली हमले में उनके गंभीर रूप से घायल होने की खबर आई थी लेकिन पुष्टि नहीं हुई थी। जिस मोजतबा खामनेई पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इनाम रखे बैठे हैं, वो इस वक्त रूस में है। कतर के एक अरेबिक अखबार अल जरीदा रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा को स्वास्थ्य और सुरक्षा कारणों से एक बेहद गुप्त अभियान में रूस ले जाया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्हें रूसी सैन्य विमान से मॉस्को पहुंचाया गया, जहां उनका ऑपरेशन किया गया और फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ये काम गुरुवार को ही हो गया था और मोजतबा खामेनेई को क्रेमलिन में रखा गया है। बमबारी और हवाई हमलों के बीच रूसी मिलिट्री प्लेन उन्हें ले गए और सुरक्षित मॉस्को पहुंचा दिया। रूस का ये कदम सीधे-सीधे इस युद्ध में उसे पार्टी बनाने वाला है।


### लॉस एंजिल्स पर ईरानी ड्रोन हमले की आशंका

मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका में आयोजित होने जा रहे ऑस्कर समारोह को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार संभावित खतरे की चेतावनी के बाद आयोजकों ने अतिरिक्त एहतियाती कदम उठाए हैं। अंतरराष्ट्रीय मनोरंजन पत्रिका 'वैराइटी' की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी जांच एजेंसी 'फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन' (एफबीआई) के एक कथित मेमो में लॉस एंजिलिस प्रशासन को चेतावनी दी गई कि ईरान की ओर से ड्रोन के जरिए कैलिफोर्निया में किसी लक्ष्य पर अचानक हमला किए जाने की आशंका हो सकती है। हालांकि संभावित लक्ष्यों का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है।

## ईरानी विदेश मंत्री अराघची का बड़ा ऐलान

# स्ट्रेट ऑफ होर्मुज सबके लिए खुला यूएस-इजराइल व दोस्तों के लिए बंद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से पूरी दुनिया में तेल संकट पैदा हो गया है। ईरान की दक्षिणी समुद्री सीमा के पास इस संकरे इलाके से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस पास होता है।

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर ईरान की ओर से बड़ा ऐलान किया गया है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बार अराघची ने कहा कि अमेरिका द्वारा ईरान के खार्ग आइलैंड तेल केंद्र पर किए गए हवाई हमलों के बावजूद होर्मुज सभी देशों के लिए खुला है। हालांकि, यह सिर्फ उन टैंकरों और जहाजों के लिए बंद है जो हमारे दुश्मनों अमेरिका और इजराइल या उनके सहयोगियों से जुड़े हैं। बाकी सभी जहाज यहां से गुजर सकते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि सुरक्षा चिंताओं के कारण कई जहाज इस रास्ते से गुजरने से बच रहे हैं, लेकिन इसका ईरान से कोई संबंध नहीं है। गौर हो कि 28 फरवरी को जब अमेरिका-इज़राइल और ईरान के बीच युद्ध छिड़ा, तब 25,000 टन से अधिक क्षमता वाले लगभग 240 बल्क कैरियर होर्मुज़ जलडमरूमध्य के भीतर ही फंस गए थे। 14 मार्च तक इनमें से केवल 36 कैरियर ही अब तक बाहर आ पाए हैं, यानी अब भी 80 प्रतिशत इसी संकरे जलडमरूमध्य में फंसे हुए हैं।




## यूएनएससी के महासचिव गुटेरेस ने उठाए सवाल, बोले-

गुटेरेस ने बताया कि 15 देशों वाली इस परिषद में पांच स्थायी सदस्य हैं

# सुरक्षा परिषद आज भी 1945 के समय में फंसी है, निकलना भी नहीं चाह रही

### वीटो पावर की वजह से परिषद सही समय पर जरूरी फैसले नहीं ले पाती

एजेंसी ▶▶ बेरूत

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद की कार्यप्रणाली की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि हमें यह मानना होगा कि सुरक्षा परिषद के साथ एक बड़ी समस्या है। उनके अनुसार, आज की सुरक्षा परिषद दुनिया के मौजूदा हालात को नहीं दर्शाती। यह आज भी 1945 के समय की दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही है जब इसे बनाया गया था। बेरूत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गुटेरेस ने बताया कि 15 देशों वाली इस परिषद में पांच स्थायी सदस्य हैं। इनमें से तीन देश यूरोप से हैं, एक एशिया से है और एक अमेरिका है। हैरानी की बात यह है कि अफ्रीका और



लैटिन अमेरिका जैसे बड़े क्षेत्रों का कोई भी देश इसका स्थायी सदस्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि एशिया की आबादी और दौलत दुनिया में बहुत ज्यादा है, फिर भी यहां से सिर्फ चीन ही स्थायी सदस्य के तौर पर शामिल है। गुटेरेस ने सुरक्षा परिषद की काम के तरीके पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वीटो पावर की वजह से परिषद सही समय पर जरूरी फैसले नहीं ले पाती। जब भी किसी युद्ध को रोकने की जरूरत होती है, कोई न कोई स्थायी सदस्य वीटो का इस्तेमाल कर देता है। इससे शांति की कोशिशें बीच में ही रुक जाती हैं। गुटेरेस को फिलहाल ऐसी उम्मीद नहीं है कि आने वाले कम समय में इन हालातों में कोई बदलाव होगा। सुरक्षा परिषद के ढांचे की बात करें तो चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के पास वीटो की ताकत है।

### भारत कर रहा स्थायी सदस्यता की मांग

*भारत पिछले कई दशकों से सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग कर रहा है। भारत का कहना है कि 1945 में बनी यह व्यवस्था 21वीं सदी की जमीनी हकीकत और राजनीति से मेल नहीं खाती। भारत ने कई बार जोर दिया है कि वह सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता का पूरा हकदार है। भारत आखिरी बार 2021-22 में अस्थाई सदस्य के तौर पर परिषद का हिस्सा था। सुरक्षा परिषद दुनिया में शांति बनाए रखने में नाकाम साबित हो रही है। यूक्रेन युद्ध, इस्राइल-हमास संघर्ष और ईरान के खिलाफ चल रहे तनाव जैसे बड़े मुद्दों पर परिषद के सदस्य आपस में बुरी तरह बंटे हुए हैं।*

### पश्चिम एशिया में छठी बार रद्द हुई सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पश्चिम एशिया के कुछ देशों में होने वाली कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर एक बार फिर बड़ा फैसला लिया है। बोर्ड ने ईरान-इजराइल-अमेरिका युद्ध के मद्देनजर बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के स्कूलों के लिए निर्धारित परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की है। यह निर्णय संबंधित देशों के स्कूलों और अधिकारियों से मिले सुझावों तथा परिस्थितियों की समीक्षा के बाद लिया गया है। सीबीएसई के अनुसार 16 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 के बीच होने वाली कक्षा 12वीं की सभी बोर्ड परीक्षाएं इन सात देशों में रद्द कर दी गई हैं। यह फैसला उन स्कूलों के लिए लागू होगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109